ईद मुबारक

ईश्वर में हमारा विश्वास

सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय नवीन मेल

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • वैशाख शुक्ल पक्ष 02 • विक्रम संवत 2080 • शनिवार, 22 अप्रैल 2023 • वर्ष-29 • अंक-186 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00


NEWS इन ब्रीफ

### चांद का हुआ दीदार, आज मनाई जाएगी ईद

**नई दिल्ली।** अरब देशों सऊदी अरब, यूएई, कतर समेत खाड़ी देशों में शुक्रवार (21 अप्रैल) को ईद उल फितर यानी मीठी ईद की मिठास घुली रही। भारत में माह-ए-रमजान में आखिरी जुमे को अलविदा की नमाज पढ़ी गई। इसी के साथ इबादत और पाकीजगी वाले रमजान के 29 रोजे पूरे हुए। शाम को लोगों ने बेसब्री से ईद के चांद का इंतजार किया, आखिर शाम को दीदार-ए-चांद हुआ। इसके साथ ही भारत में कल यानी 22 अप्रैल शनिवार को ईद मुबारक के मनाए जाने की तस्वीर भी साफ हो गई। रांची और असम में चांद नजर आया है।

### सीएम ने जवानों की शहादत पर शोक जताया

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जम्मू-कश्मीर के पूंछ सेक्टर में आतंकी हमले में शहीद होने वाले पांच जवानों की शहादत पर शोक जताया है। जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए सोरेन ने कहा कि जवानों की शहादत की खबर अत्यंत पीड़ादायक है। परमात्मा वीर जवानों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुख की विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

### शहीद पाण्डेय गणपत राय को सीएम ने दी श्रद्धांजलि

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने वर्ष 1857 क्रांति के नायक व झारखंड की माटी के वीर सपूत अमर वीर शहीद पाण्डेय गणपत राय के शहादत दिवस पर अपनी श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री ने अमर वीर शहीद को शत-शत नमन करते हुए कहा कि उन्होंने अपने अदम्य साहस, वीरता और नेतृत्व क्षमता से अंग्रेजों की जड़ें हिला दी थीं। उनकी शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

### लोहरदगा में कोरोना ने पकड़ी रफ्तार, छह और मामले मिले

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
सदर अस्पताल समेत विभिन्न प्रखंडों में की गई कोरोना जांच में शुक्रवार को छह नए संक्रमित मरीजों की पहचान की गई। इससे जिले में कुल कोरोना पॉजिटिव मामले बढ़कर 33 हो गए हैं। उपरोक्त मामलों की पुष्टि करते हुए सिविल सर्जन डॉ. संजय कुमार सुबोध ने बताया कि जिले में कोरोना पॉजिटिव मामले बढ़ रहे हैं। लोगों को जागरूक होकर कोरोना गाइडलाइन का अनुपालन करने की जरूरत है। सीएस ने कहा कोरोना को लेकर लोग घबराए नहीं। सदर अस्पताल समेत प्रखंडों के सीएचसी में कोरोना से निबटने के लिए ठोस प्रबंध किया गया है। सदर अस्पताल और चिरी कोविड हॉस्पिटल में पीएसए प्लांट स्थापित कर इसे चालू कर दिया गया है।

## गुमला ने बढ़ाया राज्य का गौरव, मिला पीएम अवार्ड

### सिविल सर्विस डे पर पीएम के हाथों डीसी को मिला एक्सीलेंस अवार्ड



**नवीन मेल संवाददाता। रांची/गुमला**
शुक्रवार का दिन गुमला जिले के लिए उपलब्धि भरा रहा। जिले के उपायुक्त सुशांत गौरव को दिल्ली के विज्ञान भवन में 'सिविल सर्विस डे 2023' के मौके पर प्रधानमंत्री के हाथों लोक प्रशासन में उत्कृष्टता का प्रधानमंत्री अवार्ड दिया गया। इस कार्यक्रम के दौरान विज्ञान भवन सभागार में देश के कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तथा कई राज्यों के आमंत्रित पदाधिकारी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह ही केन्द्रीय कार्मिक मंत्रालय की ओर से सार्वजनिक रूप से घोषणा हो गई थी कि गुमला जिले को पीएम अवार्ड के लिए चुना गया है। उसी दिन से गुमला जिला प्रशासन की टीम तथा गुमलावासियों में हर्ष का माहौल था। शुक्रवार को जब दिल्ली के विज्ञान भवन में प्रधानमंत्री के हाथों उपायुक्त सुशांत गौरव अवार्ड ले रहे थे, उस समय वेबकास्ट के माध्यम से गुमला जिला मुख्यालय सहित प्रखंड मुख्यालयों के अधिकारी, कर्मचारी और आम नागरिक भी इन गौरवपूर्ण क्षणों के ऑनलाइन साक्षी बन रहे थे। गुमला के सैकड़ों लोगों ने इस अवार्ड कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग को देखा।जनजातीय जनसंख्या बहुल तथा पूर्व में वामपंथ से प्रभावित रहे गुमला जिले में विकास की एक के बाद एक नई गाथाओं के जुड़ने का सिलसिला जारी है। उपायुक्त सुशांत गौरव के विजनरी नेतृत्व में जिला प्रशासन की टीम सतत काम कर रही है। सुशांत गौरव की कड़ी मेहनत, ईमानदारी से किए गए प्रयास तथा उनकी राष्ट्रहित की सोच ने जिले को यह उपलब्धि दिलवाने में अहम भूमिका निभाई।

## पहले किया दुष्कर्म, फिर कर दी हत्या चंदवा से पांच आरोपी गिरफ्तार

### चौथी कक्षा की छात्रा के साथ दुष्कर्म की घटना का पुलिस ने किया खुलासा



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
जिला पुलिस ने चंदवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुटाप पंचायत के हक्का गांव में 15 अप्रैल को नाबालिग बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले का खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में प्रेस वार्ता का आयोजन कर एसपी अंजनी अंजन ने कहा कि नाबालिग लड़की का शव उसके घर के पीछे खेत में बरामद हुआ था। जांच के क्रम में ज्ञात हुआ कि नाबालिग लड़की एक दिन पूर्व संध्या से ही गांव से गायब हुई थी। उसके शव का निरीक्षण करने से प्रतीत हुआ कि उसके साथ बलात्कार करने के पश्चात गला दबा कर उसकी हत्या कर उसके शव को उसके घर के पीछे खेत में रख दिया गया था। इस मामले में उसके पिता के बयान के आधार पर चंदवा थाना कांड संख्या-92/2023, धारा-376ए/376ए बी/377/302/201 भादवि एवं 4/6/8/10 पोक्सो एक्ट अंकित किया गया था। इस मामले के उद्भेदन के लिए एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित एसआईटी ने इस मामले में संलिप्त सभी पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने बताया कि पीड़िता के घर के पास से ही पीड़िता को इनलोगों ने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## सीएम ने कहा, राज्य को बेहतर दिशा देने में

# लोक सेवकों की भूमिका अहम



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य को बेहतर दिशा देने में लोक सेवकों की भूमिका अहम है। राज्य में पहली बार सिविल सर्विसेज डे कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। आप सभी के कंधों पर तमाम चुनौतियों के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण कार्यों की जिम्मेदारियां भी दी जाती हैं। मुख्यमंत्री सोरेन शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में सिविल सर्विसेज डे-2023 के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।
मुख्यमंत्री ने सभी लोक सेवकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी लोग कार्यपालिका के ऐसे हिस्सेदार हैं जिसके बगैर राज्य की व्यवस्था चलाना संभव नहीं है। राज्य के लोगों की मदद एवं उनके सर्वांगीण विकास के लिए जो व्यवस्थाएं बनाई गई हैं, उनका संरक्षण तथा राज्य की बेहतरी के लिए कार्ययोजनाएं बनाने की जिम्मेदारी आप सभी पर है।
उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों तथा देशों में भी कार्यपालिका की व्यवस्थाएं हमारे राज्य एवं देश की कार्यपालिका से मिलती-जुलती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यवस्थाओं के अंदर लोक सेवकों की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जाती है। लोक सेवकों का कार्य करने का दायरा बहुत बड़ा है। झारखंड में दो हजार लोक सेवकों का स्ट्रेंथ है। राज्य की सवा तीन करोड़ जनता की सेवा के लिए दो हजार लोक सेवकों का आंकड़ा कहीं से भी कम दिखाई नहीं पड़ता है। जरूरत है कि हम और आप सभी लोग अपने कार्यों को ईमानदारी, संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ पूरा करें।
मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अलग हुए 20 साल से अधिक हो चुके हैं, लेकिन आज भी झारखंड जहां था, वहीं खड़ा है। हमारे पास वैसा कोई कारण नहीं है, जिससे हम पिछड़े राज्यों के गिने जाएं परंतु यह सत्य है कि आज के समय में झारखंड देश के पिछड़े राज्यों में से एक राज्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सरकारें आती-जाती रहती हैं। राजनेता आते-जाते रहते हैं परंतु आप सभी लोक सेवक लंबे समय तक राज्य की सेवा में कार्यरत रहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की योजनाएं तभी सफलतापूर्वक धरातल पर उतारी जा सकती हैं जब अधिकारी झारखंड की जनता के रहन-सहन तथा भाषा, संस्कृति के साथ समन्वय बनाएंगे। हमारे राज्य का पिछड़ापन होने का एक मुख्य कारण है यह भी है कि यहां के लोगों के साथ अधिकारियों का कम्युनिकेशन बिल्कुल नहीं बन पा रहा है। इस दौरान कई विषयों पर विभिन्न अधिकारियों ने अपनी प्रस्तुति दी। मौके पर मुख्यमंत्री ने झारखंड ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## झारखंड में 450 करोड़ का शराब घोटाला

### मरांडी का आरोप : छत्तीसगढ़ की शराब नीति भ्रष्टाचार के लिए ही झारखंड में लागू की गयी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
दिल्ली और छत्तीसगढ़ के बाद अब झारखंड में भी शराब घोटाले का शोर है। पूर्व सीएम और भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने दावा किया है कि झारखंड में शराब नीति के लिए नियुक्त छत्तीसगढ़ की परामर्शी कमेटी ने सिंडिकेट और अधिकारियों से मिलकर सरकार को 450 करोड़ का चूना लगाया है। इधर, छत्तीसगढ़ में शराब घोटाले की जांच कर रही ईडी ने पिछले हफ्ते झारखंड के एक्साइज डिपार्टमेंट के सेक्रेटरी विनय कुमार चौबे और डायरेक्टर करण सत्यार्थी को नोटिस जारी किया है।
दरअसल झारखंड सरकार ने पिछले साल एक्साइज की नई पॉलिसी लागू की थी और इसे जमीन पर उतारने के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (सीएसएमसीएल) के साथ करार करते हुए उसे बतौर कंसल्टेंट नियुक्त किया था। ईडी की छत्तीसगढ़ इकाई ने झारखंड के अधिकारियों से इस करार के बारे में अपना पक्ष रखने को कहा है। अब भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि छत्तीसगढ़ की शराब नीति भ्रष्टाचार ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## युवक का शव बरामद हत्या की आशंका

**नवीन मेल संवाददाता**
**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के बजराहा रेलवे ट्रैक से पुलिस ने टनटन उर्फ सुस्मित नामक युवक का शव बरामद किया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है। पूरे मामले का अनुसंधान जारी है। युवक का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान पलामू जिले के पाटन थाना क्षेत्र के रबदी के निवासी पप्पू उपाध्याय के पुत्र टनटन उपाध्याय के रूप में हुई है। टनटन उपाध्याय का शव सदर थाना क्षेत्र के बजराहा में रेलवे ट्रैक से बरामद हुआ है। सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि टनटन उपाध्यक्ष की हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर फेंका गया है। पुलिस पूरे मामले में अनुसंधान कर रही है । संदिग्धों के खिलाफ छापेमारी कर रही है। टनटन उपाध्याय का सिर और धड़ अलग अलग हो गया है। टनटन उपाध्याय पर कई आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने का आरोप है। पलामू के विभिन्न थानों में आधा दर्जन के करीब एफआईआर दर्ज है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया है। वहीं इस घटना के बारे में मृतक के परिजनों ने बताया कि टनटन उपाध्याय गुरुवार की शाम बारा लोटो से मैच देखकर परशुराम कार्यालय अपने मोटरसाइकिल से निकला था। परशुराम ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### गढ़वा के रंकाबोलिया में ऑर्केस्ट्रा के दौरान चली गोली, एक घायल

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
गढ़वा थाना क्षेत्र के रंका बोलिया में ऑर्केस्ट्रा के दौरान गोली चलने से एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल की पहचान गढ़वा थाना क्षेत्र के महुलिया गांव निवासी राजकुमार राम के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि राजकुमार गढ़वा थाना क्षेत्र के रकाबोलिया में अशोक राम के घर एक शादी समारोह में गया हुआ था। अशोक राम के घर रंका के मतोली से बरात आई हुई थी, जहां ऑर्केस्ट्रा कार्यक्रम भी हो रहा था। उसी दौरान स्टेज पर चढ़ने को लेकर दो गुटों के बीच विवाद हो गया और मारपीट होने लगी। घटना में राजकुमार ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## ईडी के समन पर नहीं पहुंचे छवि रंजन

### समय देने की छवि रंजन की मांग को ईडी ने किया खारिज



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बरियातू स्थित सेना की जमीन को लेकर हुए घोटाले मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन के बाद भी आईएएस छवि रंजन शुक्रवार को ईडी ऑफिस नहीं पहुंचे। अधिकारी के वकील ने ईडी कार्यालय पहुंचकर आज न पहुंचने का कारण बताते हुए मई के प्रथम सप्ताह का समय देने की मांग की है, लेकिन ईडी ने उनकी मांग खारिज कर दी है। आईएएस छवि रंजन ने ईडी से दो सप्ताह का समय देने की अपील की थी, जिसे खारिज करते हुए ईडी ने उन्हें शुक्रवार को पूछताछ के लिए शाम चार बजे तक पेश होने को कहा था। ईडी के नोटिस के बावजूद छवि रंजन ईडी के सामने पेश नहीं हुए। छवि रंजन की जगह उनके वकील अभिषेक गुप्ता शुक्रवार को ईडी कार्यालय पहुंचे। ईडी अधिकारियों से मुलाकात के बाद छवि रंजन के वकील ने कहा कि सरकार द्वारा उन्हें पहले ही 17 अप्रैल से लेकर 1 मई तक पितृत्व अवकाश मिल चुका था। इसलिये हमने मई के पहले हफ्ते के बाद का समय देने का निवेदन किया है। वकील ने कहा कि वह शहर में नहीं है। शनिवार के बाद ही वह शहर आ पायेंगे। हालांकि, ईडी के अधिकारियों ने छवि के वकील के इस अनुरोध को स्वीकार नहीं किया। वकील ने बताया कि एक बार से आवेदन रिसीव करा दिया गया है। उसमें कहा गया है कि वे ईडी की जांच में पूरा सहयोग करने के लिए तैयार है, शनिवार के बाद का कोई भी तिथि दिया जाये। गौरतलब है कि ईडी ने 13 अप्रैल को सेना की जमीन घोटाला मामले में कार्रवाई करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार लोगों में कारोबारी प्रदीप बागची, सीआई भानु प्रताप, अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम शामिल हैं। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### सोमवार को तलब कर सकती है ईडी

ईडी सूत्रों के मुताबिक, रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को सोमवार को तलब किया जा सकता है। एजेंसी सूत्रों के मुताबिक, दिन के 11 बजे उन्हें तलब होने का तीसरा समन भेजा जा सकता है। यदि छवि रंजन जांच में एजेंसी को सहयोग नहीं करेंगे तो एजेंसी कड़ी कार्रवाई कर सकती है। गौरतलब है कि रांची में सेना जमीन की रजिस्ट्री व जमीन घोटाले से जुड़े केस में एजेंसी ने 13 अप्रैल को रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, बड़गाई सीओ मनोज कुमार समेत 18 लोगों के 22 ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के बाद ईडी ने फर्जी कागजात बनाने वाले अफसर अली समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया था।

स्वास्थ्य

## गर्मी में सेहत के लिए कारगर है मिट्टी का घड़ा

# पलामू में गरीबों का सस्ता फ्रिज हुआ महंगा



**नवीन मेल संवाददाता**
**मेदिनीनगर।** पलामू में गर्मी आते ही बाजारों में देशी फ्रिज की मांग बढ़ गयी है। लेकिन इस वर्ष देशी फ्रिज की मांग बढ़ने से गरीबों का देशी फ्रिज महंगा हो गया है। गर्मी में शहरी इलाकों के लोग भले ही ठंडा पानी फ्रिज में रखकर पीते हैं लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में अब भी घरों में ठंडे पानी के लिए घड़े और सुराही का ही प्रयोग किया जाता है। घड़े को देसी फ्रिज के नाम से जाना जाता है। इसका पानी स्वास्थ्य के लिए भी हितकर होता है। गर्मी की शुरूआत में मांग बढ़ने के साथ ही देसी फ्रिज के रेट दोगुने हो गए हैं। इस बार पलामू के बाजारो में एक सौ बीस रुपये से लेकर तीन सौ रुपये तक घड़े की बिक्री हो रही है। जबकि छोटे घड़े की कीमत 80 रुपये से 120 रुपये तक है। पलामू के आस- पास ग्रामीण क्षेत्र में कई बड़े मकान और खुला आंगन होता है। आंगन में ही नल लगा होता है। ज्यादा गर्मी पड़ने पर नलों से भी गर्म पानी निकलता है। इसके विकल्प में ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादातर घरों में लोग घड़े में पानी भरकर रखते हैं। गर्मी की आहट के साथ ही पलामू के स्थानीय बाजारों में मिट्टी के मटकों की दुकानें सजनी शुरू हो जाती है।

### इस वर्ष कीमतों में आया ज्यादा उछाल

स्थानीय कुम्हारों ने बताया कि मात्र 80 रुपये से 300 रुपये तक के मूल्य में बिकने वाले इस देसी फ्रिज की बिक्री अमूमन हर वर्ष अप्रैल महीने की शुरूआत में होने लगती है। एक माह पूर्व तकरीबन 80 रुपये का बिकने वाला गरीबों का देसी फ्रिज अब 150 रुपये में मिल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बदलते मौसम के साथ ही घड़ों की भी मांग बढ़ने लगी है, जिसके चलते घड़ों के रेट में उछाल आया है। हर वर्ष इस सीजन के लिए दीपावली के बाद से ही तैयारियां शुरू कर देते हैं।

### क्या कहना है घड़े बेचने वाले कारीगरों का

बाजार में मटके की दुकान लगाने वाली ममता देवी ने बताया कि हर साल तो कई ग्राहक मटके खरीदने के लिए खड़े रहते थे, फिर चाहे वे अमीर परिवारों से हों या फिर गरीब। उसने बताया कि बड़े मटके की कीमत 300 रुपए है, लेकिन भूले भटके आया कोई ग्राहक लौटकर चला न जाए इसलिए मटका 250 से 270 रुपए तक में बेच देते हैं। यही हाल अन्य छोटे मटकों का है, छोटे मटके 100 रुपये में बिका करते थे । दुकानदार बुधनी देवी ने बताया कि पहले एक दिन में 50 से 60 छोटे-बड़े मटके आसानी से बिक जाते थे लेकिन अब पहले जैसे मटके नही बिकते हैं।

## जमीन घोटाले में ईडी ने खंगाला रांची रजिस्ट्री कार्यालय, विवादित जमीन के दस्तावेजों को खंगाला

**नवीन मेल संवाददाता**
**रांची।** जमीन घोटाले मामले की जांच को लेकर ईडी पूरी तरह से रेस हो चुकी है। एक तरफ जहां गिरफ्तार आरोपितों से रिमांड पर लगातार पूछताछ की जा रही है। वहीं साक्ष्य जुटाने के लिए आईडी रांची के सदर रजिस्ट्री ऑफिस को भी खंगाल रही है. शुक्रवार की देर शाम ईडी की टीम रांची के कचहरी चौक स्थित रजिस्ट्री आफिस पहुंची और वहां कागजातों की जांच की।

**विवादित जमीन के दस्तावेजों को खंगाला :** ईडी की टीम शुक्रवार की शाम रजिस्टी कार्यालय पहुंची। इसके बाद रांची में तमाम विवादित जमीन की रजिस्ट्री से संबंधित दस्तावेजों को खंगाला। किसी भी विवादित जमीन की रजिस्ट्री के लिए कौन कौन से पेपर लिए गए। किस परिस्थिति में जमीन की रजिस्ट्री हुई है। ईडी ने यह पड़ताल शुरू की है। ईडी की टीम अभी भी रजिस्ट्री ऑफिस में ही मौजूद है और प्रयासों की जांच कर रही है।

**फजीर्वाड़े से संबंधित दस्तावेज मिले :** ईडी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जांच के क्रम में फजीर्वाड़े के कई साक्ष्य मिले है। जानकारी यह भी है कि जांच के दौरान ईडी को राज्य की एक बड़ी राजनीतिक शख्सियत के नाम पर एक जमीन की रजिस्ट्री के साक्ष्य मिले है। उस पेपर में राजनीतिक शख्सियत का नाम तो सही है।

**पूर्व में डिप्टी रजिस्ट्रार के यहां हो चुकी है छापेमारी :** सेना की करम टोली स्थित जमीन की खरीद मामले में विष्णु अग्रवाल, कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल, रांची के पूर्व सब रजिस्टार घासीराम पिंगुआ, वर्तमान रांची सदर के सब रजिस्टार वैभव मणि त्रिपाठी के ठिकानों पर ईडी ने पिछले साल 4 नवंबर को छापेमारी भी की थी। इस दौरान ईडी ने विष्णु अग्रवाल के घर और दफ्तर से जमीन और रियल एस्टेट में निवेश से संबंधित कई कागजात जप्त किए थे।

### मातहत अफसरों को भी होगा समन

रांची में सेना की जमीन की रजिस्ट्री के मामले में रांची जिला प्रशासन की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। दोनों ही जगहों पर जमीन की खरीद करने वाले, रजिस्ट्री करने वाले व्यक्ति, सरकारी पदाधिकारी जिनकी भूमिका रजिस्ट्री, म्यूटेशन में है। वह ईडी के रडार पर हैं। सेना जमीन खरीद में फजीर्वाडा के मामले में ईडी मनी लाउंड्रिंग के पहलूओं पर जांच कर रही है। सेना से मिले दस्तावेजों के मुताबिक, जमीन की खरीद बिक्री में बड़ी गड़बड़ी की पुष्टि भी हुई है। ईडी ने इस मामले में तत्कालीन डिप्टी रजिस्टार वैभव मनि त्रिपाठी अधीनस्थ कर्मचारियों से भी पूछताछ की जाएगी जल्द ही उनके खिलाफ समन जारी किया जाएगा।

NEWS इन ब्रीफ

## दिवंगत विमल शौंडिक की मनी पुण्यतिथि

**हरिहरगंज।** शहर के व्यवसायी मुकेश शौंडिक के दिवंगत पिता विमल शौंडिक तथा उनकी माता कुलवंती देवी की दूसरी पुण्यतिथि शुक्रवार को सतगांवा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण में मनाई गई। उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा के बाद एक भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि दिवंगत विमल शौंडिक सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते थे। हमेशा गरीबों की सेवा के लिए तत्पर रहते थे। जो भी अपनी समस्या लेकर उनके पास पहुंचता था, उसे दूर करने का हर संभव प्रयास करते थे। श्रद्धांजलि सभा में प्रधानाचार्य विजेंद्र प्रसाद, महादेव यादव, एनसीपी नेता अखिलेश मेहता, अजय सिंह, भाजपा नेता बल्लू बलराम, चंदन जयसवाल, सनी गुप्ता, भीमसेन शर्मा, संजय कुमार, मनोज शौंडिक, गुड़िया देवी, सोनी देवी, अंतु देवी, पंकज शौंडिक, सौरभ, गौरव, गणेश शौंडिक सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

## अक्षय ने डिग्री प्राप्त की

**पांकी।** पांकी प्रखंड के करार गांव के अक्षय कुमार ने आज देश के एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान से स्नातकोत्तर (सामाजिक कार्य में) डिग्री प्राप्त किया है। अक्षय ने कहा की मै गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। मैं अपने गुरुजनों और माता-पिता का आभारी हूं, जिनके आशीर्वाद से मैं यहां पर पहुंच पाया हूं। मैं अपने दोस्तों का भी आभारी हूं इन्होंने हमेशा मेरे अंदर उर्जा का संचार करने की प्रेरणा दी और अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर रहने की सदा मार्गदर्शन किया है।

# बिजली ऋण माफी योजना का उठायें लाभ : जेई

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद एनसीपी कार्यालय में स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह द्वारा विधानसभा में लगातार सवाल उठाने एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों से पत्राचार के बाद बिजली विभाग के द्वारा बिजली बिल के भुगतान में ग्रामीणों एवं शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं की सहूलियत को देखते हुए बिजली बिल के ब्याज को पूर्णत माफ करने का निर्णय लिया है। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में कनीय विद्युत अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने लोगों को ऋण माफी योजना का लाभ लेने की जानकारी दी। साथ ही बिल का भुगतान किस्तों में करने की भी सुविधा उपभोक्ताओं को मिलेगी। उधर हुसैनाबाद 20 सूत्री अध्यक्ष सह राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने लोगों से अपील की है कि वे लोग बिजली विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर इस योजना का लाभ ले सकते हैं। इसमें उपभोक्ताओं को काफी सहुलियत मिलेगी। इस मौके पर विनय पासवान, जिशान हसन, रविन्द्र कुमार कांस्यकार ,उबैत अंसारी, मंदीप राम समेत कई ग्रामीण व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रमजान हमें भाईचारे का देता है संदेश : नईम

**बिश्रामपुर।** नगर परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष हलीमा बीबी व उनके प्रतिनिधि सह बसपा नेता नईमुद्दीन अंसारी ने अपने बिश्रामपुर स्थित प्रतिष्ठान पर शुक्रवार को इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। जिसमे बिश्रामपुर नगर परिषद के मुस्लिम रोजेदारों के अलावा काफी संख्या में हिंदू समाज के लोग भी शामिल हुए। इफ्तार के बाद रोजेदारों ने नमाज अदा कर अमन व शांति की दुआ मांगी। इफ्तार पार्टी में बतौर मुख्य अतिथि बसपा नेता सह वरीय समाजसेवी नईमुद्दीन अंसारी ने कहा कि 'रमजान का पाक माह चल रहा है।

# दुगोला चैता प्रोग्राम का दर्शकों ने उठाया लुत्फ

**नवीन मेल संवाददाता**



**पाटन।** प्रखंड के किशुनपुर में रामनवमी एवं अंबेडकर जयंती के शुभ अवसर पर मिडिल स्कूल के फील्ड मे रंगारंग चैता का मुकाबला आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद मनोज कुमार ने फीता काटकर प्रोग्राम की शुरूआत करवाई। उद्घाटन के मौके पर विधायक ने कहा कि क्षेत्र में गीत संगीत से मनोरंजन होता रहता है। बिहार आये दो व्यास अरविंद सिंह अभियंता उर्फ लंगड़ व्यास, व अजीत हलचल के बीच रंगारंग कार्यक्रम हुआ। ० कार्यक्रम वंदना गीत से शुरू हुआ,दोनों ब्यास ने एक दूसरे को भोजपुरी गानों में टक्कर देकर कई गाने प्रस्तुत किए। दर्शकों ने रात भर भोजपुरी चैता मुकाबले का लुफ्त उठाया। प्रोग्राम में पुलिस प्रशासन की व्यवस्था की गई थी। किशनपुर ओपी प्रभारी कुमार नीरज प्रोग्राम में शांति व्यवस्था हेतु डटे रहे। इस कार्यक्रम के आयोजन कर्ता जिला परिषद विधायक प्रतिनिधि सह कमेटी अध्यक्ष उमेश सिंह, राजू माली, बिकास साव थे। मंच संचालन समाजसेवी मुकेश सिंह ने किया। मौके पर उपस्थित पूर्व जिला परिषद रमेश सिंह उर्फ भोला सिंह, विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह, लोईंगा मुखिया रंजीत यादव उर्फ गुड्डू यादव, विवेक सिंह, मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, मनोरंजन गिरी, शुभम क्रांति समेत अन्य कमेटी के लोग मौजूद थे।

## विधायक ने किया पीसीसी पथ का शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** विधानसभा के भाजपा विधायक कुशवाहा डॉ. शशिभूषण मेहता ने शुक्रवार को पांकी प्रखंड के नीमचक गांव में पीसीसी पथ का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। उक्त सड़क का निर्माण पांकी मुख्य मार्ग से जमुना सिंह के घर तक कराया जायेगा। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि इस पथ का निर्माण 70 सालों के दौरान नही हुआ, अब इस पथ का निर्माण हो रहा है। डॉ. मेहता ने ये भी कहा कि अगले 2 वर्ष में कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं होगा। जहां पक्की सड़क नहीं होगी। विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार सबका साथ सबका विकास की तर्ज पर काम कर रही है। सभी तबकों के विकास की चिंता सरकार को है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश व विदेश में अदभुत कार्य किए हैं। जिसका परिणाम देखने को मिल रहा है। उनके नेतृत्व में देश तरक्की की राह पर है। मौके पर, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, पांकी अंचल विधायक प्रतिनिधि मनोज सिंह, जसवंत कुमार सिंह, राकेश मेहता, विनोद चौहान, प्रमोद साव, आदर्श कुमार, धनजय कुमार, बिनय सिंह, सुनील मिश्रा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# टूटकर गिरा हाइटेंशन बिजली का तार

### बाल-बाल बचे ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के कूलहिया पंचायत के नौडीहा कला गांव में शुक्रवार के अपराह्न में 11 हजार वोल्ट का बिजली तार टूटकर जमीन पर गिर पड़ा। जहां तार गिरा उससे कुछ ही दूरी पर कई ग्रामीण मवेशी चरा रहे थे और खेतों में काम कर रहे थे। गनीमत रही कि वे लोग तार की चपेट में नहीं आए। तार जमीन पर गिरते ही सूखी घास में आग लग गयी। मुखिया प्रतिनिधि सतेंद्र भुइयां अधिवक्ता अशोक कुमार यादव, महासभा के प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार यादव, पंसस सतेंद्र भुइयां आदि ने बताया कि गांव में सुधन भुइयां, पांचु भुइयां, विनोद भुइयां, प्रवेश भुइयां, सुदामा भुइयां, सुनिल भुइयां सहित कई ग्रामीणों के घर के पास से हाइटेंशन बिजली तार गुजरा है। बिजली तार वर्षों पुराना है, जो अब जर्जर हो चुकी है। आए दिन बिजली तार टूटकर गिरते रहते हैं। जिससे गांव में हमेशा कोई बड़ी अनहोनी की आशंका बनी रहती है। विभाग को कई बार सूचना देने के बाद भी तार को नहीं बदला गया। ग्रामीणों ने स्थल का निरीक्षण कर शीघ्र ही विद्युत विभाग के अधिकारियों से गांव के बीच से गुजरे बिजली तार को बगल से ले जाने तथा जर्जर विद्युत तार को बदलने की मांग की है।



# खाद्य वितरण विभाग के सचिव को सौंपा ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड परिसर स्थित एफसीआई के गोदाम से अगस्त, सितंबर 2022 एवं जनवरी 2023 में प्रखंड क्षेत्र की 22 ग्राम पंचायतों के लाभुकों के करीब 20 हजार क्विंटल राशन गबन की शिकायत भारतीय जनता पार्टी उर्दवार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता ने झारखंड सरकार के खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के सचिव डॉ. अमिताभ कौशल से ज्ञापन सौंपकर की। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम पंचायत महुडंड के जनजातीय डाकिया योजना पीटीजी के राशन के 35 किलोग्राम के पैकेट की जगह 25 किलोग्राम का ही राशन पैकेट माह जनवरी में वितरित किया गया है । ग्राम पंचायत बैरांव एवं झरगड़ा के लाभुकों को चार माह यानी अगस्त, सितंबर, दिसंबर 2022 एवं जनवरी 2023 का भी राशन आज तक नहीं दिया गया है। इस संबंध में सचिव अमिताभ कौशल को उन्होंने विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराते हुए कहा है कि प्रखंड क्षेत्र की 20 ग्राम पंचायत के लाखों ग्रामीण लाभुकों को 3 माह अगस्त, सितंबर 2022 एवं जनवरी 2023 का एक - एक राशन नहीं दिया गया है। वहीं 2 ग्राम पंचायत बैरांव व झरगड़ा के हजारों ग्रामीण लाभुकों को 4 माह अगस्त, सितंबर, दिसंबर 2022 एवं जनवरी 2023 के एक - एक राशन का वितरण नहीं किया गया है, यहां तक की बैगा जनजाति बहुल एकमात्र ग्राम पंचायत महुडंड के जनजातीय समुदाय के 7 से 8 सौ राशन कार्ड धारियों के राशन वितरण में भारी अनियमितता की गई है। इस मामले की जांच के नाम पर लीपापोती करने का भी प्रयास किया गया है। जिसके तहत 20 - 22 हजार क्विंटल गबन में से मात्र 400 कुछ क्विंटल राशन गबन होना पाया गया है। इस पर उन्होंने आश्वस्त किया कि मैं त्वरित एक टीम भेजकर इसकी जांच करवाउंगा। जांच के उपरांत कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

# विद्यालय भवन का विधायक ने किया शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ने प्लस टू हाई स्कूल पाटन की नवीन भवन निर्माण कार्य की शिलान्यास किया । मौके पर पूर्व सांसद मनोज कुमार ने भी भवन निर्माण कार्य की आधार शिला रखी। विधायक पुष्पा देवी एवं पूर्व सांसद मनोज कुमार ने शुक्रवार को दो करोड़ तीस लाख की लागत की चार विकास योजनाओं कं निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। पाटन हाई स्कूल के भवन निर्माण शिलान्यास समारोह में विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि यह हमारे लिये गौरव एवं यादगार पल हैं कि जिस स्कूल में पढ़ने के लिये नामांकन कराई थी उसी विद्यालय के भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास कर रही हूँ! इन्होंने कहा कि स्कूल भवन निर्माण से प्लस टू स्कूल के विद्यार्थियों को शिक्षण के सभी संसाधनों की सौगात मिलेगी। विद्यार्थी को जो सुविधा नगर/महानगर में मिलने की आशा होती है वह प्रखंड मुख्यालय के प्लस टू हाई स्कूल में बच्चों घर कर नजदीक मिलेगी। खासकर कर लड़कियों की शिक्षण की बेहतर माहौल मिलेगा। उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाने और पढ़ाई छोड़ने को विवश नहीं होना होगा। मौके पर प्रिंसपल प्लस टू हाई स्कूल पाटन संतोष कुमार ने विद्यालय की वार्षिक प्रगति की जानकारी दी तथा बताया की प्रत्येक वर्ष इंटर एवं मैट्रिक के परिमाण जिला स्तर पर अव्वल रिकार्ड में पाटन प्लस टू के विद्यार्थी आते है। मौके पर प्रिंसपल संतोष कुमार ने विद्यालय परिवार के साथ विधायक एवं मनोज कुमार को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मौके पर शिक्षक संतोष कुमार, विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह, कृष्णा सिंह, केल्हार मुखिया जैनुअल सिद्दकी, सेमरी पूर्व मुखिया शिव शंकर प्रसाद, अभिषेख सिंह,उमाशंकर सिंह,रणजीत सिंह, आनन्द सिंह,कृष्ण सिंह, संजय सिंह,उज्ज्वल पांडेय आदि उपस्थित थे।

# बीडीओ ने तोलरा पंचायत का किया भ्रमण, विकास योजनाओं का लिया जायजा

**नावा बजार ।** विश्रामपुर बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने शुक्रवार को तोलरा पंचायत का भ्रमण किया।। इस दौरान उन्होंने पंचायत क्षेत्र में चल रही विकास योजनाओं की जानकारी ली। कूप निर्माण व जनवितरण प्रणाली दुकानों का निरीक्षण कर राशन वितरण की भी जानकारी ली। साथ हीं पंचायत कर्मियों को कई दिशा-निर्देश दिये। वहां पहुंचे स्थानीय लोगो की समस्याएं भी सुनी। समस्याओं के समाधान हेतु सार्थक पहल करने का भरोसा दिलाया। बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने प्रधानमंत्री आवास के वैसे लाभुकों को जो राशि लेकर निर्माण कार्य नही कर रहे है, को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि जल्द से जल्द आवास निर्माण कार्य पूरा करें नहीं तो प्राथमिकी दर्ज करते हुए राशि रिकवरी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। पंचायत क्षेत्र के भ्रमण को निकले बीडीओ प्रशांत कई स्कूलों में भी गए। जहां विद्यालय में शिक्षकों से शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी लेते हुए कक्षा में छात्रों को शिक्षा से जुड़ी कई टिप्स दी।

# पेयजल सप्लाई शुरू, टैंकर से भी हो रही जलापूर्ति

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में पेयजल आपूर्ति बाधित होने के बाद अब नगर पंचायत विभाग ने वैकल्पिक व्यवस्था के तहत सोन नदी से मोटर पाइप लाइन से जलापूर्ति शुरू कर दी गई है। साथ ही चिकटोली मुहल्ले में टैंकर से जलापूर्ति शुरू की गई है। अभी अप्रैल माह से ही सोननदी का जलस्तर नीचे खिसकने के कारण पांच दिनों से बंद जलापूर्ति वैकल्पिक व्यवस्था के तहत की जा रही है। नपं अध्यक्ष शशि कुमार और उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी ने बताया कि सफाई कार्य भी चालू है। वहीं दूसरी ओर फिल्टर प्लांट की सफाई के बाद वैकल्पिक व्यवस्था से आपूर्ति चालू की गयी। जिससे लोगों को पानी की समस्या नहीं हो। उन्होंने बताया कि सोन नदी में बोरे में बालू भरकर बांध से पानी के बहाव को नाले के समीप से गुजर रही पाईप लाईन लाकर जलाआपूर्ति की प्रक्रिया शुरू की गई है। वहीं जहां पाइप लाइन नहीं है, वहां वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में टैंकर से लोगों को पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। बिजली व्यवस्था ठीक रहने पर अब लगातार नियमित जलापूर्ति होगी।

## मन की बात को लेकर भाजपा ने की बैठक

**हरिहरगंज।** आगामी 30 अप्रैल को प्रसारित होने वाला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 100 वां एपिसोड ऐतिहासिक होगा। उक्त बातें जिला कार्यसमिति सदस्य सह मंडल प्रभारी लालबहादुर सिंह ने बैठक के बाद पत्रकारों से कही। वे शुक्रवार को दमवा मोड़ स्थित भारतीय पब्लिक स्कूल के प्रांगण मे कार्यकर्ताओं के साथ हुई बैठक में इसे लेकर विचार विमर्श भी किये। उन्होंने कहा कि 2014 में भारत का प्रधान मंत्री बनने के बाद लोगों से सीधे जुड़ने के लिए मन की बात कार्यक्रम की शुरूआत हुई थी। इस दौरान उन्होंने बीजेपी कार्यकर्ताओं और व्यापक लोगों से पीएम के मन की बात कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। इस मौके पर जिला कार्य समिति सदस्य लालबहादुर सिंह, मंडल अध्यक्ष संजय मेहता, महामंत्री चंदन सिंह, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष कपिल राम, एसी मोर्चा श्यामदेव पासवान, किसान मोर्चा अध्यक्ष विंदेश्वरी पाठक, सांसद प्रतिनिधि मथुरा गुप्ता, युवा मोर्चा अनिल प्रजापति, कोषाध्यक्ष विष्णु गुप्ता, उपाध्यक्ष ललन पासवान, संतन गुप्ता पंचायत प्रभारी सत्येंद्र सिंह, नागेश्वर तिवारी, राजन सोनी, प्रवीण सोनी, अमरेश सिंह सहित कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

## अकीदत के साथ अदा की गई जुमे की नमाज

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदों में माह-ए-रमजान के अंतिम शुक्रवार को मस्जिदों में बड़ी संख्या में रोजेदारों ने अकीदत के साथ अलविदा जुमे की नमाज अदा की। रोजेदारों ने नमाज अदा कर अल्लाह की इबादत की साथ ही देश और मुल्क के लिए अमन चैन की दुआ मांगी। इस दौरान मदरसा इस्लामिया के मौलाना गुलाम जाबिर ने बताया कि शनिवार को ईद की नमाज को लेकर क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदों में समय तय कर दिया गया है। बंजारी मस्जिद में सुबह 8 बजे सतगाावां में 8:15 महाराजगंज में 7:30 बेलौदर में 7:30, अंसारी बीघा में 7:30 तथा अररूआ खुर्द जामा मस्जिद में 8:30 बजे ईद की नमाज अदा की जायेगी। वहीं ईद के दौरान सतत निगरानी एवं विधि व्यवस्था को लेकर एसडीओ नरेन्द्र गुप्ता ने हरिहरगंज व पिपरा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी है।

**कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी,पलामू**
**(जिला भू-अर्जन शाखा)**
दूरभाष (मो0) सं0– Email {dlaopalamau@gmail.com}

**KHATIAN AND VALUATION STATEMENT**
(3G Award के तहत् घोषित)
**Name of Project :- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 (Section III)**
( कि0मी0 147.450 (भोगू) से कि0मी0 196.870 (शंखा) NH-75 पर 4 लेन पथ निर्माण )

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI 75) (कि0मी0 147.450 (भोगू) से कि0मी0 196.870 (शंखा) NH-75 पर 4 लेन पथ निर्माण। हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तदनुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

**एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजाः– बैरिया थानाः– मेदिनीनगर, थाना नं0:– 197**
**पत्रांक 193 B/भू0अ0, दिनांक. 21.03.2023**

| क्र0स0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | भूमि का प्रकार | भूमि का किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | बैरिया | 11 | 23 P | बकास्त | टांड़–2 | 0.1350 | 1 | अशोक कुमार, अरुण कुमार पि0 आनंद कुमार व अजय कु0 पिता यमुना प्रसाद | |
| 2 | | 11 | 22 P | बकास्त | टांड़–2 | 0.0100 | 2 | ऋषि कुमार सिंह पि0 कृष्ण नंदन सिंह | |
| 3 | | 11 | 22 P | बकास्त | टांड़–2 पक्का मकान | 0.0425 | 3 | तारामुनी देवी पति दिलीप सिंह, | |
| 4 | | 11 | 22 P | बकास्त | टांड़–2 | 0.1100 | 4 | पान कुंवर पति बुधन चौधरी | |
| 5 | | 11 | 23 P | बकास्त | टांड़–3 | 0.0882 | 5 | बसंत सिंह व सत्येन्द्र सिंह पि0 स्व0 सरयु सिंह | |
| 6 | | 11 | 22 P | बकास्त | | 0.0350 | 6 | बैजनाथ सिंह, रमेश सिंह, रामनाथ सिंह, विश्वनाथ सिंह पि0 स्व0 जगदीश सिंह | बैजनाथ सिंह पि0 स्व0 जगदीश सिंह |
| 7 | | 11 | 22 P | बकास्त | टांड़–2 | 0.0300 | 7 | भरत यादव पि0 नेपाल यादव | |
| 8 | | 11 | 22 P | बकास्त | टांड़–2 | 0.0400 | 8 | रंजन सिंह पि0 स्व0 उमाकान्त सिंह | |
| 9 | | 11 | 22 P | बकास्त | टांड़–2 | 0.0025 | 9 | रामजीदास पिता राजदेव राम | |
| 10 | | 11 | 22 P | बकास्त | टांड़–2 | 0.0525 | 10 | रामनाथ सिंह व विश्नाथ सिंह पि0 स्व0 जगदीश सिंह | |
| 11 | | 11 | 22 P | बकास्त | टांड़–2 | 0.2800 | 11 | रामनरेश मिश्र पि0 स्व0 हीरा मिश्र | |
| 12 | | 11 | 22 P | बकास्त | टांड़–2 | 0.2700 | 12 | विनय कु0 सिंह पि0 बैजनाथ सिंह | |
| 13 | | 11 | 22 P | बकास्त | टांड़–2 | 0.0075 | 13 | सुदेश्वर सिंह पि0 स्व0 जीता सिंह | |
| 14 | | 11 | 22 P | बकास्त | टांड़–2 | 0.0412 | 14 | अज्ञात | |
| | | 11 | 22 P | बकास्त | टांड़–2 | 0.0446 | | अज्ञात | |
| | | 11 | 22 P | बकास्त | टांड़–2 | 0.0175 | | अज्ञात | |
| | | 15 | 20 | बकास्त | टांड़–3 | 0.0805 | | अज्ञात | |
| | | 2 | 6 | रैयती | टांड़–2 | 0.1280 | | अज्ञात | |
| | | | | | कुल | 1.4150 | | | |

कानुनगो
जिला भू–अर्जन कार्यालय,पलामू | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू | अपर समाहर्त्ता पलामू | उपायुक्त पलामू

PR 295742 Palamu(23-24).D

**कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू**
दूरभाष (मो0) सं0–8987263405 (जिला भू–अर्जन शाखा)
Email {dlaopalamau@gmail.com}

**KHATIAN AND VALUATION STATEMENT**
(3G Award के तहत् घोषित)
**Name of Project :- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 (Section III)**
( कि0मी0 147.450 (भोगू) से कि0मी0 196.870 (शंखा) NH-75 पर 4 लेन पथ निर्माण )

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI 75) (कि0मी0 147.450 (भोगू) से कि0मी0 196.870 (शंखा) NH-75 पर 4 लेन पथ निर्माण। हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तदनुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

**एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजा:– धागरडीह उर्फ खनवा थाना:– मेदिनीनगर, थाना नं0:– 200**
**पत्रांक 193A/भू0अ0, दिनांक 21.03.2023**

| क्र0स0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | भूमि का प्रकार | भूमि का किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | धागरडीह उर्फ खनवा | | 895 | रैयती | धान | 0.0130 | 1 | अवधेश कुमार पाण्डेय वो अशोक पाण्डेय, चन्द्रमणि पाण्डेय पिता स्व0 छटु पाण्डेय वो सदानन्द पाण्डेय पिता स्व0 अकलु पाण्डेय वो लीलावत कुवंर वो असतोरा कुवंर पिता स्व0 वीगु पाण्डेय वो सदानन्द पाण्डेय वो महिमानन्द पाण्डेय नारंग पाण्डेय वो शशिकान्त पाण्डेय पिता स्व0 मितर पाण्डेय | परती/ कोई दावेदार नहीं है। |
| 2 | | | 1059 | रैयती | धान | 0.0801 | 2 | गणेश उरांव पे0 शंकर उरांव पे0 कोदु उरांव, मनराज उरांव व महेन्द्र उरांव पिता कोदु उरांव, लाला उरांव पेशरान मंगर उरांव पे0 डहरु उरांव, बासो कुंवर पति रामकिशुन उरांव पिता डहरु उरांव वो राम उरांव वो नंदु उरांव वो राम सुंदर, चंद्रीका उरांव पिता जगेश्वर उरांव वो फूलचंद उरांव पिता शिव उरांव | 1. लाला उरांव पिता मंगर उरांव पिता डहरु उरांव–9 डि0, 2 बासो कुंवर पति रामकिशुन उरांव डहरु उरांव– 8 डि0 |
| 3 | | | 1053 | रैयती | टांड़ | 0.1726 | 3 | जुगेन्द्र, गंगा, जमुना, पिता रवि उरांव पिता लटंगु उरांव पिता झरी सुदर्शन, बुधन उरांव पिता संत उरांव पिता लटंगु उरांव पिता झरी नगेश्वर उरांव व संतन उरांव पिता तुलसी उरांव पिता झरी उरांव, बाबुलाल उरांव पिता जगदेव उरांव, प्रदीप उरांव व मालदेव उरांव पिता श्यामलाल उरांव पिता जगदेव उरांव, राजकिशोर उरांव पिता काशी उरांव, टोनी उरांव पिता गणेश उरांव दिशु उरांव पिता जानकी उरांव | बुधन उरांव व धारी उरांव निःशंतान मृत, सुदर्शन उरांव पिता संत उरांव, संतन उरांव, नागेश्वर उरांव पिता तुलसी उरांव |
| | | | 1052 | रैयती | टांड़ | 0.5341 | | तदैव | जुगेन्द्र उरांव, नागेश्वर उरांव व संतोष उरांव |
| 4 | | | 917 | रैयती | टांड़ | 2.2767 | 4 | निरछल व टुनी व प्रभुनाथ सिंह पिता स्व0 रामजन्म सिंह पूरन सिंह स्वयं0, जितेन्द्र सिंह व महेन्द्र सिंह व मनोज सिंह पिता पहलु सिंह, सत्यनारायण, राजु श्यामदेव, मालदेव पिता सुखी सिंह, नान्हु सिंह स्वयं, पुरन सिंह स्वयं, सीता देवी पति खखनु सिंह व कवल सिंह, पिता खखनु सिंह, बाबुराम, बीरबल सिंह, बलराम सिंह दया सिंह पिता प्यारी सिंह | गनौरी नावल्द मृत |
| 5 | | 1 | 916 | रैयती | टांड़ | 0.0672 | 5 | 1. विशुन सिंह पिता करधनी सिंह 2. परशु सिंह पिता बेलास सिंह पिता रामदेनी सिंह 3. नंद किशोर सिंह पिता विरजु सिंह | |
| | | 1 | 915 | रैयती | टांड़ | 0.0060 | | तदैव | |
| | | 1 | 906 | रैयती | धान | 0.02880 | | तदैव | |
| 6 | | 54 | 1058 P | रैयती | टांड़ 3 | 0.1069 | 6 | 1. मदन महतो व विरेन्द्र महतो पिता स्व0 लक्ष्मी महतो | |
| 7 | | 7 | 1060 | रैयती | धान | 0.0058 | 7 | सुरेश उरांव पिता महावीर उरांव वो बालकेश उरांव वो भोला उरांव पिता जिरखु उरांव वो दुखु उरांव वो सुखबीर उरांव पिता स्व0 बालदेव उरांव वो सोहराई उरांव पिता रामसहाय उरांव वो हरी उरांव, सीता राम वो कृष्णा उरांव पिता कईल उरांव वो विक्रम उरांव व फागू उरांव पिता सुंदर उरांव | 1. बालकेश उरांव पिता जिरखू उरांव, 2. सुखबीर उरांव पिता बालदेव उरांव |
| 8 | | 54 | 1058 P | रैयती | धान | 0.1068 | 8 | 2. संजय मेहता व मंजय मेहता पिता विन्देश्वर मेहता | मंजय मेहता की मृत्यु अविवाहित अवस्था में गई थी। |
| | | | | | कुल | 3.3980 | | | |

कानुनगो
जिला भू–अर्जन कार्यालय
पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। | अपर समाहर्त्ता पलामू। | उपायुक्त पलामू

PR295740 (Palamu)23-24*D

**NEWS इन ब्रीफ**

### युवा उत्सव का आयोजन करेगा नेहरू युवा केंद्र

**मेदिनीनगर।** नेहरु युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी कंचन कुमारी ने बताया कि मई माह में युवा उत्सव का आयोजन होना तय हुआ है। जिसके अंतर्गत 5 प्रतियोगिताओं 'भाषण, पेंटिंग, कविता लेखन, फोटोग्राफी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम' का आयोजन किया जाएगा। इन पांच प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। युवा उत्सव में भाग लेने के लिए 15 वर्ष से 29 वर्ष आयु वर्ग का कोई भी युवा जो पलामू का निवासी है, नेहरु युवा केन्द्र पलामू के जिला कार्यालय या ऑनलाइन माध्यम में आवेदन कर सकता है। आवेदन करने की आखरी तिथि 7 मई है, इच्छुक प्रतिभागी ससमय आवेदन करें। युवा उत्सव से संबन्धित किसी भी तरह की जानकारी के लिए 8863878286 पर संपर्क कर सकतें हैं।

### पुलिस ने दो चोरों को किया गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर लेस्लीगंज थाना की पुलिस ने दो मोटरसाइकिल चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में लेस्लीगंज डीएसपी आलोक कुमार टूटी ने बताया कि 8 अप्रैल को लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम घुटवा निवासी धर्मेंद्र भुइयां के द्वारा लेस्लीगंज थाना में लिखित आवेदन दिया गया था कि उसकी पल्सर मोटरसाइकिल चोरी हो गई है। थाने में आवेदन मिलने के बाद पुलिस ने एक टीम गठित कर चोरी हुई मोटरसाइकिल की छानबीन की थी।

## बच्ची को गायब करने का मामला पहुंचा कोर्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम ओडनार गांव से एक 3 साल की बच्ची को दो घंटे तक गायब कर बच्ची के साथ गलत काम करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में बच्ची के पिता अमरेश चौधरी ने बताया कि 16 अप्रैल की शाम 6:00 बजे गांव के ही एक व्यक्ति शशि विश्वकर्मा के द्वारा हमारी बच्ची को गलत नियत से 2 घंटे तक घर से गायब कर दिया गया। बच्ची के गायब होने पर परिजनों के द्वारा बच्ची की काफी खोजबीन की गई इसके बाद भी बच्ची का दो घंटे तक कुछ पता नहीं चला। अंत में परिजन थक हार कर अपने घर लौट गये। घर लौटने के कुछ देर बाद एक महिला अमरेश चौधरी की पुत्री को घर लेकर पहुंची और कहा कि यह गांव के ही आसपास से मिली है। वहीं इस घटना के बाद बच्ची के पिता द्वारा 17 अप्रैल को शशि विश्वकर्मा के खिलाफ चैनपुर थाना में मामला दर्ज कराया गया था। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस शशि विश्वकर्मा को थाना बुलाकर घटना से संबंधित मामले के बारे में पूछताछ की थी। परिजनों का आरोप है कि चैनपुर थाना की पुलिस द्वारा इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की गई तो यह मामला कोर्ट में दर्ज कराया गया। कोर्ट में मामला दर्ज होने के बाद कोर्ट से जांच का आदेश मिलने पर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## भीड़ को देखते हुए चलाई जा रही है समर स्पेशल ट्रेन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के लोगो के लिए गर्मी में खुशखबरी है। ग्रीष्मकालीन अवकाश को देखते हुए यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर समर स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों के परिचालन का निर्णय लिया गया है। अब तक 10 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों की घोषणा की गई है इसी क्रम में रांची-बरकाकाना-गढ़वा रोड- डेहरी ऑन सोन-सासाराम-पं.दीन दयाल उपाध्याय जं. के रास्ते विशाखपट्टणम और बनारस बीच एक जोड़ी समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल ट्रेन विशाखपट्टनम से 19 अप्रैल से 17 मई तक सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को तथा बनारस से 20 अप्रैल से 18 मई तक सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को परिचालित की जायेगी। जो की पलामू के यात्रियों की सुविधा के लिए चलाई जा रही है।

**कहाँ-कहाँ होगी ट्रैन की स्टॉपेज :** यह समर स्पेशल ट्रैन बनारस और विशाखपट्टनम के बीच वाराणसी, पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, गढ़वा रोड, डालटनगंज, लातेहार, बरकाकाना, मूरी, रांची, हटिया, राउरकेला, झारसुगुड़ा, सम्बलपुर, बरगढ़ रोड, बलांगीर, टिटिलागढ़, केसिंगा, मुनिगुडा, रायगडा, पार्वतीपुरम, बोब्बिलि जं., विजयनगरम, कोतवलसा एवं सिम्हाचलम स्टेशनों पर रूकेगी। इस स्पेशल ट्रेन में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 01, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 03, शयनयान श्रेणी के 12 एवं साधारण श्रेणी के 02 कोच शामिल है।

### स्टेशन में पहुंचने का समय

ट्रैन संख्या 08588 विशाखपट्टनम-बनारस समर स्पेशल विशाखपट्टणम से बुधवार को दोपहर 12.30 बजे खुलकर गुरूवार को 02.55 बजे रांची, 05.30 बजे बरकाकाना, 07.30 बजे लातेहार, 08.30 बजे डालटनगंज, 09.25 बजे गढ़वा रोड, 11.20 बजे डेहरी ऑन सोन, 11.38 बजे सासाराम, 12.10 बजे भभुआ रोड, 13.30 बजे पं. दीन दयाल उपाध्याय जं रूकते हुए 16.30 बजे बनारस पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 08587 बनारस-विशाखपट्टनम समर स्पेशल बनारस से गुरूवार को 18.00 बजे खुलकर 19.00 बजे पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., 20.00 बजे भभुआ रोड, 20.45 बजे सासाराम, 21.05 बजे डेहरी ऑन सोन, 23.15 बजे गढ़वा रोड एवं 23.55 बजे डालटनगंज रूकते हुए शुक्रवार को 20.30 बजे विशाखपट्टनम पहुंचेगी।

# शांतिपूर्ण अदा की गई जुमे की नमाज, आज मनेगी ईद

### रमजान में कुरान-ए-करीम की तिलवत ज्यादा से ज्यादा करनी चाहिए

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में रमजान के जुमा-तुल-विदा (अंतिम जुमा) माह-ए-रमजान के महीने की अंतिम जुम्मा की नमाज जिले सहित अलग-अलग मस्जिदों में अदा की गई। मुस्लिम समुदायों के लिए रहमतों, बरकतों व मगफिरतों का महिना माह-ए-रमजान अब अंतिम चरण में है। अब इसके साथ ईद की तैयारियां भी शुरू हो गई है सऊदी में चांद के दीदार होते ही भारत में मुस्लिम समुदाय के द्वारा ईद का जश्न मनाया जायेगा। अलविदा जुम्मे की नमाज सभी मस्जिदों में समय पर अदा की गयी। शहर के छः महान स्थित जामा मस्जिद, बाजार स्थित चौक बाजार मस्जिद, पहाड़ी मुहल्ला स्थित नूरी मस्जिद, कुंड मुहल्ला स्थित मिल्लत मस्जिद, मुस्लिमनगर स्थित मदीना मस्जिद, अहले हदीस मस्जिद,



मोहम्मदिया मस्जिद, शाहपुर स्थित तैबा मस्जिद समेत तमाम मस्जिदों में नमाज-ए-जुमा अदा की गई। इस मौके पर जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती मोहम्मद शाहनवाज कासमी ने बताया कि रमजान का रोजा फर्ज है। उन्होंने कहा कि जो रमजान में सवाब की नियत से रोजा रखता है, अल्लाह ताला उसके पिछले गुनाह माफ कर देते है। मुफ्ती मो शाहनवाज कासमी ने बताया कि रमजान में कुरान-ए-करीम की तिलवत ज्यादा से ज्यादा करनी चाहिए। जनाब कासमी ने बताया कि अल्लाह के नबी हजरत मोहम्मद मुस्तफा सलल्लाहो अलैहे वसल्लम ने फरमाया रमजान मे सदका करना सबसे ज्यादा सवाब है। रमजान में गरीबों और मिस्कीनों की ज्यादा से ज्यादा मदद करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि नबी सलल्लाहो अलैहे वसल्लम ने बताया जब रमजान आता है तो जन्नत के दरवाजे खोल दिया जाते है और जहन्नम के दरवाजे बंद कर दिये जाते है। दरगाह आला हजरत मुफ्ती रजा कादरी ने बताया कि माहे रमजान का आखिरी जुमा, जुमा-तुल-विदा कहलाता है। ये रमजान के विदा होने का पैगाम है।अब जो रमजान के आखिरी लम्हें बचे उनको गनीमत जान कर उनकी कद्र करें। इस माह में गफलत हुई हो, तो उसकी माफी के लिए इन आखिरी लम्हों से फायदा उठा लें। उन्होंने मुल्क (देश) के लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग जुमा-तुल-विदा और ईद-उल-फितर के त्योहार को अमन-ओ-सुकून (शांति) के साथ मनाएं। वही शाही जामा मस्जिद समेत शहर की सभी प्रमुख मस्जिदो में अलविदा जुमे की नमाज अदा की गयी। मस्जिद परिसर के अंदर ही लोगों ने नमाज अदा की। मस्जिद के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल के जवान मौजूद रहे। शहर काजी जैनुस ने कहा कि ईद की नमाज पूर्व की तरह ईदगाह में 7.45 बजे होगी। एक माह के रमजान के बाद खुले मैदान में नमाज पढ़ने का बड़ा सवाब होता है। उन्होंने कहा कि ईदगाह भरने के बाद भी अगर लोग शेष बचते हैं तो वह सड़कों पर नमाज अदा कर सकेंगे पर इस बात का ध्यान रखना होगा कि इससे दूसरे लोगों को परेशानी न हो। नमाज के बाद दुआ कराई गई।

**सुरक्षा के कड़े इंतजामः** अलविदा जुमे पर कड़े सुरक्षा बंदोबस्तों के बीच अकीदतमंदों ने नमाज अदा की। मस्जिद के भीतर ही नमाज अदा की गई। जिला प्रशासन के ओर से सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। स्थानीय मस्जिदों में किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो इसके लिए निगम भी पूरी तरह मुस्तैद रहा।

### आज ईद-उल-फितर की नमाज का वक्त

आज ईद-उल-फितर के नमाज के लिए शहर के प्रमुख मस्जिदों में तय वक़्त के नमाज अदा की जाएगी।जिसमें जामा मस्जिद मुहान में 8.15 बजे, छोटी मस्जिद मेन बाजार 7.30 बजे,नूरी मस्जिद पहाड़ी मुहल्ला 7.00 बजे, मदीना मस्जिद मुस्लिमनगर 7.40 बजे,मिललत मस्जिद कुण्ड मुहल्ला 8.15 बजे, मस्जिद-ए-हेरा राईन मुहल्ला 8.30 बजे,अलकसीम मस्जिद नावाटोली 8.30 बजे,अहले हदीस मस्जिद मुस्लिमनगर 6.45 बजे, शाहपुर मस्जिद-ए-तैबा पनेरीबांद,7.30 बजे, मस्जिद -ए इमामियां इमामियां मुहल्ला 7.30 बजे, मस्जिद-ए-रहीमियां गढ़वा रोड़ 8.00 बजे, मस्जिद-ए-सैयदना,चिश्तिनगर पनेरीबांध 7.45 बजे, गौसिया मस्जिद नई मुहल्ला 7.30 बजे,जामा मस्जिद कौरैशी मुहल्ला 8.30 बजे,चैनपुर जामा मस्जिद चैनपुर 8.00 बजे, हमादिया मस्जिद थाना रोड़7.45 बजे, जामा मस्जिद नेउरा 7.00 बजे,छोटी मस्जिद नेउरा 7.30 बजे,छतरपुर जामा मस्जिद खाटीन 8.00 बजे, मसिहानी मस्जिद मसिहानी 8.30 बजे, मानदेया खान मस्जिद मानदेया 7.30 बजे, अंसारी टोला मस्जिद अंसारी टोला 7.30 बजे ईद-उल-फितर की नमाज पढ़ी जायेगी।

## जनता दरबार में कई मामलों का हुआ ऑन द स्पॉट निपटारा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे शुक्रवार को साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के दूर-दराज ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों से आये 30 से अधिक फरियादियों की समस्याओं से अवगत हुए। उपायुक्त श्री दोड्डे ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को उक्त मामलों के त्वरित निष्पादन के निर्देश दिये। इस दौरान कई मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन भी किया गया। वहीं कई मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारीयों को आवेदन हस्तांतरित कर मामले के त्वरित निष्पादन करने के निर्देश दिये। आयोजित जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि संबंधित मामले, मुफ्त विद्युत कनेक्शन, आपूर्ति संबंधित मामले, आवास व पेंशन समेत अन्य मामले आये।

**उपायुक्त ने 50 हजार रूपए की आर्थिक मदद की :** जनता दरबार में लेस्लीगंज के गेठा निवासी जितेंद्र कुमार सिंह ने अपने सात वर्षीय पुत्र दिव्यांशु राज जो कि कैंसर पीड़ित बच्चा है उसके लिये आर्थिक मदद की मांग की। उन्होंने उपायुक्त को बताया कि बच्चे के इलाज में अब तक 15 लाख से अधिक रुपये खर्च हो गये हैं फिर भी इलाज जारी है साथ ही उन्होंने रिम्स में आयुष्मान कार्ड को मान्य नहीं देने की भी शिकायत की। इसपर उपायुक्त ने तत्काल 30 हजार रुपये की आर्थिक मदद की साथ ही स्वास्थ्य के डीपीएम को उनके आयुष्मान कार्ड से संबंधित अड़चन को दूर करने हेतु निर्देशित किया। इसी तरह एक अन्य कैंसर पीड़ित वृद्ध को उपायुक्त ने 20 हजार रुपये का आर्थिक सहयोग किया।

**बिजली के करंट से अपना पति खो चुके पीड़िता को मुआवजा देने के निर्देश :** जनता दरबार में पाटन के ग्राम मेराल से आयी कलावती देवी ने उपायुक्त को बताया कि 10 जुलाई 2022 को 33 हजार वोल्ट का तार गिर जाने के कारण उनके पति मिथिलेश राम का देहांत हो गया है। उन्होंने कहा कि उनके पति के जाने के बाद घर में दूसरा कोई कमाने वाला सदस्य नहीं बचा है उनके छोटे-छोटे बच्चे हैं जिनका भरण पोषण मुश्किल हो रहा है।अतः उन्होंने उपायुक्त से मुआवजा दिलाने हेतु अनुरोध किया इसपर उपायुक्त ने ऑन स्पॉट बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता को बुलाकर उक्त महिला को मुआवजा देने की बात कही।

### ईद त्योहार को लेकर शहर में निकला गया फ्लैग मार्च



**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के निर्देशानुसार शहर थाना के एसआई उपेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार की शाम पुलिस ने ईद के मद्देनजर फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च में 50 से अधिक पुलिस जवान मौजूद थे। शहर में फ्लैग मार्च कर पुलिस जवानों ने अपने तेवर दर्शा दिए। इस दौरान लोगों से अपील की गई कि शांतिपूर्ण तरीके से ईद त्योहार मनाएं। त्योहार के दौरान अफवाहों पर ध्यान न दें। पुलिस पैदल मार्च के दौरान शहर के हॉस्पिटल चौक,पहाड़ी मोहल्ला,कनीराम चौक,सब्जी बाजार होते हुए पुनः थाना पहुंची। मौके पर उपस्थित एसआई उपेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि ईद त्योहार के मौके पर शहर की सभी मस्जिदों में पुलिस बल की तैनाती रहेगी।उन्होंने कहा कि ईद के त्योहार को लेकर शहर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये है। खासकर, असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जा रही है। ईद को लेकर शहर और आसपास के इलाकों के धार्मिक स्थलों के बाहर पुलिस बल के जवानों की अतिरिक्त तैनाती की जाएगी।

### प्रेम प्रसंग में युवती ने जहर खाकर की आत्महत्या

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम महूगांवा निवासी नागेंद्र प्रसाद चौरसिया की पुत्री पूजा कुमारी उम्र 18 वर्ष की मौत जहरीला पदार्थ खाने से हो गई। जानकारी के अनुसार चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम महूगावा निवासी नागेंद्र प्रसाद चौरसिया की पुत्री पूजा कुमारी गुरुवार की शाम 4:00 बजे जहरीला पदार्थ का सेवन कर ली जिसमें उसकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान गुरुवार की रात्रि 9:00 बजे उसकी मौत हो गई। वहीं इस घटना के बारे में मृतक के पिता नागेंद्र प्रसाद चौरसिया ने बताया कि हमारे गांव का एक लड़का बिट्टू चौरसिया पिता मुरारी चौरसिया हमारी लड़की पूजा से फोन पर दो वर्षो से हमेशा बातचीत करता था। इसी बीच गुरुवार को सुबह 11:00 बजे मेरी पुत्री पूजा कुमारी को बिट्टू चौरसिया गाड़ी पर बैठा कर उसे घुमाने ले गया और घुमा कर लाने के बाद उसे गांव के ही आसपास फेक कर फरार हो गया।

**चिंतनीय**


### पलामू में छह कोरोना संक्रमित

## बढ़ते मामलों के बीच आरटीपीसीआर जांच बंद


**केमिकल के लिए राज्य सरकार से मांग की गई है, जल्द ही स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध करायी जायेगी : सिविल सर्जन**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में कोविड 19 पांव पसार रहा है। लेकिन इन सब के बीच एक बड़ी खबर निकल कर सामने आ रही है कि पलामू में आरटीपीसीआर जांच बंद है। स्वास्थ्य विभाग के पास आरटीपीसीआर किट तो है लेकिन इसकी जांच के लिए केमिकल मौजूद नहीं है। जिस कारण पलामू में कई महीनों से आरटीपीसीआर के माध्यम कोविड 19 की जांच नहीं हो रही है। पलामू में फिलहाल छह लोग कोरोना से संक्रमित हैं। पलामू के मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में राज्य सरकार ने करोड़ों की लागत से कोविड 19 की जांच लैब को स्थापित किया था। एमएमसीएच की यह लैब राज्य की पांच बड़ी लैब में से एक है। इस




लैब में पलामू, गढ़वा और लातेहार के लोगों की आरटीपीसीआर के माध्यम से कोविड जांच होती है। कई मामलों में उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और बिहार के लोग भी पलामू में जांच के लिए पहुंचते हैं। ये लैब प्रतिदिन 1 हजार 600 के करीब सैंपलों की जांच रिपोर्ट देती है। लेकिन कई महीनों से पलामू में आरटीपीसीआर जांच बंद है। पलामू सिविल सर्जन अशोक कुमार ने कहा कि जरूरी केमिकल के लिए राज्य सरकार को लिखा गया है जल्द ही पलामू जिला स्वास्थ विभाग को उपलब्ध करवा दी जाएगी। सिविल सर्जन ने बताया कि पलामू में फिलहाल रैपिड एंटीजेन टेस्ट किट से कोविड 19 की जांच की जा रही है। पलामू जिले के पास 19 हजार 624 रैपिड एंटीजेन टेस्ट किट मौजूद हैं जबकि 21 हजार 51एट आरटी पीसीआर किट है। सिविल सर्जन अशोक कुमार ने बताया कि फिलहाल पलामू में वैक्सीनेशन बंद है, पलामू जिला के पास कोविड19 की वैक्सीन मौजूद नहीं है। सिविल सर्जन ने आम लोगों से अपील की कि वो कोविड 19 से घबराएं नहीं बल्कि इससे सावधान रहें। 2020 के बाद से पलामू में कोविड 19 से 14 हजार 361 लोग संक्रमित हो चुके हैं, जिनमें से 11 लोगों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पलामू में कोविड 19 से रिकवरी रेट 99.44 है।



## NEWS इन ब्रीफ

### रेलवे स्टेशन के पास महिला का शव बरामद

**मेराल।** रेलवे स्टेशन के पास कुएं से एक अधेड़ महिला का शव शुक्रवार को बरामद किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला के रहन-सहन तथा क्रियाकलाप से प्रतीत होता है कि उसकी मानसिक स्थिति अच्छी नहीं थी। इस संबंध में थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि जानकारी मिलने के बाद महिला के शव को कुआं से निकलवा कर अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा भेजा गया है। मृत महिला की उम्र करीब 40 वर्ष है। अंत्य परीक्षण के बाद शव का पहचान के लिए शव गृह मे रखा गया है।

### मनाया गया आंबेडकर का जन्मोत्सव

**डंडाई।** प्रखंड के रारो गांव में शुक्रवार को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 132 वां जन्मोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। उक्त अवसर पर उनके चित्र पर मोमबत्ती का कैंडल जला माल्यार्पण करने का काम किया गया। उसके बाद ग्रामीणों की बड़ी तादाद में शोभायात्रा निकाला गया। रारो बाजार से शोभा यात्रा प्रारंभ होकर उत्तर मुस्लिम टोला होते पूरे गांव में भ्रमण किया। शोभा यात्रा में प्रमुख रूप से पंचायत की मुखिया सुनीता देवी, कामोदा देवी, परमानंद विश्वकर्मा, शिवकुमार विश्वकर्मा, सोहर राम, शिवनाथ शाह, मनोज नीरज,नकछेदीकांत राम, कमला देवी, प्राण यादव इत्यादि लोगों ने भाग लिया। मौके पर शिव कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि डॉ आंबेडकर समानता का अधिकार देने वाले देश के पहले नेता हैं। उन्होंने अपने कलम के बदौलत देश को संविधान देने का काम किया है। उनकी अनुकरणीय कार्यों को हम सभी कभी नहीं भूल सकते। साथ ही कहा कि अंबेडकर की विचारधारा समतामूलक समाज का निर्माण करना था।

### सहिया चयन के लिए तिथि निर्धारित की

**रमना।** सिलिदाग पंचायत में कुल तीन स्वास्थ्य सहिया के पुनः चयन की तिथि सिलिदाग मौजा में दो सहिया चयन के लिए दिनांक 25/4/23 और मंगरा मौजा के एक सहिया चयन के लिए 26/4/23 को निर्धारित किया गया है। जिसके लिए कुल दस स्वास्थ्य कर्मियों का एक टीम बनाया गया है।जिससे चयन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार कि कोई गड़बड़ी नहीं हों और योग्य सहिया का चयन हों सके। ज्ञात हों कि सिलिदाग पंचायत में सहिया चयन में बिटीटी संजय गुप्ता के द्वारा मनमानी एवं नियम विरुद्ध चयन करने का मामला उजागर हुआ था जिसके विरुद्ध ग्रामीणों ने मुखिया अनीता देवी को बिटीटी संजय गुप्ता के द्वारा सहिया चयन में अनियमितता एवं मोटी रकम घुस लेकर बिना आम सभा के ही स्वयं अपने द्वारा कुल तीनो सहिया का चयन कर अनुमंडलिय चिकित्सा पदाधिकारी को सूचित कर दिया गया,इसकी लिखित सुचना मुखिया को दिये, जिस पर मुखिया अनीता देवी ने ग्रामीणों द्वारा दिये गये आवेदन पर अग्रिम कारवाई हेतु अनुमंडलिय उपाधिक्षक को सूचित किया।

### कर्मियों ने कहा, जब तक मांग पूरी नहीं होती हड़ताल जारी रहेगी

# फिर हड़ताल पर 108 एंबुलेंस कर्मी, आज से सेवा बाधित

**गढ़वा। प्रतिनिधि**

जिले में जिकत्जा हेल्थ केयर लिमिटेड की ओर से संचालित 108 एंबुलेंस का परिचालन एक बार फिर शुक्रवार से बंद हो गया। बीते 5 अप्रैल को भी 108 एंबुलेंस चालक ने हड़ताल की थी, जिसके बाद कंपनी की ओर से लिखित आश्वासन दिया गया था कि उन्हें पैसा भुगतान कर दिया जाएगा, लेकिन लिखित आश्वासन के बाद भी मानदेय भुगतान नहीं होने पर शुक्रवार से पुनः हड़ताल पर चले गए हैं। जिले भर के 108 एंबुलेंस के चालक और ईएमटी के कर्मियों ने अपनी विभिन्न मागों को लेकर सदर अस्पताल में 108 एंबुलेंस खड़ी कर हड़ताल पर बैठ गए हैं। ऐसे में जिले भर के मरीजों को अस्पताल आना मुश्किल हो गया है।



हड़ताल पर गए कर्मियों का कहना है जिले में जिकत्जा हेल्थ केयर लिमिटेड से 108 एंबुलेंस का परिचालन हो रहा है। उसमें एंबुलेंस चालक और इमरजेंसी मेडिकल टैक्निकल को रखा गया है। लेकिन पिछले छह महीने से उन्हें मानदेय नहीं दिया गया है। कर्मियों ने कहा कि पिछली हड़ताल के बाद कंपनी की ओर से गाड़ियों को ठीक कराने एवं समय पर मानदेय देने का लिखित आश्वासन दिया गया था। लेकिन मानदेय अब तक नहीं दिया गया, जिसके कारण हमने फिर से हड़ताल शुरू कर दी है। कर्मियों ने कहा कि जिले में चल रही 108 एंबुलेंस आधी से अधिक जर्जर हैं। ऐसे में मरीज को अस्पताल लाने के दौरान कई एंबुलेंस रास्ते में खराब हो जाती हैं। उसके बाद भी पदाधिकारियों की ओर से उन्हें जबरन मरीज को अस्पताल लाने को कहा जाता है। कर्मियों ने कहा कि 14 नवंबर 2022 को ही कंपनी की ओर से कर्मियों को टर्मिनेट कर दिया गया है। उसके बाद भी कर्मियों से काम लिया जा रहा है। कर्मियों ने कहा कि सभी कर्मियों का मासिक पीएफ कट रहा है लेकिन मानदेय नहीं दिया जा रहा है। कर्मियों ने कहा कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं की जाती तब तक उनकी हड़ताल चलती रहेगी। हड़ताल पर बैठने वालों में प्रवीण कुमार राम, विनय राम, अमित कुमार राम, राजू कुमार, आशिष कुमार सिंह, वकिल ठाकुर, प्रवेश प्रजापति, फिरदोश अंसारी, नीरज तिवारी, पुष्प रंजन, मनोज कुमार, सूरज कुमार, संजय कुमार राम, नंद लाल राम, शितल गुप्ता, अजय ठाकुर शामिल रहे।

# सचिव ने डकारे विद्यालय भवन शौचालय व चापाकल की राशि

## जेई ने रिकवरी के लिए जिले के वरीय अधिकारी को लिखा पत्र

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

प्रखंड के बसेरियालेवा और अधौरा के सचिव द्वारा 84 हजार 547 रुपये सरकारी राशि डकार लिये जाने का मामला उजागर हुआ है। इस संबंध में विभाग के जेई ने जिला के पदाधिकारी को राशि की रिकवरी करवाने के लिए लिखा है। भवनाथपुर प्रखंड अंतर्गत नव प्राथमिक विद्यालय बसेरियालेवा के प्रधानाध्यापक सह सचिव अनिल प्रसाद गुप्ता को 2008-09 में विद्यालय भवन, शौचालय तथा चापाकल स्थापित करवाने हेतु 4 लाख 92 हजार 662 रुपये आवंटित करते हुए सचिव के खाते में बतौर अग्रिम राशि भुगतान कर दिया। लेकिन विद्यालय के सचिव अनिल प्रसाद गुप्ता बगैर चापाकल स्थापित करवाये ही 33 हजार 882 रुपये राशि की निकासी कर डकार गये। इसके कारण विद्यालय में अध्ययनरत बच्चे आज भी बगल में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में स्थापित चापाकल से पानी पीने को मजबूर हैं।



चापाकल की प्रतिकात्मक तस्वीर

उसी तरह से 2008-09 में ही नव प्राथमिक विद्यालय अधौरा में भी विद्यालय भवन, शौचालय और चापाकल निर्माण करने हेतु 4 लाख 92 हजार 882 रुपये सचिव संजय कुमार के खाते में अग्रिम राशि आवंटित हुई थी। लेकिन सचिव ने बगैर शौचालय बनाये ही शौचालय निर्माण की राशि 50 हजार 665 निकासी कर डकार लिए। इसके बाद विभाग के जेई ने योजना की भौतिक स्थिति की जांच में चापाकल तथा शौचालय स्थापित नहीं किये जाने का मामला सामने आने के बाद कई मर्तबा संबंधित विद्यालय के सचिव को चापाकल और शौचालय स्थापित करने का दबाव बनाया। इसके बावजूद एक दशक से भी अधिक समय गुजर जाने के बाद भी संबंधित विद्यालय के सचिव द्वारा न तो चापाकल स्थापित कराया गया और न तो शौचालय ही बनाया गया। सचिव के मनमानी रवैये के कारण जेई ने जिले के वरीय पदाधिकारी को योजना की राशि रिकवरी के लिए लिखा है।

### क्या कहते हैं जेई

इस संबंध में जेई धनजंय पांडेय ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि विद्यालय भवन, शौचालय तथा चापाकल हेतु विभाग द्वारा वितीय वर्ष में सचिव के खाते में अग्रिम राशि आवंटित की गई, जिसमें योजना पूर्ण कराये बिना ही सचिव द्वारा राशि की निकासी कर ली। जिला के वरीय पदाधिकारी को रिकवरी के लिए लिखा गया है।

# प्रमुख ने लगाया बीटीएम पर मनमानी करने का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने शुक्रवार को बीडीओ मुकेश मछुआ को पत्राचार कर बीटीएम ओमप्रकाश कुमार पर मनमानी करने की शिकायत की है। प्रमुख चंद्रावती देवी ने कहा है कि बीटीएम ओमप्रकाश कुमार हमेशा केतार प्रखंड क्षेत्र से बाहर रहते हैं। कुछ बिचौलिया और नेता किस्म के लोगों से सांठ गांठ करके सरकार द्वारा मिलने वाले लाभों को अपने आफिस में बैठकर ही वितरित कर देते हैं। जिस कारण योग्य लाभुकों को इसका लाभ नहीं मिल पाता है। उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा शिकायत मिली है कि बीटीएम ओमप्रकाश कुमार द्वारा मूंग की बीज का वितरण पहले से ही सेटिंग कर और रिश्वत लेकर कुछ नेता टाइप के लोगों के बीच कर दिया गया है। नियम को ताक पर रखकर बीटीएम ओमप्रकाश कुमार ने इसकी सूचना प्रखंड प्रमुख और पंचायत के अन्य जनप्रतिनिधियों को देना मुनासिब नहीं समझा। सिर्फ किसानों का हक मारकर अपनी जेब भरने में लगे हैं। प्रमुख चंद्रावती देवी ने मूंग की बीज के वितरण में लाभुकों की गहनता से जांच करते हुए बीटीएम पर कारवाई करने का आग्रह कि है।

# जल संरक्षण पर चलाया गया जागरूकता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

आरकेपीएस गढ़वा में जल संरक्षण पर जागरुकता अभियान के तहत सभी छात्र-छात्राओं के बीच निबंध, पेंटिंग व स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई।इस विषय पर स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने असेंबली में उपस्थित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं को जल संरक्षण करने के महत्व एवं जल संरक्षण के सभी तरीके को बताया। उन्होंने कहा कि जीवन के सभी कार्यो को संपादित करने के लिए जल चाहिए,यही कारण है कि ₹जल है तो जीवन है₹ कहा जाता है। पृथ्वी का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा पानी से घिरा है लेकिन पृथ्वी के कुल जल का लगभग 1 प्रतिशत भाग ही मानव के पीने योग्य है क्योंकि 97 प्रतिशत जल महासागरों में तथा 2 प्रतिशत जल हिमनदों में निहित है। अगर हम आज नहीं जगे तो आने वाला कल बिना जल का होगा।



## Office of the Nagar Parishad, Lohardaga

**E-Procurement Notice**

**NIT No: LNP/14/2022-23(4th Call)**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction & Commissioning of Fecal Sludge Treatment Plant of Capacity 21 KLD at Lohardaga town (Jharkhand) followed by Operation and Maintenance including desludging operations for 5 years. |
| 2. | Estimated Cost (INR) | Construction Cost: ₹ 3,65,35,405<br>Operation & Maintenance Cost: ₹ 2,10,85,899<br>Total: ₹ 5,76,21,304/- |
| 3. | Bid Security (INR) | ₹ 5,76,000/-. (Rupees Five Lakhs Seventy-Six Thousand Only) |
| 4. | Cost of Bid Document (INR) | ₹ 25,000/- (Twenty five Thousand Only); non-refundable |
| 5. | Time of Completion | 1 year of construction which comprises 9 months of construction and 3 months of defect liability period including one month of trial run and 5 years of O&M post DLP |
| 6. | Date of e-publication of tender | 24-04-2023 at 10:30 AM |
| 7. | Document downloading start Date | 24-04-2023 at 11:30 AM |
| 8. | Start date for seeking clarification | 24-04-2023 (nagarparishadlohardaga@gmail.com) |
| 9 | End date for seeking clarification | 02-05-2023 |
| 10 | Pre bid meeting date, Time & Venue | 03-05-2023 up to 12:30 PM (Office Nagar Parishad, Lohardaga) |
| 11 | Bid submission end date | 15-05-2023 up to 05:00 PM |
| 12 | Last day for the submission of Bid Security, cost of bid document | 16-05-2023 up to 03:00 PM |
| 13 | Bid opening date (online) | 16-05-2023 up to 05:00 PM |
| 14 | Mode of Submission of Bids | e-Tendering (https://jharkhandtenders.gov.in) |
| 15 | Name & address of office Inviting tender | Executive Officer, Nagar parishad Lohardaga |
| 16 | Helpline number | 9304502260 |

*Note:- Only e-Tenders will be accepted.*
Complete bid document is available on website http://Jharkhandtenders.gov.in

Excutive Officer
Nagar parishad Lohardaga

PR 295649 Lohardaga(23-24)D

# अलविदा जुमे की नमाज की गई अदा

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**

प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न क्षेत्रों में शुक्रवार को रमजान उल मुबारक के अलविदा जुमे की नमाज अदा की गई। प्रखंड मुख्यालय डंडई स्थित जामा मस्जिद में पेश इमाम मौलाना आदम ने अलविदा जुम्मा की नमाज अदा कराई। रारो मस्जिद में पेश इमाम मौलाना मुस्तकीम, जरही में हाफिज कयामुद्दीन, वालाझखड़ा में मौलाना रियाज, तसरार में हमफीज अरशद ने अलविदा जुम्मा की नमाज अदा कराई। इधर रमजान के आखिरी जुम्मा को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों में विशेष उत्साह व उमंग देखा गया। मुस्लिम समाज कि औरतें शुक्रवार की सुबह से ही अपने अपने घरों की साफ-सफाई के साथ घरों को सजाने में लग गए।वहीं छोटे-छोटे बच्चे से लेकर बड़े लोग भी साफ सुथरे व नए नए कपड़े पहन, इत्र व खुशबू लगाकर मस्जिदों में अपनी जगह पक्की करते देखे गए। अलविदा जुम्मा को लेकर मस्जिदों में काफी भीड़ देखी गई। वही मस्जिद इंतजामियां कमेटी के द्वारा वजू का पानी, टेंट, जानमाज, ध्वनि विस्तारक यंत्र का बेहतर इंतजाम किया गया था।



### रोजेदारों ने मांगी शांति की दुआ

**श्री बंशीधर नगर।** पवित्र माह ए रमजान महीना के अंतिम जुम्मे को हजारों रोजेदारों ने अलविदा की नमाज अदा किया।तपती धूप व भीषण गर्मी में मस्जिदों में जाकर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अलविदा की नमाज अदा किया अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों मे अलविदा का नमाज अदा किया गया अलविदा के नमाज जामा मस्जिद नगर उंटारी,जामा मस्जिद चेचरिया, बरडीहा जामा मस्जिद, नरही मस्जिद, कधवन मस्जिद,कोइन्दी मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में अलविदा की नमाज अदा की गई।

### इफ्तार पार्टी का आयोजन

**मेराल।** मुख्यालय के मकुना टोला में समाजसेवी जफीर अंसारी द्वारा रोजेदारों को रोजा खुलवाया गया। रोजेदारों ने अलविदा जुम्मा के नमाज अदा करने के बाद साम में जफीर अंसारी के आवास पर इफ्तार पार्टी में भाग लिया इफ्तार करने के बाद कारी कमालुद्दीन अंसारी के द्वारा नमाज अदा कराया गया समाजसेवी जफीर अंसारी के द्वारा प्रतिवर्ष रमजान महीने के मौके पर रोजेदारों को इफ्तार पार्टी का आयोजन कर रोजा खुलवाने का कार्य करते हैं साथ ही आपसी एकता का मिसाल पेश करते हुए सभी जाति धर्म के लोगों को इफ्तार पार्टी देते हैं इस अवसर पर हाजी गुलाम मौलाना यासीन अंसारी सोनू अंसारी कयूम अंसारी पूर्व मुखिया देवी शरण पासवान झामुमो कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष सूर्य प्रकाश उर्फ सुड्डू कामेश्वर सिंह सुनील सिंह प्रमोद महाजन जगजीवन राम नूरुल अंसारी रहमुद्दीन अंसारी आलम अंसारी यासीन अंसारी अशरफ अंसारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### प्रभाव नवीन मेल में छपी पेयजल संकट की खबर ट्वीट की

# विधायक ने पेयजल मंत्री को लिखा पत्र

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी(गढ़वा)**

राष्ट्रीय नवीन मेल में शुक्रवार के अंक में पेयजल संकट पर प्रमुखता से छपी खबर पर स्थानीय विधायक भानु प्रताप शाही ने संज्ञान लिया है। उन्होंने पेपर कटिंग को टैग करते हुए पेयजल स्वच्छता मंत्री को ट्वीट करने के साथ ही पत्र लिख कर उनका इस ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा है कि भवनाथपुर विधानसभा के खरौंधी प्रखंड सहित सभी 10 प्रखंडों में पेयजल की घोर समस्या उत्पन्न हो गया है। आधे से अधिक चापाकल सूख गए हैं और बाकी खराब पड़े हुए हैं। ऐसी परिस्थिति में गांवों, कस्बों और शहरों में हाहाकार मचा हुआ है।



विधायक ने अपने पत्र में लिखा है कि जल नल कार्ययोजना उनके क्षेत्र में पूर्ण नहीं होने के कारण परिस्थिति और विकट हो गयी है। विधायक ने इस संबंध में पदाधिकारियों को आड़े हाथों लिया है। साथ ही भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में प्राथमिकता के आधार पर पेयजल संकट से निजात दिलाने की मांग की है। ज्ञात हो की राष्ट्रीय नवीन मेल ने अपने शुक्रवार के अंक में खरौंधी प्रखंड के 58 सरकारी स्कूलों में से आधे से अधिक चापाकलों के खराब होने और जलस्तर नीचे जाने के कारण परेशानी बढ़ने से संबंधित खबर प्रकाशित की थी। इसमें बताया गया था कि खरौंधी के 58 सरकारी स्कूलों में से 29 में चापाकल खराब पड़े हैं। जलस्तर नीचे जाने के कारण पानी की समस्या और बढ़ गई है।




### पंचायत समिति कार्यान्वयन समिति की समीक्षा बैठक

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को पंचायत समिति कार्यान्वयन समिति की समीक्षा बैठक प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सचिव पंचायत समिति श्रवण राम ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधि, कर्मी एवं पदाधिकारियों का स्वागत किया। बैठक में प्रखंड अंतर्गत सभी कार्यालयों के नाम रेलवे स्टेशन ,डाकघर का नाम नगर उंटारी से बदलकर श्री बंशीधर नगर करने का प्रस्ताव रखा गया। सभी सदस्यों से इस विषय पर अपने विचार व्यक्त किये.बीडीओ ने बताया कि नगर उंटारी स्थित श्री बंशीधर मंदिर अति प्राचीन मंदिर है। राष्ट्रीय पटल पर पहचान दिलाने हेतु सभी सरकारी गैर सरकारी संस्थानों का नाम नगर उंटारी से बदलकर श्री बंशीधर नगर करने का प्रस्ताव सभी ग्राम पंचायतों से पारित कर पंचायत समिति को उपलब्ध कराया गया है।

## प्रपत्र VII

## समाहरणालय पलामू, विशेष भू-अर्जन कार्यालय (शाखा मेदिनीनगर, पलामू) या उपायुक्त, पलामू या समुचित सरकार

**अधिघोषणा**

(अधिनियम 30/2013 की धारा **19(1)** के अधीन)

पत्रांक 108 मेदिनीनगर दिनांक 19.04.2023

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता पलामू को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–हल्दी मिन्हाई, थाना–पांकी, थाना नं0–538, अंचल–पांकी, जिला–पलामू में कुल 4.42 एकड़ भूमि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा अमानत बराज निर्माण हेतु अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि ग्राम– हल्दी मिन्हाई, थाना–पांकी, थाना नं0–538, अंचल–पांकी, जिला–पलामू में उपर्युक्त परियोजना के लिए कमोबेश 4.42 एकड़ मानक माप का भूमि अर्जनाधीन है, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है –

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | खेसरा | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (ए0 में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम | सीमा रेखा संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 01 | 9 | 71 | रैयती | कृषि | 0.16 | विनोद सिंह पिता स्व0 गुरूचरण सिंह, सखी सिंह वो योगेन्द्र सिंहं पिता स्व0 तपसी सिंह, जितेन्द्र सिंह पिता स्व0 साह जनाथ सिंह, धिराज सिंह वो दिलीप सिंह, अवधेश सिंह पिता स्व0 सुराज सिंह, सुनिल सिंह वो मनोज सिंह पिता स्व0 करधनी सिंह, नागेन्द्र सिंह वो मुकेश सिंह पिता स्व0 उदेश्वर सिंह | खेसरा 71 का अंश | खेसरा 70 का अंश | खेसरा 71 का अंश | खेसरा 70 का अंश |
| 02 | 9 | 70 | रैयती | कृषि | 0.10 | | खेसरा 70 का अंश | | | |
| 03 | 9 | 114 | रैयती | कृषि | 0.33 | | खेसरा 114 का अंश | | | |
| 05 | 9 | 71 | रैयती | कृषि | 0.21 | राधेश्याम सिह पिता स्व0 मटुकधारी सिंह, चितरंजन सिंह पिता स्व0 अमरजीत सिंह, बैजनाथ सिंह पिता स्व0 सकलधारी सिंह, भाग सिंह सुराज सिंह वो झरी सिंह वो शिबू सिंह पिता स्व0 देवदास सिंह, हिरादानन्द सिंह पिता स्व0 हरदास सिंह | खेसरा 71 का अंश | खेसरा 70 का अंश | खेसरा 70 का अंश | खेसरा 70 का अंश |
| 06 | 9 | 114 | रैयती | कृषि | 0.66 | | खेसरा 114 का अंश | | | |
| 07 | 9 | 114 | रैयती | कृषि | 1.22 | रामध्यान सिंह वो कमख्या नारायण सिंह, धर्मनाथ सिंह, रधिका सिंह पिता स्व0 यादो सिंह, सुजीत सिंह, सुदेश सिंह पिता स्व0 कृष्णा सिंह, जनार्दन सिंह, देवराज सिंह, शिवनाथ सिंह, भुनेश्वर सिंह पिता स्व0 चलीतर सिंह, प्रभुवन प्रजापति वो चन्द्रदेव प्रजापति, यदुनन्दन प्रजापति वो अनिल प्रजापति उर्फ अनिरूद्ध प्रजापति पिता स्व0 बालमिकी प्रजापति | खेसरा 114 का अंश | खेसरा 71 का अंश | खेसरा 114 का अंश | खेसरा 114 का अंश |
| 09 | 9 | 67 | रैयती | कृषि | 0.25 | प्रभुवन प्रजापति वो चन्द्रदेव प्रजापति पिता स्व0 महेश प्रजापति, यदुनन्दन प्रजापति वो अनिल प्रजापति उर्फ अनिरूद्ध प्रजापति पिता स्व0 बालमिकी प्रजापति, रामध्यान सिंह वो कमख्या नरायण सिंहं, धर्मनाथ सिंह, रधिका सिंह पिता स्व0 यादो सिंह, सुजीत सिंह, सुदेश सिंह पिता स्व0 कृष्णा सिंह, जनार्दन सिंह, देवराज सिंह, शिवनाथ सिंह, भुनेश्वर सिंह पिता स्व0 चलीतर सिंह साकिन चन्द्रपुर बुधन सिंह पिता स्व0 मलारू सिंह | खेसरा 67 का अंश | | | |
| 10 | 9 | 114 | रैयती | कृषि | 0.72 | | खेसरा 114 का अंश | | | |
| 11 | 9 | 71 | रैयती | कृषि | 0.14 | लल्लू साव वो शिवकुमार चौरसिया पिता स्व0 मनोहर साव, जय प्रकाश चौरसिया पिता स्व0 अकलू साव ग्राम नुरू | खेसरा 71 का अंश | | | |
| 12 | 9 | 67 अंष | रैयती | कृषि | 0.30 | बंधन सिंह पिता स्व0 कलेवर सिंह | खेसरा 67 का अंश | | | |
| 13 | 9 | 71 | रैयती | कृषि | 0.08 | | खेसरा 71 का अंश | | | |
| 14 | 9 | 70 | रैयती | कृषि | 0.25 | | खेसरा 70 का अंश | | | |
| कुल योग :– | | | | | 4.42 ए0 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों को सुनने और अधिनियम सं0 30/2013 की धारा 15 (A) में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण शून्य है।

ग्राम– हल्दी मिन्हाई, थाना–पांकी, थाना नं0–538, अंचल–पांकी, जिला–पलामू में क्षेत्रफल 4.42 एकड़ भूमि योजना का विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन निरीक्षण किया जा सकता है।

ह0/– विशेष भू–अर्जन पदाधिकारी, उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू।

ह0/– अपर समाहर्त्ता, पलामू।

ह0/– उपायुक्त, पलामू।

PR.NO.295653 Land Reforms(23-24):D

# आज अदा की जाएगी ईद की नमाज, सभी तैयारी पूरी

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को ईद उल फितर की नमाज अदा की जायेगी इसको लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। शुक्रवार को मुस्लिम धर्मावलंबियों ने रमजान के अंतिम जुमे की नमाज अदा की। अलविदा जुमा के नमाज में बड़ी संख्या में लोग मस्जिदों में मौजूद थे। ईधर ईद को लेकर बच्चों, महिलाओं समेत युवाओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। शुक्रवार को लोगों ने जमकर खरीददारी भी की। बाजार में सेवई, इत्र, कपड़े, खजूर, टोपी, रुमाल की दुकानें सजी हैं। बाजार में 100-400 रुपये किलो तक की सेवइयां उपलब्ध है। ईद से एक दिन पहले शुक्रवारीय हाट होने के कारण चंदवा बाजार में काफी भीड़-भाड़ देखी गई। इस वर्ष तपतपाती गर्मी भी रोजेदारों का हौसला नहीं तोड़ पायी। लोग हिम्मत और हौसले के साथ अपने रोजे को पूरा करने में सफल रहे।

**मस्जिदों में ईद की नमाज का समय मुकर्रर :** प्रखंड के विभिन्न मस्जिदों में ईद की नमाज अदा करने के लिए समय मुकर्रर कर दिया गया है। शहर के मदीना मस्जिद में 8 बजे, तिलैयाटाँड़ स्थित फातिमा मस्जिद में 8:30 बजे, जामा मस्जिद में 9 बजे, कामता में 8 बजे, शुक्रबाजार में 8:30 बजे, बोदा में 8:30 बजे।

## ईद उल फितर पर प्रस्तुत है लोगों की राय








**डॉ शम्स रजा (दंत चिकित्सक) :** रोजेदारों के लिए अल्लाह की तरफ से बेशकीमती तोहफा है। सारे गिले शिकवे भूलकर हम सभी भाईचारगी के साथ ईद मनाएंगे। देश में अमन-चैन के लिए दुआ करेंगे। **मो मोजम्मिल (समाजसेवी) :** पूरे माह रोजा रखने और इबादत करने के बाद ईद की खुशी मिलती है। खुश हूं कि हमें ईद जैसा त्योहार मिला। **मो. सरफराज (समाजसेवी) :** अपने दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ ईद मनाऊंगा। ईद-उल-फितर को लेकर उत्साहित हूं। **नसीम स्टार (व्यवसायी) :** ईद का त्योहार समाज में खुशियां फैलाने, पड़ोसियों के सुख-दुःख में भागीदार बनने तथा जन-जन के बीच सौहार्द फैलाने का सबक देता है। **इरशाद मुन्ना (युवा समाजसेवी) :** रमजान का महीना गुजरने का एक तरफ अफसोस है, वहीं दूसरी ओर ईद उल फितर की खुशी। इस बार ईद अपने परिवार और दोस्तों के साथ मनाऊंगा। **अब्दुल बासित (प्रोफेसर रांची कॉलेज):** ईद खुशियां लेकर आता है। यह हमें मिल-जुलकर रहना सिखाता है। ईद पर देश व राज्य की खुशहाली के लिए दुआ करेंगे।

# अलविदा जुमे की नमाज अदा करने को लेकर जामा मस्जिद में रही भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड मुख्यालय एवं आसपास की मस्जिदों में शुक्रवार को अलविदा जुमे की नमाज अदा की गई। प्रखंड के जामा मस्जिद पूर्व सचिव अशफाक अहमद मुन्ना ने बताया कि शुक्रवार की शाम ईद की चांद का दीदार होने पर शनिवार को ईद मनाई जाएगी, जबकि शनिवार शाम को ईद की चांद का दीदार होने पर रविवार को ईद पर्व मनाया जाएगा। ईद पर्व में प्रखंड के जामा मस्जिद में सुबह 8:15 में हाफिज रहमत अली ईद की नमाज अदा करवाएंगे। कादरिया नगर मस्जिद में सुबह 8 बजे हाफिज वसीर नमाज अदा करवाएंगे।



**बालमाथ में पढ़ी अलविदा जुमे की नमाजः बालुमाथ।** प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार मस्जिदों में अलविदा जुमे की नमाज अदा की गई। नमाजियों ने अल्लाहताला से हिंदुस्तान में अमन चैन की दुआ मांगी। मौलाना ने बताया कि शुक्रवार की संध्या को ईद की चांद नजर आती है तो 22 अप्रैल को बालूमाथ ईदगाह और मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की जाएगी।

## NEWS इन ब्रीफ

### अंतर महाविद्यालय सहयोग पर समझौता

**महुआडांड़।** संत जेवियर्स महाविद्यालय, महुआडांड़ के प्राचार्य फादर डॉ एम के जोस के नेतृत्व में प्रोफेसरों और विद्यार्थियों की एक टीम ने होली क्रॉस महिला महाविद्यालय, अंबिकापुर का दौरा किया। इस दौरान होली क्रॉस की प्राचार्य डॉ सांता जोसेफ और फादर एम के जोस की उपस्थिति में दोनों महाविद्यालय ने एमओयू पर हस्ताक्षर किया।

### दो किशोर सड़क दुर्घटना में घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ -पाकी मुख्य मार्ग पर बनियों मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में दो नाबालिग युवक मो. फरमान (17 वर्ष ) पिता मो. इलियास और मो. अमन पिता मो. मोबीन ग्राम रहमत नगर थाना बालूमाथ निवासी घायल हो गया। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से डॉक्टर ने रिम्स रेफर कर दिया।

### प्रमुख ने रोजेदारों के बीच फल बांटा

**बालूमाथ।** प्रखंड प्रमुख ममता देवी ने शुक्रवार को अपने चुनावी पंचायत क्षेत्र में मुस्लिम धर्मावलंबियों परिवारों के बीच फल का वितरण किया एवं क्षेत्र के कुरी आम खुर्द एवं ले जान में रहने वाले रोजेदारों के घर एवं मस्जिद में फल इत्यादि वितरण करवाए। मौके पर समाजसेवी राकेश सिंह, दशरथ यादव, कीरानी यादव, प्रदीप यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

### सीओ ने किया अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के समीप से अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया। अंचल अधिकारी जयशंकर पाठक ने जप्त ट्रैक्टर का चालान करने के साथ ट्रैक्टर को थाना के सुपुर्द कर दिया।

### बाइक की चपेट में आने से बच्ची घायल

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के समीप शुक्रवार को अनियंत्रित बाइक ने बच्ची को चपेट में ले लिया, जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गई। बच्ची को स्थानीय क्लीनिक में इलाज कराया। बच्ची ठाकुरबाड़ी मुहल्ला के मिथलेश दांगी की पुत्री है।

## चंदवा की बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या पर सरकार को घेरा

# राज्य में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं : भाजपा

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

पिछले शुक्रवार की रात चौथी कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा की बलात्कार के बाद हत्या मामले को लेकर नेताओं का पीड़ित परिवार से मिलने का सिलसिला लगातार जारी है। शुक्रवार को चंदनकियारी विधायक सह भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष अमर कुमार बाउरी, हटिया विधायक नवीन जयसवाल, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव समेत कई भाजपा नेता हक्का गांव पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात की। इस दौरान नेताओं ने पीड़िता को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। बता दें कि जिला पुलिस ने शुक्रवार को इस मामले का खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

अमर कुमार बाउरी ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था नाम की चीज नहीं है। अपराधी बेलगाम हो गए हैं। हेमंत सोरेन की सरकार लोगों को सुरक्षा प्रदान करने में विफल साबित हुई है। हक्का गांव में अपराधियों ने जिस प्रकार की घटना को अंजाम दिया है उससे राज्य ही नहीं पूरा देश मर्माहत हुआ है। अमर बाउरी ने पुलिस से जल्द से जल्द अपराधियों सजा दिलाने की मांग की है। वहीं विधायक नवीन जयसवाल ने कहा कि इस मामले राज्यपाल से मिलकर न्याय की मांग की जायेगी। प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा कि घटना की जितनी भी निंदा की जाये कम है। इस घटना में शामिल अपराधियों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए। मौके पर भाजपा नेता प्रभात भुइँया, मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता, मंडल महामंत्री दीपक निषाद, देवमोहन सिंह,रिकी वर्मा, उमेश गंझु समेत जिले के कई नेता मौजूद थे।



### परिजनों से झामुमो नेताओं ने की मुलाकात

वहीं झामुमो नेता सह जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष अरूण दूबे, जिला सचिव शमशुल होदा अपने कार्यकर्ताओं के साथ हक्का गांव पहुंचकर मृतक बच्ची के परिजनों से मिलकर कहा कि इस घटना पर मुख्यमंत्री और क्षेत्र के विधायक की नजर बनी हुई है। अपराधी कितना भी रसूखदार क्यों न हो बख्शा नहीं जाएगा। उनके साथ शितमोहन मुंडा, चंदवा मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत उरांव समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### भीम आर्मी प्रदेश अध्यक्ष भी पहुंचे हक्का गांव

इसी बीच भीम आर्मी प्रदेश अध्यक्ष भी अपने सैकड़ों कार्यकताओं के साथ पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया और और कहा कि भीम आर्मी हरसंभव, हर समय परिवार के साथ है और पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए संवैधानिक रूप से जिला और राज्य स्तर तक आंदोलन करने की बात कही। उसके बाद वे सभी पुलिस अधीक्षक लातेहार से मिलने के लिए लातेहार प्रस्थान कर गये।

## तैलिक साहु समाज के प्रमंडलीय को पितृशोक

**लातेहार।** तैलिक साहु समाज के युवा प्रमंडलीय अध्यक्ष विशाल चंद्र साहु के पिता चंद्रभूषण प्रसाद (86 वर्ष) का शुक्रवार अहले सुबह उनके रिचुघुटा स्थित पैतृक आवास में निधन हो गया।



विशाल चंद्र साहु ने बताया कि उनके पिता बिल्कुल स्वस्थ्य थे। रात में खाना खा कर सोये थे। हर दिन वे सुबह चार बजे उठ जाते थे, लेकिन जब देर तक वे नहीं उठे तो खिड़की से कमरे में देखा तो पाया कि वे बिस्तर पर लेटे हैं। कमरे का दरवाजा तोड़ा तो देखा कि वो नहीं रहे। बता दें कि चंद्रभूषण प्रसाद की समाज में एक अलग प्रतिष्ठा थी. वह सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे।

उनके निधन पर स्थानीय लोगों ने शोक प्रकट किया है. शोक प्रकट करने वालों में तैलिक साहु समाज के जिला अध्यक्ष गोविंद प्रसाद, तैलिक साहु महागठबंधन के जिला अध्यक्ष रामप्यारे प्रसाद, राजू रंजन प्रसाद, उदित प्रसाद, आदित्य प्रसाद, अधिवक्ता सुनील कुमार, बीमा अभिकर्ता बद्री प्रसाद, रंगकर्मी आशीष टैगोर, ओबीसी मोरचा के जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद, उपेंद्र प्रसाद, रामदेव प्रसाद, पंचम प्रसाद, सत्येंद्र पासवान, संजय सिंह, रंजीत कुमार व सतीष कुमार आदि शामिल हैं।

# अकीदत के साथ अदा की अलविदा जुमे की नमाज

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

जिला मुख्यालय के साथ विभिन्न प्रखंड के मस्जिदों में माह-ए-रमजान के अंतिम शुक्रवार को मस्जिदों में बड़ी संख्या में रोजेदारों ने अलविदा जुमे की नमाज अदा की। रोजेदारों ने नमाज अदा कर अल्लाह की इबादत की। पत्थलगड़ा, टंडवा, गिद्धौर प्रखंड की मस्जिदों में लोगों ने नमाज अदा कर क्षेत्र और देश की सुख शांति वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस व प्रशानिक पदाधिकारी क्षेत्र का भ्रमण करते दिखे।

# शहीदों के खून से सनी मिट्टी की कलशयात्रा पहुंची शेरेगड़ां

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

रेजंगला के वीर शहीदों के खून से सनी मिट्टी की कलश यात्रा शेरेगड़ा पहुंची, जिसका अखिल भारतीय यादव महासभा ने स्वागत किया।

इस दौरान महासभा के पंचायत अध्यक्ष हरिहर यादव की अध्यक्षता में मिट्टी कलश यात्रा ने बैंडबाजे के साथ शेरेगड़ा नगर भ्रमण की. इसके बाद शेरेगड़ा स्थित उत्क्रमित विद्यालय के पांडे टोला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शेरेगड़ा पंचायत एवं गणेशपुर पंचायत के यादव महासभा के सदस्य एवं प्रखंड प्रतिनिधि उपस्थित हुए। मौके पर महासभा के प्रखंड अध्यक्ष श्यामसुंदर यादव, विरेंद्र यादव, चंद्र मोहन यादव, प्रितलाल यादव, गंगेश्वर यादव एवं संजय यादव सहित कई वक्ताओं ने अपने



संबोधन में कहा कि रेजंगला युद्ध में 124 जवान शहीद हुए थे। इसमें 114 यादव समाज के वीर योद्धा देश के लिए अपनी प्राण का आहुति दे दिए। यादव महासभा के उत्थान एवं विकास के लिए एक स्वर में लोगों ने कहा कि अहिर रेजिमेंट हम लेकर रहेंगे। जिसके लिए आगामी 30 अप्रैल को लातेहार जिला मुख्यालय में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वहीं कार्यक्रम का मंच संचालन निर्मल यादव ने किया।

# निर्दोष गुप्ता अजरबैजान में किए जाएंगे सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

लातेहार के प्रसिद्ध युवा व्यवसाई निर्दोष गुप्ता को यूरोपीय देश अजरबैजान में सम्मानित किया जाएगा। डेल्टा एग्री जेंटिकल्स विक्ट्री कंपनी की ओर से उन्हें यह सम्मान दिया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट धनंजय कुमार सिंह और असिस्टेंट सेल्स मैनेजर अनूप कुमार राम ने बताया कि इस सम्मान के लिए पूरे देश भर के 9 लोगों का चयन किया गया है। इनमें लातेहार निवासी निर्दोष गुप्ता भी शामिल हैं। अजरबैजान में बेहतर खेती की भी जानकारी दी जाएगी। ईधर निर्दोष गुप्ता को सम्मानित किए जाने की खबर के बाद चेंबर ऑफ



कॉमर्स के अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल, सचिव रामनाथ अग्रवाल, कोषाध्यक्ष गजेंद्र प्रसाद, निर्मल महलका, अधिवक्ता राजीव रंजन पांडे, सुनील कुमार समेत अन्य लोगों ने हर्ष जताया है। ज्ञात हो कि निर्दोष गुप्ता को इससे पूर्व सिंगापुर, दुबई, आबूधाबी, नेपाल ,यूक्रेन, बैंकॉक , ओमान, शारजाह समेत कई अन्य देशों में भी जाकर वहां हो रहे उन्नत खेती को देखने का अवसर मिला है।

## टंडवा में आज मनाई जायेगी परशुराम जयंती

**टंडवा।** जिले के टंडवा प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को श्री परशुराम जयंती भव्य तरीके मनाई जायेगी। जिसकी तैयारी ब्राह्मण समाज के द्वारा पूरी कर ली गई है। सुदूरवर्ती गांवों में रहने वाले अधिक से अधिक ब्राह्मण कार्यक्रम में शामिल हो इसके लिए वाहनों की व्यवस्था कराई गई है। बताया गया है कि 22 अप्रैल को टंडवा के टाउन हॉल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जबकि कार्यक्रम के पश्चात समाज को सशक्त व संगठित करने के लिए बैठक कर कार्यरुप तैयार किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में अक्षयवट पांडेय, ईश्वर दयाल पांडेय, नीरज तिवारी, विजय चौबे, गोविंद तिवारी, सतीश पाठक, कामेश्वर पांडेय, प्रमोद पाठक, सुमन भारतीय, उदय पांडेय आदि लगे हैं।

# जनता दरबार में बीडीओ ने किया ग्रामीणों की शिकायतों का निष्पादन

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

जिला उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देश पर शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने विभिन्न क्षेत्रों से आए ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं।

जनता दरबार के दौरान बीते दिनों चुगरु पंचायत के कोरवामड़ई में हुई घर में आगजनी की घटना के पीड़ित रामकिशुन भुईया ने मुआवजे की मांग की। वहीं मोरवाई पंचायत के ततहां ग्राम की शांति देवी ने आवेदन देकर प्रखंड के भारतीय स्टेट बैंक की ओर से केसीसी लोन देने को लेकर पिछले 1 साल से चक्कर लगवाने और सकारात्मक जवाब न देने की



शिकायत की। वहीं छिपादोहर से बीना देवी ने अपनी शिकायत में कहा कि उनकी जमीन का मामला पिछले एक वर्ष से एसडीओ कोर्ट और अंचल में चल रहा है। दूसरे पक्ष शोभा देवी और विजय प्रसाद द्वारा जमीन पर जबरन बाउंड्री करने का काम किया जा रहा है। अंचलाधिकारी ने पूरे मामले में कार्रवाई के लिए थाना प्रभारी छिपादोहर को तत्काल निर्देशित किया। इसके अलावा एक दर्जन से अधिक शिकायतों का निष्पादन बीडीओ ने किया। मौके पर जिप सदस्य संतोषी शेखर, कन्हाई सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू, अंचल निरीक्षक रमेश प्रसाद, प्रखंड सहायक सुषमा आदि मौजूद रहे।

## दस बकायेदारों का काटा गया बिजली कनेक्शन

**गिद्धौर।** विद्युत विभाग द्वारा शुक्रवार को गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के गम्हरिया गांव में छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान विभाग के कनीय अभियंता तरुण कुमार के निर्देश पर संतोष कुमार, पंकज कुमार वर्मा, विकास कुमार, रमेश तिर्की आदि के द्वारा संयुक्त रुप से गम्हरिया गांव के दस बकायेदारों का विद्युत कनेक्शन काट दिया गया। बकाइयेदारों पर करीब 3 लाख 91 हजार बिजली बिल बकया है। बिना बिजली बिल जमा किये विद्युत जलाने पर जुर्माने के साथ प्राथमिकी की चेतावनी दी गई। बकायेदारों में गम्हरिया गांव के बस्ता उरांव, गाजी उरांव, मनु उरांव, गुप्ता उरांव, अलतरा उरांव, घोषलु मुंडा, गोवर्धन उरांव, बिमला देवी, अघनु मुंडा, गंझू मुंडा आदि शामिल हैं।

## खेलकूद

## अंतर जिला अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट

# गढ़वा को हरा सुपर लीग में लातेहार

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

अंतर जिला अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट के छठे व अंतिम मैच में लातेहार ने गढ़वा को 6 विकेट से हराकर सुपर लीग में प्रवेश किया।

गढ़वा ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 31 ओवर में सभी विकेट खोकर महज 101 रन बनाए। इसमे अंकित राज 25, मानशदिप 14, तरुण गौरव 13 तथा अमन राज चौहान ने 12 रनों का योगदान दिया। लातेहार की ओर से उज्ज्वल कुमार सिंह ने 8 ओवर में 24 रन देकर 4, राजीव उरांव ने 6 ओवर में 14 रन देकर 3, आनंद कुमार ने 5 ओवर में 12 रन देकर 2 व आदर्श विशाल ने 1 विकेट चटकाए। लातेहार ने 16 ओवर में 4 विकेट खोकर 103 बनाकर मैच जीतने के साथ सुपर लीग में प्रवेश किया। लातेहार की ओर से आदर्श



विशाल ने नाबाद 52 गेंद में 75 तथा अभिषेक अंजन ने 9 रनों का योगदान दिया। गढ़वा की ओर से अभिषेक कुमार दुबे ने 2 और अंकित राज तथा यश राज ने 1-1 विकेट हासिल किया। मैन ऑफ द मैच लातेहार के आदर्श विशाल को संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह की ओर से पुरस्कार दिया गया। मैच पर्यवेक्षक मो. सब्बीर, अंपायर अजय पाठक तथा अमित हाजरा थे। वहीं स्कोरर दीपक सेठी थे।

मौके पर संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, विष्णुदेव प्रसाद गुप्ता, सुरेंद्र प्रसाद, संयुक्त सचिव प्रकाश कुमार, कमिटी सदस्य नीरज कुमार सिंह, लाल आशीष नाथ सहदेव, दिलीप कुमार प्रसाद, अश्विनी सिंह, श्रवण महली समेत कई खिलाड़ी तथा दर्शक उपस्थित थे।

## बीडीओ ने कृत्रिम अंग व मोतियाबिंद ऑपरेशन कराने वालों के नाम मांगे

**बरवाडीह।** प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने प्रखंड के सभी पंचायत सचिव, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य समेत सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया है कि वे अपने-अपने पंचायत क्षेत्र के वैसे व्यक्तियों की सूची तैयार कर करें जिन्हें आंखों की मोतियाबिंद के ऑपरेशन की जरूरत है, जिन्हें पावर के चश्मे की जरूरत है, जिसके हाथ पैर कटे हुए हैं और उन्हें कृत्रिम अंग की जरूरत है, साथ ही कटे हुए ओठ, तालु के ऑपरेशन की जरूरत है। ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित करके इनका नाम पता लिखकर संबंधित पंचायत सचिव को सौंप दें। बीडीओ ने कहा है कि उक्त सूची शनिवार तक प्रखंड कार्यालय में जमा कर दें। जिले से प्राप्त निदेशों के अनुसार आंखों का ऑपरेशन किया जाएगा। वहीं कटे हुए ओठ और तालु की सर्जरी भी की जाएगी। साथ ही जिन्हें कृत्रिम अंग की जरूरत है, उन्हें कृत्रिम अंग मुहैया कराया जाएगा।

# सरकारी शराब की दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों से अवैध राशि की मांग

## पैसे नहीं देने पर कार्यमुक्त करने का फरमान, डीसी को सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

सदर प्रखंड में संचालित सरकारी देसी शराब दुकान में कार्यरत कर्मियों को कार्यमुक्त करने का निर्देश जीडीएस कंपनी के जिला प्रभारी की ओर से दिया गया है। बता दें कि शहर के विभिन्न शराब की दुकानों में पहले से कार्यरत कर्मचारी 50 हजार रुपये सिक्योरिटी मनी डिमांड ड्राफ के माध्यम से दे चुके हैं। इसके बावजूद कर्मियों से इंचार्ज द्वारा 1 लाख और सहायक से 50 हजार की मांग की जा रही है।

इस संबंध में कन्हाई प्रसाद, राहुल कुमार, सुदेश कुमार, विनोद यादव, नागेंद्र प्रसाद, ओम प्रकाश गुप्ता, आयुष कुमार ने बताया कि जिस वक्त हमारी बहाली हुई थी उस समय मात्र 50,000 सिक्योरिटी मनी के रूप में



लिए गए थे। वहीं तीन साल तक सेवा देने का प्रावधान तय किया गया था, परंतु नियम के विपरीत शराब की दुकानों का संचालन एक नई कंपनी को सौंप दिया गया। नई कंपनी के जिला कोऑर्डिनेटर चंदन कुमार गुप्ता, पूर्व कोऑर्डिनेटर रंजीत कुमार और उनके सहायक राकेश कुमार एवं दीपक कुमार के द्वारा पैसे लेने के लिए लगातार कर्मियों पर दबाव बनाया जा रहा है। ऐसा नहीं करने पर कार्य मुक्त करने की बात कही गई है। ईधर, शराब की दुकानों में कार्यरत सभी कर्मियों ने बताया कि दोबारा पैसे की मांग की जा रही है, जो सरासर गलत है। कर्मियों ने इस डीसी भोर सिंह को आवेदन देकर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

# अलविदा जुमे पर मस्जिदों में उमड़ी भीड़, नमाज अदा कर मांगी गई अमन की दुआ

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
जिला मुख्यालय सहित विभिन्न ग्रामीण इलाकों की मस्जिदों में शुक्रवार को अलविदा जुमे की नमाज अदा की गई। इस मौके पर विभिन्न मस्जिदों में इस्लाम मतावलंबियों की भीड़ उमड़ी। शहर की जामा मस्जिद में मौलाना शकीब कासमी ने अपने संबोधन में कहा कि माहे रमजान के आखिरी जुमे में अल्लाह की खास रहमत होती है। वहीं रजा मस्जिद में मौलाना रौशनुल कादरी और हाफिजो कारी मो शहिद ने अपने संबोधन में कहा कि अलविदा जुमे में अल्लाह की खास रहमत नाजिल होती है। उन्होंने कहा कि जब इंसान नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद की ओर जाता है तो रहमत के फरिश्ते उसे घेर लेते हैं और उसके रहमत और मगफिरत की दुआ करते हैं। उन्होंने कहा कि रमजान के महीने का चांद नजर आता है और मुस्लिम समाज माहे रमजान के आने की खुशी मनाता है, और जब रमजान का महीना अलविदा होने लगता है। मौके पर विभिन्न मस्जिदों में मौलाना ने अलविदा जुमे की नमाज की अहमियत की जानकारी दी। जबकि मदीना मजिस्द में मौलाना अशरफ, मक्का मस्जिद में मौलाना असिफुल्लाह मजाहरी ने नमाजे जुमा अदा कराई।



**पाक महीना गुजरने वाला है: ठेठईटांगर।** मस्जिद के पेशे इमाम ने कहा कि रमजान का पाक महीना गुजरने वाला है। इस महीने जिस प्रकार रोजेदार अपनी इच्छाओं को काबू में रखते हुए बुराइयों से स्वयं को बचाते है। उसी तरह अन्य माह में भी बुराइयों से बचने की कोशिश करनी चाहिए।

### ईदगाह में 7 : 30 बजे होगी नमाज

ईद-उल-फितर के नमाज का समय निर्धारित कर दिया गया है। ईदगाह और जामा मस्जिद में ईद की नमाज सुबह 7:30 बजे अदा की जाएगी, जबकि जामा मस्जिद में 7 बजे नमाज ईद अदा की जाएगी। इधर अंजुमन फैजुर रजा की बैठक मे सर्वसम्मति से यह फैसला हुआ कि ईद की नमाज गौसिया मस्जिद मोजाहिद मुहल्ला,खैरण्टोली में सुबह 7:30 बजे और रजा मस्जिद इसलामपुर में 8 बजे होगी

**खत्म तरावीह की नमाज में उमड़ी अकीदतमंदों की भीड़ :** जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाकों की मजिस्दों में खतम तरावीह की नमाज गुरुवार की रात समाप्त हो गई। उल्लेखनीय है कि माहे रमजान के मौके पर मस्जिदों में हाफिज द्वारा कंठस्थ कुरान को सुनाया जाता है। वहीं खत्म तरावीह के मौके पर गुरुवार की रात विभिन्न मस्जिदो में काफी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबियों की भीड़ उमड़ी।

## ईद मिलन समारोह में बच्चों ने सुनी ईदगाह की कहानी

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
विद्या वनस्थली शिक्षा समिति सिमडेगा द्वारा संचालित एवं लीड द्वारा निर्देशित जूनियर कैंब्रिज स्कूल के प्रांगण में शुक्रवार को ईद मिलन समारोह का आयोजन धूमधाम के साथ किया गया। समारोह की शुरूआत विद्यालय के निर्देशक एवं प्राचार्या के द्वारा संयुक्त रुप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। बच्चों को संबोधित करते हुए प्राचार्या ने प्रेमचंद के द्वारा लिखित ईदगाह कहानी सुनाई जो बाल मनोविज्ञान को गहनता से दशार्ती है की परिस्थितियां उम्र नहीं देखती और एक छोटा सा बालक भी विषम परिस्थितियों में परिपक्व हो जाता है। यह पर्व त्याग और अपने मजहब के प्रति समर्पण को दशार्ता है। यह बताता है कि एक इंसान को अपनी इंसानियत के लिए इच्छाओं



का त्याग करना चाहिए। जिससे कि एक बेहतर समाज का निर्माण हो सके ।समारोह की शुरूआत बच्चों ने स्वागत गान के साथ किया। जिसके बाद कक्षा 5 के पूर्वी कुमारी ने ईद मुबारक नृत्य की प्रस्तुति दी एवम सृष्टि ग्रुप, पूजा ग्रुप के द्वारा भी ईद पर्व की पावन संदेश देने के लिए समूह नृत्य किया गया। शिक्षिकाओं ने बच्चों के साथ सस्वर कविता पाठ कर बच्चों को ईद पर्व की शुभकामना देते हुए कार्यक्रम की समाप्ति की।

## NEWS इन ब्रीफ

### हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव आज

**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के जयनाथपुर में श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव आज मनाया जाएगा। इस मंदिर की स्थापना 22 अप्रैल 2016 को हुई थी। मंदिर परिसर में रामदूत हनुमान जी के अलावे भगवान शिव, पार्वती व गणेश जी की मूर्ति स्थापित है। शनिवार सुबह लगभग आठ बजे से मंदिर में पूजन कार्यक्रम की शुरूआत की जाएगी। दोपहर में हवन पूणार्हुति व महाआरती के बाद भव्य भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इस भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए सभी सनातनी भाई बन्धुओ को आमंत्रित किया गया है।

### संस्कृति की धरोहर छोटे-छोटे भैया-बहन

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी, विभाग प्रमुख अखिलेश प्रसाद, प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने ने वंदना सभा में माता सरस्वती ओम, भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलन कर एवं पुष्प चढ़ाकर वंदना की। प्रदेश सचिव ने कहा कि बच्चे संस्कार एवं संस्कृति के धरोहर हैं। शिक्षा अमूल्य रत्न है जिसके माध्यम से बच्चे अपने छोटे-छोटे क्रियाकलापों से श्रेष्ठ नागरिक बनते हैं। उन्होंने बताया कि किताब, कॉपी, पेंसिल, रबड, कटर इत्यादि मां सरस्वती के अस्त्र हैं। इनकी पूजा करने वाला व्यक्ति समाज में सफल नागरिक बनता है।

### परशुराम जन्मोत्सव पर कार्यक्रम आज

**सिमडेगा।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर आज मारवाड़ी ब्राह्मण सभा सिमडेगा एवं विप्र फाउंडेशन जोन 6 शाखा सिमडेगा द्वारा आनंद भवन में परशूराम जन्मोत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम में रामजानकी मंदिर परिसर में आयोजित के विजेता को पुरस्कृत किया जाएगा। 4 बजे शोभा यात्रा निकाली जाएगी। रामजानकी मंदिर से झूलन सिंह चौक, महावीर चौक, नीचे बाजार पेट्रोल पंप होते हुए आनंद भवन पहुंचेगी। 5 बजे से पुजन,हवन, आरती,6 बजे अतिथि स्वागत पुरस्कार वितरण 7 बजे से प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन रखा गया है।

## लोहरदगा की विभिन्न मस्जिदों में उमड़ी भीड़, पवित्र रमजान माह के अंतिम

# जुमे पर मांगी अमन-चैन की दुआ

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
पवित्र रमजान माह के अंतिम जुमे की नमाज जिले की विभिन्न मस्जिदों में पढ़ी गई। इस मौके पर शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की सभी मस्जिदों में हजारों मुसलमानों ने नमाज अदा कर अमन-चैन की दुआ मांगी। इसके साथ माह-ए-रमजान मुबारक को अलविदा किया गया। अब मुस्लिम धर्मावलंबियों को चांद के दीदार का इंतजार रहेगा। शहर के जामा मस्जिद से लेकर मस्जिद के बाहर सड़क पर चिलचिलाती धूप में हजारों की संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबियों और रोजेदारों ने जुमे की नमाज अदा की। इसके अलावा बेलाल मस्जिद, बंगले वाली मस्जिद, मोती मस्जिद, मस्जिदे कुरैश, मस्जिदे गौस-ए-पाक, ताजउल मुनीर, मस्जिदे अतार, पावरगंज मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में मुस्लिम समाज के लोगों ने जुमे की नमाज अदा कर अमन-चैन की दुआ मांगी। मुस्लिम धर्मावलंबियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए मुख्य पथ पर नमाज के दौरान भारी वाहनों के प्रवेश को रोक दिया गया था। इसके कारण जामा मस्जिद के बाहर लोगों ने पूरी आस्था और विश्वास के साथ नमाज अदा की। इसमें बच्चे, युवा और बूढ़े सभी शामिल थे।

जुमे की नमाज को लेकर आज का दिन लोगों के लिए खास रहा और उनमें एक अलग ही उल्लास छाया हुआ था। अंतिम जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। इस दौरान उपद्रवियों पर पुलिस की कड़ी नजर थी। शहर से लेकर प्रखंड मुख्यालयों में जगह-जगह पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। साथ हीं



जरूरत वाले स्थानों पर वाहनों का परिचालन वर्जित किया गया था। जामा मस्जिद की ओर जाने वाले सभी रास्तों को बंद कर दिया गया था। अलविदा जुमे की नमाज पढ़ने के लिए मुस्लिम समुदाय के लोगों की भारी भीड़ जामा मस्जिद में उमड़ पड़ी थी। मुख्य मार्ग में भी लोग आस्था और विश्वास के साथ सड़क पर ही बैठकर नमाज पढ़े। नमाज अदा करने के बाद लोगों के चेहरे पर ईद की एक बेसब्री नजर आई। अब सभी को ईद का इंतजार है। विशेषकर बच्चों में उत्सुकता देखी जा रही है।

### कैरो की मस्जिदों में पढ़ी गई आखिरी जुम्मे की नमाज

**कैरो।** मुस्लिम धर्मावलम्बियों का रहमत,बरकत व मगफिरत का महीना रमजान के आखरी जुमा अलविदा की जुमा की नमाज शुक्रवार को प्रखण्ड क्षेत्र के कैरो, नवाटोली, उतका, नरौली, अम्बवा, चरिमा, नगड़ा, गराडीह, गजनी, चाल्हो, सढ़ाबे, गितिलगढ़, हनहट आदि मुस्लिम आबादी वाले क्षेत्र की मस्जिदों में बड़े ही अकीदत व एहतराम के साथ अदा की गई। मौके पर नमाजियों को खिताब करते हुए जामा मस्जिद कैरो के इमाम नुरुल हसन ने कहा कि माहे रमजान हमसे जुदा होने वाला है। ये इस महीने की आखिरी जुमा है। उन्होंने कहा कि अब हमलोगों को इस पाक महीने में की गई इबादत का अज्र मिलने का वक्त आ गया है। हम जैसा काम किये होंगे वैसा ही अज्र मिलेगा। उन्होंने इस कमी कोताही के लिए अल्लाह ताला से माफी की तलब की।

### भंडरा में शांति से अदा की गई अलविदा नमाज

भंडरा। प्रखंड में अलविदा जुमा की नमाज को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों में शुक्रवार को खासा उत्साह नजर आया। दोपहर को भंडरा की जामा मस्जिद, कुम्हारिया, तेतारपोका, मसमानो, अम्बेरा सहित क्षेत्र की तमाम मस्जिदों में नमाज के लिए रोजेदारों और नमाजियों की भीड़ जुटी रही। इबादत कर नमाजियों ने देश में अमन चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर भंडरा प्रभारी गौतम कुमार अपने दल बल के साथ मस्जिद और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। अलविदा जुमा की विशेष नमाज शुक्रवार को भंडरा जामा मस्जिद में हुई। दोपहर 1 बजे से ही नमाजियों का आना शुरू हो गया था मुस्लिम समाज में जुमे की नमाज को लेकर काफी उत्साह था। धूप और गर्मी की फिक्र किए बिना छोटे बच्चे भी काफी संख्या में मस्जिद पहुंचे। अपनी तकरीर में समुचित क्षेत्र सहित पूरे देश में अमन चैन तरक्की और खुशहाली की दुआ की। उन्होंने नफरत समेत सारी बुराइयों को समाप्त करने और नेकी की राह पर चलने की सीख दी। कहा कि इंसानियत से बढ़कर दुनिया में कुछ नहीं आपस में भाईचारा की भावना से ही मुल्क की जनता हर तरह से सुरक्षित रहेगी। उन्होंने बुरी सियासत से बचने की सीख दी। मौके पर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि जुमा की नमाज शांति चैन से सम्पन्न कराने को लेकर प्रत्येक मस्जिदों पर पुलिस बल तैनात किया गया था।

## ऑटो पलटने से नौ लोग गंभीर, मची अफरा-तफरी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** सदर थाना क्षेत्र के भक्सो नदी के समीप तेज रफ्तार ऑटो पलटने से 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि ऑटो लोहरदगा मेरले से बाघा जा रहा था। इसी दौरान ऑटो पलट गया और पुल के नीचे पेड़ में फंस गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही लोहरदगा सदर थाना सब इंस्पेक्टर सूरज प्रसाद, ट्रैफिक इंचार्ज संतोष कुमार यादव, आरक्षी चालक निर्मल सिंह, समेत सशस्त्र बल मौके पर पहुंचा और बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से लोहरदगा सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। उसके पश्चात सभी को एडमिट कर बेहतर इलाज किया जा रहा है। सब इंस्पेक्टर सूरज प्रसाद से मिली जानकारी के अनुसार ऑटो मेरले से बाघा जा रहा था। इसी दौरान भक्सो कोयल नदी के समीप तेज रफ्तार ऑटो पलटने से यह हादसा हुआ है। घायलों ने बताया है कि ऑटो ड्राइवर तेज रफ्तार में चला रहा था, जिससे ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गसा। फिलहाल ऑटो ड्राइवर मौके से फरार हो गया है, जिसकी छानबीन में पुलिस जुट गई है।

### दो बाइकों की टक्कर में चार लोग हुए घायल

**सेन्हा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा जंगल के समीप दो बाइकों की टक्कर में चार लोग घायल हो गए। बीडीओ, सीओ और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जानकारी के अनुसार सभी घायलों को हल्की चोटें आई हैं। घटना की सूचना पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा व अंचलाधिकारी विजय कुमार द्वारा स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा भेज दिया गया, जहां डॉ. दिव्या निशि द्वारा इलाज कर उनको बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा गया। घायलों की पहचान सेन्हा थाना क्षेत्र के उगरा निवासी जमरुद्दीन अन्सारी का 16 वर्षीय पुत्र सलमान अन्सारी तथा कुंदगड़ी निवासी बिरसा उराँव का 28 वर्षीय पुत्र शोमेशर उरांव तथा कल्हेपाट निवासी चंद्र उरांव का 27 वर्षीय पुत्र संतोष उरांव व स्व. बिरिया उरांव का 32 वर्षीय पुत्र तेतरू उरांव के रूप में की गई। तीनों अपनी बाइक से सेन्हा की ओर आ रहे थे। वहीं सलमान अंसारी अपनी बाइक से लोहरदगा की ओर जा रहा था। उसी दौरान दोनों बाइकों में टक्कर हो गई। इसमें सभी चारों युवक घायल हो गये। वहीं इलाज के उपरांत डॉक्टरों ने बताया कि सभी लोग खतरा से बाहर है।

## ‘सद्भाव से विश्व गुरु बनेगा भारत वर्ष’

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के बैनर तले सामाजिक सदभाव की बैठक शुक्रवार को आनंद भवन परिसर में हुई। बैठक में मुख्य रूप से प्रांत प्रचारक गोपाल जी, विभाग प्रचारक समी जी उपस्थित थे। बैठक में जिले के विभिन्न जाति समाजो के प्रतिनिधि शामिल हुए थे। मौके पर समाजिक एकता पर बल देते हुए सदभाव लाने के लिए चर्चा की गई।

बैठक में विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों ने अपने अपने समाज के द्वारा किए जा रहे कार्य एवं सदभाव के लिए सुझाव देते हुए कहा कि सरना सनातन समाज की एकजुटता से राष्ट्र परमवैभव को प्राप्त करते हुए विश्व गुरु बन सकेगा। कार्यक्रम में मंच संचालन समाजिक सदभाव प्रमुख डी अग्रवाल ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन विभाग प्रचारक ने किया। मौके पर जिला संघ चालक हनुमान बोंदिया, सह कार्यवाह अमित रंजन, श्रद्धानंद बेसरा, रंथू साहू, सोहन बड़ाईक, रामबिलास बड़ाईक, कृष्णा कोटवार, बाबुलाल पाहन, संदीप केसरी, लालचंद नायक, अशोक जैन, संजय शर्मा, रमेश ठाकुर, राकेश जायसवाल, सागर मणिक, कुंवर गोप, सुरेश गोप, मनोज षाड़ंगी, सुमित लाल, देवेंद्र सोनी, तुलसी साहू, घनश्याम सिंह सहित कई समाज के पदधारी और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### वीर कुंवर की डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय लोहरदगा में शुक्रवार को वीर कुंवर सिंह को याद किया गया। विद्यार्थियों को उनसे जुड़ी डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। इसके साथ ही उनकी जीवनी और उपलब्धियों पर भी जानकारी दी गई। विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने की। इतिहास की आचार्या प्रीति कुमारी गुप्ता ने विद्यार्थियों को वीर कुंवर सिंह के बारे में बताया। सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं ने भी उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस कार्यक्रम में रश्मि साहू , चेतना प्रिया, कविता कुमारी, रेणु कुमारी, यशोदा कुमारी, आरती भगत, नीतू कुमारी, स्नेहा शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## तेजस्विनी परियोजना बंद करने के आदेश के खिलाफ विधायक को सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
समाज कल्याण विभाग झारखंड सरकार की ओर से संचालित तेजस्विनी परियोजना को समाज कल्याण के निदेशक द्वारा 25 अगस्त से बंद करने को लेकर सभी जिला मुख्यालयों में पत्र भेजा गया है। पत्र के बाद सिमडेगा तेजस्विनी परियोजना में कार्यरत 376 से अधिक युवा एवं युवतियों ने शुक्रवार को कोलेबिरा विधायक से मुलाकात करते हुए इस योजना को लगातार संचालित रखने की मांग की है। कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाडी को ज्ञापन देते हुए उन्होंने बताया कि जिले में 32000 किशोरियों को क्लब के माध्यम से



जोड़कर उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास को लेकर तेजस्विनी परियोजना कार्य कर रही है और इस कार्य को करने के लिए 10 प्रखंडों में टीम का गठन करते हुए 376 से अधिक बेरोजगार युवा चार सालों से काम कर रहे हैं। अब सरकार इस योजना को बंद कर देगी तो यहां के इतने लोग बेरोजगार हो जाएंगे। साथ साथ 32000 किशोरियों का क्लब टूट जाएगा। जिला कोऑर्डिनेटर आशीष विजय ने बताया कि 2017 से संचालित इस अभियान ने यवाओं को आगे बढ़ाने का काम किया है लेकिन इसे अब अचानक से बंद किया जा रहा है।

### शहीद पांडेय गणपत राय को शहादत दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि

**भंडरा।** 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के वीर नायक शहीद पांडेय गणपत राय का 165 वे शहादत दिवस के अवसर पर स्थानीय जनप्रतिधियों एव सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शहीद के पैतृक गांव भौरों में स्थित शहीद स्मारक स्थल पहुंचकर शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर पूर्व जिप सदस्य शामिल उरांव ने कहा कि शहीद पांडे गणपत राय के बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा। सामाजिक कार्यकर्त्ता व भाजपा नेता बालकृष्णा सिंह ने कहा की देश की आजादी की लड़ाई में झारखंड के सैकड़ों सपूतों ने अपना उल्लेखनीय योगदान दिया था और शहीद भी हुए थे।

## रोजगार | नव भारत निर्माण संस्थान ने किया प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

# 177 युवाओं को भू-मापक अमीन का प्रमाणपत्र

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
प्रखंड क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार युवक और युवतियों को नव भारत निर्माण संस्थान के द्वारा भू मापक (अमीन) प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन के उपरांत प्रशिक्षक साहेब राव शर्मा की ओर से सेन्हा पंचायत भवन में प्रमाणपत्र निर्गत को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सेन्हा पंचायत के मुखिया धनवाज उराँव ने परीक्षा में पास होने वाले सभी अभ्यर्थियों को प्रमाणपत्र दिया।

भू मापक अमीन प्रशिक्षण में कुल 177 अभ्यर्थियों ने भाग लिया था, जिनमें 42 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि द्वितीय स्थान पर 87 अभ्यर्थी रहे। वहीं तृतीय स्थान पर 48 अभ्यथी रहे। मौके पर धनवाज उराँव ने कहा




कि नवभारत निर्माण संस्थान द्वारा भू मापक अमीन प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से रोजगार का एक बढ़िया अवसर प्रदान किया गया है। मौके पर मुखिया धनवाज उराँव,प्रशिक्षक साहेब राव शर्मा के अलावे सभी अभ्यार्थी गण मौजूद थे।

### ग्राम स्वच्छता व पोषण दिवस आंगनबाड़ी सेविका जलसहिया व ग्राम प्रधान को दिया गया प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। पाकरटांड**
पाकरटांड़ के केशलपुर एवं कैरबेड़ा के सभी सहिया, आंगनबाड़ी सेविका, जल सहिया एवं ग्राम प्रधान को ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम पंचायत भवन-पाकरटाड़ में फिया फाउंडेशन संस्था द्वारा आयोजित किया गया।

ट्रेनर के रूप में रिसोर्स पर्सन- शैलेश सोरी एवं फिया फाउंडेशन से मंतोष कुमार प्रखंड समन्वयक मौजूद रहे। बताया गया कि-वीएचएनडी- ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर मिलती हैं। वीएचएनडी पर गर्भवती और धात्री महिलाओं को परिवार नियोजन की सेवाएं दी जाती हैं। गर्भवती और दो साल तक की उम्र के बच्चों का टीकाकरण किया जाता है। दस से 19 साल तक की आयुवर्ग के किशोर-किशोरियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्कतानुसार कैल्शियम और आयरन की गोलियां दी जाती हैं। गर्भवती का वजन करने के साथ ही उनके गर्भ की जांच, ब्लड प्रेशर और गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य की जांच की जाती है। बच्चों का वजन कर उन्हें पोषाहार वितरित किया जाता है। कुपोषित और अति कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र के लिए रेफर किया जाता है। किसी गर्भवती या धात्री को जरूरत पड़ने पर सीएचसी अथवा जिला चिकित्सालय के लिए रेफर किया जाता है।

### अवैध रेलवे टिकट बनाने वाले व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**बानो।** बानो के आरपीएफ निरीक्षक विजय पांडे की अगुवाई में आरपीएफ की टिम ने प्रसाद ऑनलाइन सॉल्यूशन, जलडेगा में रेल टिकटों की अवैध कालाबाजारी के संबंध में छापामारी की गई और दुकान से 10 नग अवैध ई टिकट जिनका मूल्य 22,000 रुपये है, बरामद किया गया। पूछताछ के क्रम में दुकानदार जितेन्द्र प्रसाद ने अवैध रूप से रेल टिकटों के कालाबाजारी में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उपरोक्त ई टिकटों और कंप्यूटर सामग्रियों को उपस्थित गवाहों के सामने जब्त किया गया और आरोपी को रेल अधिनियम की धारा 143 के तहत गिरफ्तार किया गया।



## राज्यपाल को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर



**नवीन मेल संवाददारता। लोहरदगा**
झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शुक्रवार को गुमला जिले के बिशुनपुर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने जाने के दौरान लोहरदगा परिसदन भवन में कुछ देर विश्राम के लिए रुके। जिला परिसदन में उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी आर रामकुमार समेत जिला प्रशासन के अधिकारियों ने राज्यपाल को बुके देकर लोहरदगा में अभिवादन किया। इसके पूर्व राज्यपाल को सार्जेंट मेजर सुरेश कुमार ओझा के नेतृत्व में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जलपान के बाद निर्धारित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राज्यपाल प्रस्थान कर गए। स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों ने इस संदर्भ में बताया कि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने लोहरदगा के भौगोलिक और वर्तमान स्थिति की जानकारी ली।

# विचार प्रवाह

**ज्ञान की बात**

**धर्मराज ने अर्जुन से कहा तुम्हारा रथ साक्षात विश्वकर्मा का बनाया हुआ है , उसके धूरे से कोई अप्रिय शब्द नहीं होता। उसंपर बानर ध्वजा फहराती है। ऐसे शुभलक्षण रथ पर आरूढ़ हो , स्वर्ण जटित खड्ग और चार हाथ के गांडीव को लेकर और भगवान श्रीकृष्ण जैसा सारथि पाकर भी तुम कर्ण से भयभीत होकर कैसे भाग आए ? अच्छा होता कि तुम अपना गांडीव श्री कृष्ण को से देते और स्वयं उनके सारथि बन जाते। धिक्कार है तुम्हारे इस रथ को। – *ठाकुरजी***



## नक्सली बंदी व हम

***नक्सल*** गतिविधियों पर नकेल कसने के प्रयास के बावजूद भी यह अपनी उपस्थिति किसी न किसी रूप में दर्ज करा रहे हैं। प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के 14 और 15 अप्रैल बंदी के बाद फिर 20 और 21 को बंदी की घोषणा के बाद कई जगहों पर लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बंदी का बहाना चतरा के लावालौंग मुठभेड़ में मारे गये पांच नक्सलियों के विरोध में किया गया। बंद का ऐलान को लेकर खुफिया विभाग ने अलर्ट जारी किया था। नक्सलियों ने चेतावनी भी दी गई है कि बंद न रखने वाले को जन अदालत लगाकर सजा दी जायेगी। ऐसे में आम आवाम में डर का होना स्वभाविक है। आज भी झारखंड के कई इलाकों में इनकी समानांतर सरकार चलती है। बंद के दौरान इस बार भी आवश्यक चीजें जैसे प्रेस, दूध और एंबुलेंस को मुक्त रखा था। झारखंड राज्य के सीमावर्ती जिले विशेषकर गया, औरंगाबाद, नवादा, जमुई, बांका मुख्य रूप से भाकपा माओवादी संगठन की गतिविधियों से प्रभावित है। इसके अलावा लखीसराय और मुंगेर में माओवादी कि सक्रियता है। उग्रवादियों के गतिविधियों के कारण क्यूल-जमालपुर, क्यूल-जसीडीह, गैंड कोर्ड लाइन तथा जीटी रोड का क्षेत्र संवेदनशील बना हुआ है। उग्रवादियों द्वारा प्रतिशोध स्वरुप अपने प्रभाव वाले क्षेत्र में पुलिस, अर्धसैनिक बलों, थाना, ओपी, पिकेट, बैस कैम्प, चौकीदार, पुलिस मुखबिर, मोबाइल टावर, रेलवे ट्रैक, रेलवे स्टेशन, सरकारी कार्यालय, विकास कार्य से जुड़े ठेकेदार सहित उनके कार्यस्थल, उनके उपकरण, वाहन, मुंशी, मजदूर आदि पर हमला कर हिंसक घटना कारित करने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। खुफिया विभाग ने भी माना है कि नक्सलवादी संगठन ऐसे समय में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में पीछे नहीं रहते हैं। दूसरी तरफ हाले के दिनों में नक्सली गतिविधियों से जुड़ी दो हरकतें हुईं। इस मामले में अनदेखी व लापरवाही बिल्कुल ही नहीं करें। पुलिस के बहकावे या दबाव में आकर गांव से दूर जंगल-पहाड़ में बिल्कुल ही न घुसें और इस पुलिस दमन-अभियान बन्द होने तक मवेशियों को भी पहले से निर्धारित इलाके में ही चराते रहें। अपने बयान में भाकपा (माओवादी) ने कहा कि हमारी आये दिन बारूदी सुरंग, बुबी ट्रैप माइन और स्पाइक होल की चपेट में आने से किसी भी जानमाल के नुकसान के लिए सरकार और पुलिस-प्रशासन एवं खुद भुक्तभोगी जिम्मेदार होंगे। हमारी लड़ाई पुलिसकर्मियों के साथ भी नहीं है, लेकिन वे लोग शोषक-शासक वर्गों के पक्ष में लड़कर अपनी जान गंवा रहे हैं, जिसका हमें खेद है। उधर, गढ़वा से मिली खबर के अनुसार, एक सूचना के आधार पर गढ़वा इलाके में पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाया। इस अभियान के दौरान ही टीम ने विस्फोटक व अन्य सामान बरामद किये। ऐसे में सहज समझा जा सकता है कि नक्सल सफाये की हम बात तो अवश्य होती हैं,लेकिन आज भी इनकी उपस्थिति से इनकार नहीं किया जा सकता है। कुछ खास क्षेत्र आज भी हैं जहां इनकी सरकार चलती हैं। लेकिन एक बात और कि यह संगठन हाल के दिनों में कमजोर अवश्य हुए हैं,खत्म नहीं हुए हैं। ऐसे में जरूरत है,इन्हें जड़ से समाप्त किया जाये। बंदी के दौरान आज भी आम आवाम को दो चार होना पढ़ता है। इससे कोई इनकार भी नहीं कर सकता है। बहरहाल बंदी से सभी को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में इससे निपटने के लिए खास रणनीति की जरूरत है।

**बंद का ऐलान को लेकर खुफिया विभाग ने अलर्ट जारी किया था। नक्सलियों ने चेतावनी भी दी गई है कि बंद न रखने वाले को जन अदालत लगाकर सजा दी जायेगी। ऐसे में आम आवाम में डर का होना स्वभाविक है।**

## धरती की रक्षा तो वैश्विक दायित्व है





गिरीश्वर मिश्र

***आज*** पर्यावरण का क्षरण और प्रदूषण तेजी से विकराल हो रहा है और विश्व के सभी देश विकट चुनौती से जूझ रहे हैं। भारत ने पर्यावरण और पर्यावरण की नैतिकता, प्रकृति के स्वरूप और महत्व को गहराई से अंगीकार किया था। यहां समस्त जगत में ईश्वर की उपस्थिति की अनुभूति की जाती रही है : **ईशावास्यमिदं सर्व यत्किंचित जगत्यां जगत। फलतः** प्रत्येक वस्तु पवित्र और धरती को माता कहा गया। प्रातःकाल उठ कर बिस्तर से उतार कर धरती पर पैर रखने के पहले पृथ्वी को प्रणाम करने और पैर रखने की विवशता के लिए क्षमा मांगते हुए यह कहने का विधान है ; **समुद्र वसने देवि पर्वतस्तनमंडिते विष्णुपत्नि नमस्तुभ्यं पादस्पर्श क्षमस्व मे ।।**
अर्थात समुदरूपी वस्त्रोंको धारण करनेवाली, पर्वतरूपस्तनों से मंडित भगवान विष्णुकी पत्नी पृथ्वी देवि! आप मेरे पाद-स्पर्श को क्षमा करें। उपर्युक्त भावना हिन्दू , बौद्ध और जैन सभी भारतीय धर्मों में मिलती है। पर्यावरण का महत्व और पारस्थितिक संतुलन और समन्वय के विचार वैदिक काल से ही प्राप्त होते हैं। मनुष्य और प्रकृति के सम्बन्ध बेहद महत्वपूर्ण हैं। अथर्ववेद भूमि को माता कहा गया : माता भूमिः पुत्रोहं पृथिव्या :। नदियों, वृक्षों, पर्वतों, पशु-पक्षियों, वनों, लताओं सब की रक्षा को महत्व दिया गया। मनुष्य प्रकृति के बीच वैज्ञानिक और आध्यात्मिक आधार को समझते हुए जीवन-चर्या का विधान किया गया। पश्चिम में प्रकृति जड़ है उसमें देवत्व नहीं है पर भारत में अरण्य में ज्ञान की साधना होती थी इसलिए प्रकृति की रक्षा और उसके साथ लय में रहना श्रेयस्कर माना गया। यहां के चिंतन में प्रकृति में आध्यात्मिकता का विस्तार होता है। भारत एक समृद्ध जैव विविधता वाला देश है। पीपल, कदम्ब, वट, आमला, अर्जुन, बेल, नीम सबके साथ देवताओं को जोड़ कर उनको वन्दनीय बना दिया गया। विल्व पत्र, दूर्वादल और तुलसी दल धार्मिक कृत्यों में प्रयुक्त होते हैं। आयुर्वेद में अनेक वृक्ष हैं जिनके फूल, फल, पत्तियां, छाल, जड़ें सभी औषधि गुण से युक्त हैं। वन और वृक्ष जीवन के साथ घुले मिले रहे हैं। हमारी सांस्कृतिक स्मृति में और लोक जीवन में वृक्षों की अभी भी एक खास जगह बनी हुई है। बेल, सप्तपर्णी, पलाश, कचनार, सहजन, हरड़, बहेड़ा, आंवला और नीम जैसे पेड़ अपने औषधीय गुणों के कारण बड़े लोकप्रिय रहे हैं और लोग घर के पास या बाग बगीचे में इन्हें लगाते थे और जिसे जरूरत पड़ती थी वह इनका लाभ उठाता था। इसी तरह तुलसी, गिलोय, अपराजिता, विधारा, सतावर, पुनर्नवा, ब्राह्मी इत्यादि पौधों को भी घरों के आसपास लोग अपने संगी साथी के रूप में रखते थे। वृक्षायुर्वेद एक शास्त्र है। जीवन की रक्षा की दृष्टि से वन और वृक्ष की पारिस्थितिकी के संतुलन में विशेष भूमिका को अच्छी तरह समझा गया। वृक्ष की पूजा का विधान सब के लिए था। वट या न्यग्रोध वृक्ष को कल्पवृक्ष, पीपल पीपल अश्वत्थ कहा गया। काल क्रम में आधुनिकता, औद्योगिकीकरण, नगरीकरण के साथ दृष्टिकोण बदलने लगा। विज्ञान की छाया में देवत्व से मुक्त हो कर प्रकृति मनुष्य के लिए विजय के लिए लक्ष्य हो गई। पृथ्वी की सेवा-सुश्रूषा को भूल कर प्रकृति और उसके संसाधनों का घोर रूप से दोहन और भीषण दुरुपयोग होने लगा। आज सारा विश्व जलवायु में हो रहे बदलाव को ले कर चिंतित है। आज ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन की मात्रा, पुनर्नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन, ऊर्जा की खपत, आदि सभी देशों के सामने चुनौती बन कर खड़े हैं। वायु जीवनी शक्ति है, यह जानते हुए भी प्रकृति में मनुष्य द्वारा हस्तक्षेप का एक बड़ा घातक परिणाम वायु प्रदूषण है जो कस्बों, शहरों और महानगरों में तेजी से बढ़ रहा है। हम लोग जिस वायुमंडल में रह रहे हैं उसकी हवा में स्वास्थ्य के लिए घातक कई विषाक्त गैसें, पार्टिकुलेट मैटर, धुआं और कुछ विशिष्ट रासायनिक तत्वों की मात्रा जब सहनशीलता की श्रेणी से ऊपर बढ़ जाती है तो वायु की गुणवत्ता बहुत खराब हो जाती है। दिन-प्रदिदिन इन प्रदूषक तत्वों की मात्रा में निरंतर इजाफा हो रहा है और इसके लिए जिम्मेदार कोई और नहीं बल्कि हम स्वयं हैं। बकौल विश्व स्वास्थ्य संगठन विश्व की 91 प्रतिशत जनसंख्या ऐसी जगहों पर रहती है जहां की वायु खतरनाक स्तर पर प्रदूषित है। प्रदूषित वायु में सांस लेने का मस्तिष्क पर प्रभाव, विशेषकर स्मरण करने की क्षमता, पर पाया गया है। पी एम 2.5 नामक प्रदूषण कण खास तौर पर इस तरह के प्रभाव के लिए उत्तरदायी पाया गया है। दिल्ली में यह 160 से ऊपर भी दर्ज है जब कि इसे 60 से नीचे होना चाहिए। पी एम 2.5 के कण सांस द्वारा फेफड़े में और फिर आगे चल कर खून में पहुचते हैं और हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह आदि को बाधा रहे हैं। रासायनिक कण, कीटनाशक और वायु में व्याप्त अनेक किस्म के धातु कण और टेफ्लान के चलते शरीर में हारमोन-संतुलन बिगड़ रहा और शरीर की रोगप्रतिरोधी क्षमता में घाट रही है। राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन से कुछ सुधार हुआ है। शौचालय बने हैं और खुले में मल विसर्जन पर कुछ नियंत्रण हुआ है पर स्थिति गंभीर बनी हुई है। स्मार्ट सिटी की योजनाओं पर काफी काम बाकी है। जीवनस्रोत जल की स्थिति भी कम जटिल नहीं है। भू-जल का विषाक्त होना, नदियों को कचरे से पाटना शुद्ध जल की उपलब्धि को तेजी से काम कर रहे हैं। बोतल बंद पानी बड़ा लाभप्रद व्यापार का रूप ले चुका चुका है। जल के स्रोत ग्लेशियर और नदियां हैं पर उनकी स्थिति बिगड़ रही है। ग्लेशियर पीछे खिसक रहे हैं, पहाड़ दरकने और भू-स्खलन की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। जल विद्युत परियोजनाओं के फलस्वरूप बांध, सुरंग और नदियों को मोड़ कर उनका स्वाभाविक रुख बदला जाता रहा है। अब जल और जैव विविधता के संकट घहरा रहे हैं। जोशी मठ की स्थिति नाजुक हो रही । हिन्द महासागर का तापमान बढ़ा है । गंगा का जल प्रदूषण अनेक जगहों पर खतरनाक स्तर पर पहुंच चुका है। महत्वाकांक्षी 'नमामि गंगे' परियोजना भी कई हजार करोड़ की लागत से धूमधाम से शुरू हुई पर अपशिष्ट और मल को रोकने की दिशा में अपेक्षित प्रगति न होने से गंगा को बड़ी क्षति पहुंची है। पारिस्थितिकी की समस्या पर विचार करते हुए हमें सामाजिक आर्थिक इतिहास पर भी गौर करना होगा। समाज में होने वाला परिवर्तन इतिहास की शक्तियों के अधीन हुआ करता है। औपनिवेशिक काल में अंग्रेज 'आधुनिक' थे और भारतीय 'पिछड़े'। एक यांत्रिक दुनिया की अवधारणा स्वीकार की गई और सृष्टि के विकास में बलशाली को जीने का अधिकार माना गया। फलतः भीषण नरसंहार भी हुए। इस सोच की परिणति समाज को एक उद्योग मानने में हुई और लोभ और भोग हावी होते गये। बाजार का रूपक सामाजिक सच्चाई बनता गया।

**पर्यावरण का महत्व और पारस्थितिक संतुलन और समन्वय के विचार वैदिक काल से ही प्राप्त होते हैं। मनुष्य और प्रकृति के सम्बन्ध बेहद महत्वपूर्ण हैं। अथर्ववेद भूमि को माता कहा गया : माता भूमिः पुत्रोहं पृथिव्या :।**

**इन दिनों**

**बोधि वृक्ष**

## *आईए सुनें भगवान खाटू श्याम की कथा*

बाद में मैं उस दल की ओर से युद्ध करूंगा जो पराजित होगा या जिसके साथ अन्याय हुआ होगा।' सब विस्मय ये उसे ही देख रहे थे। उपस्थित लोगों में से एक ने पूछा-'लेकिन आपकी सेना कहां है ? क्या आपकी सेना पीछे आ रही है ?' 'नहीं, मुझे सेना की आवश्यकता नहीं है। मैं बिना सेना के ही आया हूं।' बर्बरीक ने गर्व से कहा। 'तब आप पराजित दल की सहायता कैसे करेंगे?' आगन्तुक महाबली मुस्कराया- 'मुझे सेना की आवश्यकता ही नहीं है। मुझे अपने इस धनुष और इन तीन बाणों पर असमी विश्वास है। मैं एक ही बाण से शत्रु- सेना का संहार कर सकता हूँ, छूटने पर मेरा पहला बाण हर व्यक्ति के मृत्यु स्थल पर निशान लगा देगा और दूसरा बाण उन्हें बींध देगा।' 'आपका नाम?' बहुत से लोगों ने विस्मय से पूछा। 'मैं भीमसेन का पौत्र, घटोत्कच का पुत्र महाबल बर्बरीक हूं।' आंधी की तरह कुछ ही क्षणों में यह बात दोनों शिविरों में फैल गई। हर किसी पर बर्बरीक का ही नाम गूंज रहा था। सैनिक लोग बात की गहराई तक नहीं पहुंच रहे थे, पर बात की गम्भीरता को समझने वाले योद्धा चिन्तित हो उठे। भगवान श्रीकृष्ण सोच-विचार करने लगे कि यदि वास्तव में ही वह वीर निर्बल पक्ष का साथ देगा तो पाण्डवों की विजय होते ही कौरव निर्बल हो जायेंगे। फिर वह वीर उनकी ओर से लड़कर पाण्डवों की विजय को पराजय में बदल देगा। क्या वह वास्तव में ही ऐसा विलक्षण धनुर्धर है, जो दो बाणों से ही शत्रु सेना का संहार कर सकता है? चलकर परीक्षा ली जाय। वह उठे और बर्बरीक के पास पहुंचे। उन्हें आता देख सभी सैनिक गण इधर-उधर हट गये। बर्बरीक ने श्रीकृष्ण का अभिवादन किया। दोनों में परिचय हुआ। श्रीकृष्ण ने कूटनीति का आश्रय लेते हुए पूछा-'तुम इन तीन बाणों के द्वारा सारी सेना का संहार कैसे कर सकते हो ?' बर्बरीक ने गर्व से अपना सिर ऊपर उठाया, धनुष पर एक बाण चढ़ाकर कहा-'देखिए, मैं इस प्रकार समस्त शत्रु-सेना का संहार कर सकता हूं।

*(क्रमशः)*

## अमृत सरोवर योजना से बदलेगी तस्वीर



डॉ. सौरभ मालवीय

***पृथ्वी*** हमारा निवास स्थान है। मनुष्य सहित सभी प्राणी इसी धरती पर जन्म लेते हैं और इसी पर जीवनयापन करते हैं। पृथ्वी हमारे जीवन का आधार है। पृथ्वी से हमें वायु, जल और भोजन प्राप्त होता है। यह कहने में अतिश्योक्ति नहीं है कि पृथ्वी ने मनुष्य व अन्य सभी प्राणियों को जीवन प्रदान किया है। किन्तु मनुष्य ने पृथ्वी को क्या दिया? इस प्रश्न का उत्तर यही है कि मनुष्य ने पृथ्वी को कुछ नहीं दिया, अपितु उसे दूषित किया है। वायु प्रदूषित होकर विषैली हो गई है और जल भी दूषित हो रहा है। स्थिति इतनी भयंकर है कि यमुना सहित अनेक नदियों का जल पीने योग्य नहीं है। केंद्रीय भू- जल बोर्ड के एक अध्ययन के अनुसार 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 221 जिलों के कुछ स्थानों का जल आर्सेनिक युक्त पाया गया है। दूषित पेयजल के सेवन से उनके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे क्षेत्रों के लोग दूषित जलजनित रोगों की चपेट में आ जाते हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार भू-जल संकट के कारण देश के लगभग 50 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों को आज भी स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं है। ऐसे में वे दूषित जल पीने को विवश हैं। देश में लोगों को पर्याप्त जल नहीं मिल पा रहा है। देश में प्रति व्यक्ति पानी की वार्षिक 1700 घन मीटर से कम उपलब्धता है। अंतरिक्ष से लिए गये आंकड़ों के आधार पर देश में पानी की उपलब्धता का पुनर्मूल्यांकन के अध्ययन के आधार पर आशंका व्यक्त की गई है कि वर्ष 2031 के लिए प्रति व्यक्ति पानी की औसत वार्षिक उपलब्धता घटकर 1367 घन मीटर रह जायेगी, जिससे जल संकट और गंभीर हो जायेगा। एक रिपोर्ट के अनुसार देश में कुल वैश्विक जलस्रोत का मात्र 4 प्रतिशत ही उपलब्ध है, जबकि यहां विश्व की कुल वैश्विक जनसंख्या का 18 प्रतिशत भाग निवास करता है। केंद्रीय जल आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2010 में देश में उपलब्ध कुल जल स्रोतों में से 78 प्रतिशत का उपयोग सिंचाई के लिए किया जा रहा था। जल संकट के कारण वर्ष 2050 तक यह दर घटकर लगभग 68 प्रतिशत रह जायेगी। यह शुभ संकेत नहीं है। उल्लेखनीय है कि देश के लगभग 198 मिलियन हेक्टेयर कृषि योग्य क्षेत्र के लगभग आधे भाग की सिंचाई के साधन उपलब्ध हैं। इसमें से 63 प्रतिशत क्षेत्र में भूमिगत जल से सिंचाई की जाती है, जबकि 24 प्रतिशत क्षेत्र की सिंचाई के लिए नहरों के जल का उपयोग किया जाता है। इसमें 2 प्रतिशत क्षेत्र की सिंचाई तालाब एवं कुंओं के जल से की जाती है तथा 11 प्रतिशत क्षेत्र की सिंचाई के लिए अन्य स्रोत का उपयोग किया जाता है। इससे स्पष्ट हो जाता है कि भारतीय कृषक आज भी सिंचाई के लिए भूमिगत जल पर निर्भर करते हैं। इसलिए भू-जल का अत्यधिक दोहन किया जाता है। इससे भूमिगत जलस्तर निरंतर गिरता जा रहा है। जल प्राणियों के जीवन का आधार है। जल के बिना कोई भी प्राणी जीवित नहीं रह सकता। सूखे एवं भूमि का जल स्तर नीचे गिरने के कारण अनेक क्षेत्रों में जल संकट व्याप्त हो गया है। इससे निपटने के लिए जल संरक्षण अति आवश्यक है। भीषण गर्मी के समय देश के प्रायः समस्त क्षेत्रों में विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में जल की समस्या उत्पन्न हो जाती है। तालाब भी शुष्क हो जाते हैं। कुंओं का जल बहुत नीचे उतर जाता है अथवा वे भी सूख जाते हैं। इसके कारण ग्रामीणों को उपयोग के लिए पर्याप्त जल प्राप्त नहीं होता है। इस समस्या के दृष्टिगत केंद्र सरकार ने अमृत सरोवर योजना प्रारम्भ की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 24 अप्रैल, 2022 को आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में इसका शुभारंभ किया था। इस योजना का उद्देश्य देश के प्रत्येक जिले में कम से कम 75 जलाशयों का विकास एवं कायाकल्प करना है।

**केंद्रीय भू- जल बोर्ड के एक अध्ययन के अनुसार 25 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के 221 जिलों के कुछ स्थानों का जल आर्सेनिक युक्त पाया गया है। दूषित पेयजल के सेवन से उनके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है।**

**पर्यावरण**

**फोटो की दुनिया**



**ट्वीट-ट्वीट**

I.P. Singh
@IPSinghSp

उसके परिवार में 3 लोगों की हत्या कर चुकी यूपी पुलिस उस महिला को तलाश रहीहै जिसके जवान बेटे को मार दिया जिसके 4 बार के MLA,सांसद रहे शौहर को मार दिया उसके पूर्व MLA देवर को मार दिया।

कलतक वह महिला मेयर चुनाव की तैयारी कर रही थी फिर उसपर इनाम घोषित कर दिया गया।
#उस_बेवा_पर_रहम_करो

**फेसबुक वॉल से**




## स्वस्थ लिवर के लिए अपनी जीवन शैली में करें बदलाव



ललित गर्ग

***लिवर*** या यकृत से संबंधित बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए हर साल 19 अप्रैल को विश्व लिवर दिवस मनाया जाता है। शरीर के अन्य हिस्सों की तरह लिवर भी हमें स्वस्थ्य रखने में काफी अहम भूमिका निभाता है। इसलिए उसका ख्याल रखना भी बेहद आवश्यक है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान के मुताबिक मस्तिष्क को छोड़कर लिवर शरीर का दूसरा सबसे बड़ा और सबसे जटिल अंग है, यह शरीर के पाचन तंत्र का एक प्रमुख अंग है। हम जो कुछ भी खाते या पीते हैं, चाहे वह भोजन हो, दवा या फिर कुछ और, इससे शरीर में उत्पन्न होने वाले विषाक्त पदार्थों और आंतों द्वारा अवशोषित हानिकारक पदार्थों को संभालने के लिए लिवर से होकर गुजरता है। इसके लिए लिवर को सबसे ज्यादा जिम्मेदार ठहराया जाता है। बिना लिवर के हम जीवित नहीं रह सकते। लिवर लगभग 300 से ज्यादा विभिन्न प्रकार के कार्य हमारे शरीर में करता है जैसे रक्त में शर्करा को नियंत्रण करना, विषाक्त पदार्थ को अलग करना, ग्लूकोज को ऊर्जा में बदलना, प्रोटीन पोषण की मात्रा को संतुलन करना आदि। शरीर का यह ऐसा महत्वपूर्ण अंग है जिसकी अगर आप अच्छी तरह से देखभाल नहीं करते हैं तो यह आसानी से क्षतिग्रस्त हो सकता है। कई बार हम अनजाने में या फिर गलत आहार के चलते भी गंभीर परिणाम देखने को मिल सकते हैं। लिवर ऐसे सैकड़ों जटिल कार्य करता है, जिनमें शामिल हैं- संक्रमण और बीमारी से लड़ना, रक्त शर्करा का विनियमन, शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकालना, कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित करना, रक्त को थक्का जमने में मदद करना, पित्त का विमोचन अर्थात पाचन में सहायता करता है। क हेल्दी लिवर पाने के लिए अपने डाइट और जीवनशैली में बदलाव कर सकते हैं। लिवर को स्वस्थ रखने के लिए नियमित व्यायाम करें और स्वस्थ आहार लें। सभी खाद्य समूहों के खाद्य पदार्थ खाएं जिनमें अनाज, प्रोटीन, डेयरी उत्पाद, फल, सब्जियां और वसा शामिल हो। ऐसे खाद्य पदार्थ खाएं जिनमें बहुत सारे फाइबर हों जैसे ताजे फल और सब्जियां, साबुत अनाज की ब्रेड, चावल और अनाज। लहसुन, अंगूर, गाजर, हरी पत्तेदार सब्जियां, सेब और अखरोट खाएं। नींबू का रस और ग्रीन टी लें। शराब, धूम्रपान और नशीले पदार्थों को ना कहें, शराब, धूम्रपान और ड्रग्स लिवर की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचा सकते हैं। यहां तक कि पैसिव स्मोकिंग के शिकार भी न बनें। जहरीले रसायनों से सावधान रहें, एरोसोल और सफाई उत्पादों और कीटनाशकों जैसे रसायन, जहरीले पदार्थ पैदा करते हैं जो यकृत कोशिकाओं को घायल कर सकते हैं। व्यक्ति को नियमित रूप से एक्सरसाइज करनी चाहिए। एक्सरसाइज करने से न केवल शरीर स्वस्थ रह सकता है बल्कि लिवर की चर्बी भी कम हो सकती है। एक्सरसाइज करने से लिवर के काम पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। वजन नियंत्रण में रखेंगे तो नॉन-अल्कोहल फैटी लिवर रोग को रोकने में मदद मिल सकती है। साथ ही बहुत सारी रोगों के फैलाव से बचाव होगा। ज्यादा शराब का सेवन न करें। यह लिवर की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचा सकता है और सिरोसिस में सूजन पैदा कर सकता है, जो घातक हो सकता है। लिवर की बीमारी का आमतौर पर तब तक कोई स्पष्ट संकेत या लक्षण नहीं दिखता है जब तक कि यह काफी जटिल न हो और लिवर क्षतिग्रस्त न हो जाय। इस स्तर पर, संभावित लक्षण भूख में कमी, वजन घटने और पीलिया आदि हैं। लिवर शरीर के महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। वहीं इसका कार्य भोजन को पचाना होता है। लिवर का काम ब्लड शुगर को नियंत्रित रखने और प्रोटीन बनाने का भी होता है। शरीर के विकास के लिए प्रोटीन की आवश्यकता होती है। भोजन से भी पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन की जरूरतें शरीर में पूरी नहीं हो पाती हैं।

**लिवर को स्वस्थ रखने के लिए नियमित व्यायाम करें और स्वस्थ आहार लें। सभी खाद्य समूहों के खाद्य पदार्थ खाएं जिनमें अनाज, प्रोटीन, डेयरी उत्पाद, फल, सब्जियां और वसा शामिल हो।**

**हेल्थ**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# आम उत्पादन में गुफू गांव ने राष्ट्रीय स्तर पर बनाई पहचान

कभी घोर उग्रवाद का दंश झेल चुके तोरपा प्रखंड का एक अति पिछड़ा गांव है गुफू, जहां जाने के लिए आज भी एक भी पक्की सड़क तक नहीं है। आज इस गांव ने मेहनत के बल पर आम उत्पादन में खूंटी जिला और झारखंड ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान बना ली है। गुफू गांव खूंटी जिले का सबसे बड़ा आम उत्पादक गांव बन गया है। आज भी गांव में 20-25 एकड़ में बाग आम की खुशबू से महक रहे हैं। गांव में मालदा, आम्रपाली सहित अन्य किस्मों के सैकड़ों पेड़ों पर आम इस तरह लटके हुए हैं, जिसे देखने की एक अलग ही अनुभूति होती है। गांव के आम उत्पादक किसान महेश्वर सिंह बताते हैं कि आम के कारण आज पूरा गांव आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो गया है। गांव के किसानों ने स्वयंसेवी संस्था प्रदान के तकनीकी सहयोग और प्रशिक्षण लेकर सामूहिक रूप से आम की खेती शुरू की। उनकी मेहनत रंग लाई और हर साल आम का अच्छा उत्पादन होने लगा और अच्छी किस्म का आम होने के कारण बाजार में कीमत भी अच्छी मिलने गली। अब तो रांची, खूंटी के अलावा ओड़िशा के व्यापारी भी गांव पहुंच कर आम खरीदकर ले जाते हैं। उन्होंने बताया कि सिंचाई के लिए गांव में कई डोभा और तालाब का निर्माण कराया गया है। जिला प्रशासन भी गांव में आम की खेती को लगातार बढ़ावा दे रहा है।



महेश्वर सिंह बताते हैं कि देश और विदेश से जब भी कोई बड़े अधिकारी राजदूत आदि बागवानी देखने खूंटी आते हैं, तो उन्हें गुफू गांव की ही आम बागवानी को जिले के अधिकारी दिखाते हैं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की पत्नी हिलेरी क्लिंटन सहित कई विदेशी मेहमान और कई देशों के राजदूत इस गांव में आ चुके हैं।

### 17 एकड़ में लगे आम को 6.30 लाख में बेच चुके हैं ग्रामीण

महेश्वर सिंह ने बताया कि इस वर्ष रांची के डेली मार्केट के एक व्यापारी ने 17 एकड़ के बाग में लगे आम को छह लाख तीस हजार रुपये में खरीद लिया है। जिस समय आम में टिकोरे आ रहे थे, उसी समय व्यापारी ने पूरे बागान के आम को खरीद लिया है। दवा का छिड़काव से लेकर सिंचाई तक सभी कुछ व्यवसायी द्वारा ही किया जा रहा है। इसके एवज में गांव वालों को मजदूरी भी मिलती है।

### तीन हजार एकड़.क्षेत्रफल में लगी है आम की फसल

ग्रामीण विकास के क्षत्र में काम कर रही स्वयंसेवी संस्था प्रदान के अधिकारी रवि रंजन कुमार बताते हैं कि खूंटी की मिट्टी आम खासकर आम्रपाली किस्म के लिए काफी उपजाऊ है। आज खूंटी जिला आम के उत्पादन में एक अलग पहचान बना चुका है। उन्होंने बताया कि गुफू के अलावा, गोपला, बांदू, ईचा, मरचा, सोसो, सुंदारी सहित विभिन्न गांवों के तीन एकड़ क्षेत्रफल में आम की खेती की गई है। उन्होंने कहा कि मौसम की बेरुखी के कारण इस वर्ष अन्य वर्षों की तुलना आम का कम उत्पादन होने की संभावना है।

# शुरू हो गया वैशाख माह का शुक्ल पक्ष

वैशाख माह के शुक्ल पक्ष में कई महत्वपूर्ण व्रत-त्योहार पड़ते हैं। हिंदू पंचाग के मुताबिक 21 अप्रैल 2021 से वैशाख माह का शुक्ल पक्ष की शुरूआत हो गई है। वैशाख के शुक्ल पक्ष में कई महत्वपूर्ण व्रत-त्योहार पड़ते हैं। बता दें कि स्कंद पुराण में ब्रह्मा जी ने वैशाख मास को सब मासों में श्रेष्ठ बताया है। सब माहों में वैशाख माह उतना ही श्रेष्ठ है, जैसे सतयुग के समान दूसरा युग नहीं है।

**अक्षय तृतीया :** वैशाख माह के शुक्ल पक्ष में पहला त्योहार अक्षय तृतीया का है। अक्षय तृतीया का पर्व 22 अप्रैल, 2023 को पड़ रहा है। इस दिन मां लक्ष्मी के पूजा का विधान है। इस दिन अबूझ मुहूर्त होने के कारण खरीदारी और मांगलिक कार्यों के लिए शुभ मुहूर्त देखने की जरूरत नहीं होती है। बता दें कि इसी दिन परशुराम जयंती भी मनाई जाती है। वैशाख माह के शुक्ल पक्ष का दूसरा पर्व विनायक चतुर्थी 23 अप्रैल 2023 को मनाई जाएगी। विनायक चतुर्थी का दिन भगवान गणेश को समर्पित होता है। इस दिन गणपति की सच्चे मन से पूजा-अर्चना करने से राहु-केतु की पीड़ा से मुक्ति मिलती है। साथ ही गणेश जी की कृपा से बुद्धि और धन में वृद्धि होती है।

**सूरदास जयंती :** 25 अप्रैल को सूरदास जयंती, शंकराचार्य जयंती और रामानुज जयंती मनाई जाएगी। सूरदास भगवान श्रीकृष्ण के परम भक्त थे। सूरदास जयंती के दिन सूरदास की कविताएं, दोहे आदि का स्मरण करने से कृष्ण जी का आशीर्वाद प्राप्त होता है।



**गंगा सप्तमी :** 27 अप्रैल, 2023 को गंगा सप्तमी का पर्व मनाया जाएगा। मान्यता के अनुसार, इस दिन ब्रह्म देव के कमंडल से मां गंगा का जन्म हुआ था। गंगा सप्तमी के दिन गंगा नदी में डुबकी लगाने से मोक्ष की प्राप्ति होती है।

**सीता नवमी :** 29 अप्रैल 2023 को सीता नवमी का पर्व मनाया जाएगा। बता दें कि इस दिन मां सीता का प्राकट्य दिवस मनाया जाता है। रामनवमी के ठीक 1 महीने बार जानकी जयंती का त्योहार मनाया जाता है। इस दिन अखंड सौभाग्य की कामना लेकर महिलाएं मां सीता की पूजा-अर्चना करती हैं।

**मोहिनी एकादशी :** मोहिनी एकादशी का व्रत 1 मई, 2023 को रखा जाएगा। समुद्र मंथन से अमृत निकलने के बाद देवगणों और राक्षसों में इसे पाने के लिए विवाद हो गया था। तब इस विवाद को सुलझाने के लिए भगवान विष्णु ने मोहिनी अवतार लिया था।

**नरसिम्हा जयंती :** नरसिंह जयंती 4 मई को मनाई जाएगी। बता दें कि वैशाख शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को भगवान विष्णु ने नरसिंह का अवतार लिया था। इस अवतार में भगवान श्रीहरि विष्णु ने हिरण्यकश्यप का वध किया था।

**बुद्ध पूर्णिमा :** वैशाख पूर्णिमा 5 मई, 2023 को मनाई जाएगी। इसी दिन भगवान गौतम बुद्ध का जन्मोत्सव भी मनाया जाता है। इसलिए इसको बुद्ध पूर्णिमा भी कहा जाता है। बता दें कि इसी दिन यानी की 5 मई को साल का पहला चंद्र ग्रहण भी लग रहा है।

❖ **अनन्या मिश्रा**

# हमें तो लिखने का मसाला चाहिए



लिखने का मसाला हमारे चारों ओर फैला हुआ है। जो जितना लिखना चाहे उतना उठा सकता है। इन्हीं मसालों के बीच एक मसाला था गड्ढा। जी हाँ, चमचमाती सड़क के बीच एक गड्ढा था। गड्ढा भी बड़ा चिढ़ा-चिढ़ा था। गड्ढे की सूरत देखकर ऐसा लगा कि कांट्रैक्टर को उसकी मुँह मांगी कीमत नहीं मिली तो सड़क के मुँह पर यह गड्ढा छोड़ गया हो। अब गड्ढा बन ही गया है तो गिरना बनता ही है। नहीं तो गड्ढे की क्या इज्जत रह जाएगी। सो आए दिन कोई न कोई गड्ढे में गिरता और अपने हाथ-पैर तुड़वाता।

एक दिन एक माँ-बेटे गड्ढे में गिर गए। आप तो जानते ही हैं कि हमारे देश में आपदा के समय सहायता करने वाले बाद में तमाशा देखने वाले पहले पहुँच जाते हैं। वैसे भीड़ की मानसिकता बहुविकल्पीय होती है। पहले तो अ की सोच ब की सोच से मेल नहीं खाएगी। मेल खा भी गयी तो स की सोच उन दोनों की नहीं मानेगी। मान भी गयी तो द की सोच कुछ करने नहीं देगी। कुल मिलाकर जहाँ थे वहीं पर रहते हैं।

कुछ पढ़े-लिखे घटना का वीडियो बनाकर अपलोड करने की अपनी मौलिक व प्राथमिक जिम्मेदारी पूरी करते हैं। ऐसा नहीं करने पर उनका हाजमा बिगड़ जाने की प्रबल संभावना बनी रहती है। यदि कोई सहायता करने के लिए हाथ बढ़ाता है तो उसे अनपढ़-गंवार कहकर उसका मजाक उड़ाया जाता है। ऐसे लोगों की सोच में समझदार हेल्पलाइन नंबर पर फोन लगाते हैं और बेवकूफ सहायता करने के चक्कर में खुद पुलिस थाने के चक्कर में लग जाते हैं। इन सब के बीच सबसे खुश एक ही व्यक्ति रहता है जो न तो सहायता करता है न हेल्पलाइन को फोन। जानते हो वह व्यक्ति कौन होता है? उसे ही आज की दुनिया में व्यंग्यकार कहते हैं। उसे तो ऐसे-जैसे-तैसे लिखने के लिए मसाला चाहिए। मसाला मिल गया तो समझो कोरा कागज घिसकर काला कर दिया। छप गए अगले दिन। लाइक्स पर लाइक्स और शेयर का सुख अलग से। वाहवाही के झूले में झूलने वाले व्यंग्यकार लोगों की पीड़ाओं में अपने छपास सुख की अठखेलियाँ खेलते रहते हैं।

❖ **डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**
**उरतृप्त**
**प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार**

# इन कारणों से थायराइड रोग का हो सकते हैं आप शिकार

बिजी लाइफस्टाइल, फिजिकल एक्टिविटी की कमी और खानपान की गलत आदतों के कारण हम जल्दी बीमार पड़ जाते हैं। कई बीमारियां हमारे शरीर के ग्लैंड्स से जुड़े होते हैं। बता दें कि थायरॉइड भी ग्लैंड से जुडा होता है। थायरॉइड गले में तितली के आकार का ग्लैंड होता है। यह गले में ठीक सामने की ओर मौजूद होता है। थायरॉयड ग्लैंड हार्मोन बनाता है, जो व्यक्ति के शरीर के मेटाबॉलिज्म (हम जो भोजन खाते हैं, यह उसे ऊर्जा में बदलने का काम करता है) को बढ़ाने का काम करता है। साथ ही यह बॉडी सेल्स को कंट्रोल करने का काम करता है। शरीर की सभी प्रक्रियाओं को थायरॉइड हार्मोन नियंत्रित करता है। जब इस ग्लैंड में गड़बड़ी हो जाती है तो व्यक्ति को थायरॉइड से संबंधित रोग होते हैं।


आज हम आपको इस आर्टिकल में बताएंगे कि थायरॉइड किन चीजों से बढ़ने लगता है। इस बारे में न्यूट्रिशनिस्ट मनोली मेहता जानकारी दे रही हैं। बता दें कि न्यूट्रिशनिस्ट मनोली मेहता डायबिटीज शिक्षक और वेट मैनेजमेंट स्पेशलिस्ट हैं। लेकिन उससे पहले हले थायरॉइड बढ़ने के लक्षणों के बारे में जानकारी होना जरूरी है।

### लक्षण

मसल्स में कमजोरी और दर्द
दिल की धड़कन बढ़ना
पीरियड्स में गड़बड़ी
बालों का झड़ना
ज्यादा भूख लगना
ज्यादा पसीना आना
चिड़चिड़ापन
वेट लॉस
घबराहट
अनिद्रा

### सेलेनियम की कमी

हाशिमोटो (यह एक ऑटोइम्यून विकार है, जो थायरॉयड सेल्स को नष्ट कर देता है) से पीड़ित व्यक्तियों में सेलेनियम की कमी सबसे आम पोषक तत्व की कमी होती है। बता दें कि यह पोषक तत्व थायरॉइड के कामों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इसलिए इसके सप्लीमेंट लेने से न सिर्फ ऑटोइम्यून रोग के ट्रिगर्स से बचने में सहायता मिलती है। बल्कि थायरॉइड एंटीबॉडी के हाई लेवल को भी कम करने का काम करता है। सेलेनियम ग्लूटाथियोन का उत्पादन करता है, जिसके कारण थायरॉयड ग्लैंड को सूजन से बचाता है। यह एक एंटीऑक्सीडेंट के तौर पर काम करता है। साथ ही यह बालों को झड़ने से भी रोकता है।



### ग्लूटेन का सेवन

ग्लूटेन में पाए जाने वाले प्रोटीन को ग्लियाडिन कहा जाता है। इसकी मॉलिक्यूलर संरचना थायरॉइड के जैसी होती है। इसलिए जब भी ग्लूटेन वाले खाने को खाया जाता है, तो यह ब्लडस्ट्रीम में प्रवेश कर जाता है। ब्लडस्ट्रीम में जाने पर यह खाने को पचाने की जगह उस पर हमला करना शुरू कर देता है। साथ ही ग्लूटेन के सेवन से शरीर में एलर्जी और सूजन की समस्या भी हो सकती है।

हर व्यक्ति को डाइट में कम से कम काबोर्हाइड्रेट वाली चीजों को शामिल करना चाहिए। क्योंकि इनमें कैलोरी की मात्रा अधिक पाई जाती है। अधिक कैलोरी थायरॉइड के काम में रुकावट पैदा करती है। इसके साथ ही कार्ब्स के सेवन से मेटाबॉलिक रेट धीमा हो जाता है। इसलिए आपको अपने दिन की शुरूआत अच्छी गुणवत्ता वाले प्रोटीन कॉम्प्लेक्स कार्ब्स आदि से करनी चाहिए। अपनी डाइट में आप एवोकाडो, अंडे, ग्लूटेन फ्री ब्रेड या ओट्स, अखरोट, ब्लूबेरी और बादाम के दूध को शामिल कर सकते हैं।

# जूतों से नहीं आएगी बदबू

आजकल मार्केट में ऐसे फुट पाउडर मिलते हैं, जो नमी के साथ-साथ गंध आदि को भी अब्जॉर्ब करने में मदद करते हैं। ऐसे में अगर आपको अक्सर जूतों से बैड स्मेल आती है तो आप मेडिकेटेड फुट पाउडर का इस्तेमाल कर सकते हैं। गर्मी के मौसम में जूतों से एक अजीब सी गंध आना बेहद ही आम समस्या है। आमतौर पर, जब जूतों से बैड स्मेल आती है तो पैरों से भी वह बदबू आनी शुरू हो जाती है। जिससे व्यक्ति को बेहद ही अजीब लगता है। अक्सर हम जूतों से स्मेल आने पर उसे धोना पसंद करते हैं। हालांकि, जूतों को बार-बार और जल्द धोने से उसकी लाइफ कम हो जाती है। धोकर तो आप जूतों से आने वाली स्मेल को दूर कर ही सकते हैं। लेकिन इसके अलावा भी आप कुछ अन्य उपाय अपना सकते हैं।

**पाउडर की लें मदद :** आजकल मार्केट में ऐसे फुट पाउडर मिलते हैं, जो नमी के साथ-साथ गंध आदि को भी अब्जॉर्ब करने में मदद करते हैं। ऐसे में अगर आपको अक्सर जूतों से बैड स्मेल आती है तो आप मेडिकेटेड फुट पाउडर का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह जूते पहनने पर फंगस के विकास को भी रोक सकता है। अगर आपके पास फुट पाउडर नहीं है तो ऐसे में आप बेकिंग सोडा के इस्तेमाल पर विचार करें। गर्मी के मौसम में मुख्य रूप से पैरों से पसीने के कारण जूतों में नमी आ जाती है। जब आप पैरों के पसीने को रोकते हैं, तो आप अपने जूतों को सूखा रखते हैं और बैक्टीरिया और फंगस को पनपने नहीं देते। इसलिए, जूतों से आने वाली बैड स्मेल को रोकने के लिए सुनिश्चित करें कि आपके पास एंटीपर्सपिरेंट अवश्य हो। हालांकि, अगर आप इसका इस्तेमाल पहली बार कर रहे हैं तो ऐसे में एक पैर की अंगुली या एक पैर पर एक छोटा पैच टेस्ट अवश्य करें।

**समझदारी से करें मोजों का चयन :** आपके द्वारा पहने जाने वाले मोजे भी आपके जूतों से आने वाली बैड स्मेल को रोक सकते हैं। कोशिश करें कि आप ऐसे मोजे पहनें, जो आपके पैरों और जूतों को सूखा रखने में मदद करें। आजकल मार्केट में ऐसे मोजे अवेलेबल हैं, जो आसानी से पसीने को अब्जॉर्ब कर लेते हैं। वहीं कॉटन पसीने को पैर में ऐसा ही रखता है, जिससे आपके जूते में बैक्टीरिया के लिए एक आदर्श प्रजनन स्थल बन जाता है। फिर आपके जूतों से बैड स्मेल आने लगती है।

**जूतों को सुखाएं :** एक बार जूते पहनने के बाद आप भले ही उन्हें धोना ना चाहते हों, लेकिन फिर भी आपको उन्हें सुखाना अवश्य चाहिए। अगर आपके जूते काफी देर तक नम रहते हैं तो ऐसे में वे बैक्टीरिया के लिए प्रजनन स्थल बन जाएंगे। जिससे उसमें से बैड स्मेल आएगी। आप जूतों को सुखाने की प्रक्रिया को तेज करने के लिए इनसोल को हटा दें और जूतों को सूखे कागज से भर दें। आप देखेंगे कि कागज जल्द ही सारी नमी सोख लेंगे।

❖ **मिताली जैन**

# इन देशों में कार-बाइक की जगह नावों में घूमते हैं लोग

जब हॉलिडे मनाने की बात आती है तो हम अनोखी डेस्टिनेशन पर जाना चाहते हैं। आपको बता दें कि दुनिया के इन शहरों में आपको कुछ नया एक्सपीरियंस करने को मिलेगा। बता दें कि इन जगहों पर सड़क नहीं है। बल्कि यहां पर लोग नाव से इधर-उधर जाते हैं। हनीमून पर जाना हो, या हॉलिडे मनाना हो, हर कोई चाहता है कि उनकी डेस्टिनेशन सुंदर और अनोखी होनी चाहिए। अगर आप भी किसी ऐसी जगह की तलाश में हैं, तो दुनिया भर में कई खूबसूरत शहर और कस्बे मौजूग हैं। इन जगहों पर एक-जगह से दूसरी जगह पर जाने के लिए नाव करनी पड़ती है। यन जगहों पर आपको सड़क नहीं मिलेगी। अगर आप भी इन जगहों पर जाते हैं तो वहां पर आप नाव के जरिए इधर-उधर जा सकते हैं।



सुझाऊ चीन का एक गांव है। इस गांव का अपना इतिहास रहा है। बता दें कि यहां के लोगों को नाव से चलना काफी पसंद है। इसलिए आपको यहां पर पेड़ों के आपसाप नहरों में ढेरों चलती हुई नाव देखने को मिलेंगी।

फ्रांस का एनेसी पानी पर बसा हुआ है। आपको यहां पर कुछ ही मीटर पर कई ब्रिज देखने को मिलेंगे। यहां पर नहर के किनारे काफी संख्या में रेस्तरां बने हैं। इन रेस्तरां में आप सुबह की चुस्कियां लेने के लिए पहुंच सकते हैं। बता दें कि यह जगह लार्ड एनेसी के नाम बनी हुई है।

**वेनिस :** वेनिस शहर की गिनती इटली के सबसे खूबसूरत शहरों में आता है। यह पूरा शहर पानी में बसा हुआ है। इस शहर को छोटे-छोटे आइसलैंड के साथ मिलकर बनाया है। अगर आप भी इटली घूमने जाएं तो एक बार गंडोला राइड का लुत्फ जरूर लें। यहां पर आपको एक भी सड़क नहीं दिखेगी।

**गेनवी :** अफ्रीका का छोटा गांव गेनवी अपनी खूबसूरती के लिए जाना जाता है। गेनवी की आजादी करीब 20 हजार के आसपास है। यह गांव नोकुई झील के बीच पर बसा है। यहां पर लोग नाव पर बैठकर बिजनेस करते हैं। घूमने के लिहाज से यह बेहतरीन जगह है।

**स्टॉक होम :** स्वीडन की राजधानी स्कॉटहोम भी एक खूबसूरत शहर है। यह 14 आइसलैंड पर बना है। बता दें कि स्कॉटलैंड में 50 से ज्यादा ब्रिज मौजूद हैं। झील के किनारे बना यह शहर अपनी नीली इमारतों के लिए भी जाना जाता है।

**अनन्या मिश्रा :** पीरियड्स शुरू और खत्म होने के दोनों ही स्थिति में महिलाओं के शरीर में हार्मोनल बदलाव आते हैं। महिलाओं को मेनोपॉज से पहले पेरिमेनोपॉज से गुजरना पड़ता है। इस दौरान महिला के शरीर में कुछ लक्षण दिखते हैं। इन लक्षणों से निजात पाने के लिए डाइटीशियन ने छोटा सा उपाय बताया है। पीरियड्स के शुरू होने और इसके खत्म होने के बाद दोनों ही स्थिति में महिलाओं के शरीर में कई हार्मोनल चेंजेस होते हैं। महिलाओं को इन बदलावों की वजह से कुछ दिक्कतें भी उठानी पड़ती हैं। वहीं अगर बात मेनोपॉज की यानि की उस स्थिति की करें, जब पीरियड्स बंद हो जाते हैं। ऐसे अमूमन 45 से 50 वर्ष के आसपास की महिलाओं में होता है। महिलाओं को मेनोपॉज से पहले पेरिमेनोपॉज से गुजरना पड़ता है। मेनोपॉज वो स्थिति होती है जब महिलाओं में ओवुलेशन बंद हो जाता है। इसके बाद महिलाएं प्रेग्नेंट नहीं हो सकती हैं।

पेरिमेनोपॉज यानी की मेनोपॉज से पहले पीरियड्स में अनियमितता देखने को मिलती है। शरीर में इस दौरान और भी कई लक्षण नजर आते हैं। यह लक्षण इस बात की ओर इशारा करते हैं कि मेनोपॉज का समय करीब है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि इस दौरान किसी भी महिला के शरीर में किस तरह के लक्षण दिखाई देते हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


### लोक सेवक देखें कि सत्तारुढ़ पार्टियां सरकारी धन का मिसयूज तो नहीं कर रहीं:मोदी

# पैसा देश के काम आए संगठन विस्तार के नहीं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को देश भर के प्रशासनिक अधिकारियों का आह्वान किया कि वे हर फैसले से पहले इन सवालों के बारे में जरूर सोचें कि सत्ता में बैठी राजनीतिक पार्टियां सरकारी धन का इस्तेमाल देश के विकास में कर रही हैं या अपने दल के विस्तार में या फिर वोट बैंक बनाने के प्रयास में वह उसे लुटा रही हैं। लोक सेवा दिवस पर राजधानी में लोक सेवकों को संबोधित करते हुए मोदी ने उनसे राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को विस्तार देने का आग्रह करते हुए कहा कि उन्होंने ऐसा नहीं किया तो देश का धन लुट जाएगा, करदाताओं के पैसे बर्बाद हो जाएंगे और युवाओं के सपने चकनाचूर हो जाएंगे। इस अवसर पर मोदी ने लोक प्रशासन के क्षेत्र में अभूतपूर्व कामकाज के लिए प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कोार भी प्रदान किए। ये पुरस्कोार नागरिकों के जीवन में सुधार लाने के उद्देश्य से जिलों और संगठनों को असाधारण प्रयासों और नई पहलों के लिए दिये जाते हैं। अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि लोक सेवकों के छोटे से छोटे फैसलों का आधार भी देश हित होना चाहिए। लोकतंत्र में राजनीतिक दलों के महत्व का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हर दल की अपनी विचारधारा होती है और संविधान ने हर दल को यह अधिकार भी दिया है, लेकिन एक सरकारी कर्मचारी के तौर पर प्रशासनिक अधिकारियों को कुछ सवालों का अवश्य ही ध्यान रखना पड़ेगा। प्रधानमंत्री ने कहा, ह्यह्यजो राजनीतिक दल सत्ता मं आया है क्या वह करदाताओं के पैसों का इस्तेमाल अपने दल के हित के लिए कर रहा है या देश के हित के लिए कर रहा है? उसका उपयोग कहां हो रहा है? यह आप लोगों को देखना ही होगा।

## 'मन की बात' के 100 एपिसोड पूरे होने पर जारी किए जाएंगे खास सिक्के



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का इस बार 100वां एपिसोड होगा। प्रधानमंत्री ने अपने पिछले 'मन की बात' कार्यक्रम में 100वें एपिसोड को लेकर लोगों की उत्सुकता पर बात की थी। पीएम मोदी ने बताया कि कुछ लोगों ने उनको पत्र लिखकर 100वें एपिसोड को खास बनाने पर भी बात की थी। पीएम मोदी ने कहा था कि खास दिन को इस तरह सेलिब्रेट करने का प्लान है, ताकि उसका लंबे समय तक इतिहास में प्रभाव रहे। साथ ही पीएम मोदी ने 27 अप्रैल तक लोगों से अगले और 100वें एपिसोड के लिए सुझाव देने की अपील की। मन की बात के 100वें एपिसोड के मौके पर एक सिक्का जारी किया जाएगा। सरकार 100वें एपिसोड के प्रतीक के रूप में 100 रुपए मूल्य का सिक्का जारी करेगी, जिसपर 'मन की बात 100' लिखा होगा। सिक्के पर माइक्रोफोन बना होगा जिसपर 2023 लिखा होगा। केंद्र सरकार द्वारा जारी अधिसूचना में बताया गया कि सिक्के के एक तरफ अशोक स्तंभ और उसके नीचे सत्यमेव जयते लिखा होगा। सिक्के को दोनों तरफ अंग्रेजी और हिंदी में 'मन की बात 100' अंकित होगी।

## सूडान से भारतीयों की निकासी के लिए तैयार करें प्लान : पीएम मोदी

**सूडान** में सेना और अर्धसैनिक बल के बीच चल रहे गृहयुद्ध के चलते वहां के हालात बद से बदतर हो गए हैं। ऐसे में वहां फंसे भारतीयों की लिए पीएम मोदी ने फिक्र जाहिर की है और वहां से उनकी जल्द से जल्द निकासी के लिए संबंधित अधिकारियों को कहा है। इसके लिए पीएम ने एक हाई लेवल मीटिंग भी बुलाई। पीएम ने संबंधित अधिकारियों को सूडान में सतर्क रहने, घटनाक्रम की बारीकी से निगरानी करने और भारतीय नागरिकों की सुरक्षा का मूल्यांकन करने का निर्देश दिया है। पीएम ने सूडान से भारतीयों के लिए आकस्मिक निकासी योजना तैयार करने और उनमें सुरक्षा के हिसाब से तेजी से बदलाव करने और विकल्पों की व्यवहार्यता पर चलने का निर्देश दिया।



### यूट्यूबर मनीष कश्यप पर एनएसए लगाए जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने पूछा

# इस आदमी के खिलाफ यह प्रतिशोध क्यों?

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार से कहा कि वह यूट्यूबर मनीष कश्यप को मदुरै जेल से दूसरी जेल में नहीं ले जाए, क्योंकि राज्य में कई प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। कश्यप को कथित तौर पर दक्षिणी राज्य में प्रवासी मजदूरों पर हमले के फर्जी वीडियो प्रसारित करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। शीर्ष अदालत ने तमिलनाडु सरकार से कश्यप के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) लगाने के औचित्य के बारे में भी पूछा। कश्यप का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मामला प्रस्तुत किया। दवे ने न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा से कहा कि उनके मुवक्किल के खिलाफ एनएसए लगाया गया है और बताया कि कश्यप के खिलाफ तमिलनाडु में छह और बिहार में तीन प्राथमिकी दर्ज हैं। मुख्य न्यायाधीश ने आश्चर्य जताया कि राज्य ने इस मामले में कश्यप के खिलाफ एनएसए क्यों लगाया है और तमिलनाडु सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल से पूछा: मिस्टर सिब्बल, यह एनएसए क्या है? इस आदमी के खिलाफ यह प्रतिशोध क्यों? सिब्बल ने कहा कि उन्होंने फर्जी वीडियो बनाकर दावा किया कि तमिलनाडु में बिहार के प्रवासी मजदूरों पर हमले हो रहे हैं। पीठ ने कहा कि वह याचिकाकर्ता के खिलाफ तमिलनाडु में दर्ज एफआईआर को बिहार स्थानांतरित करने की इच्छुक है। एफआईआर के स्थानांतरण का विरोध करते हुए सिब्बल ने कहा कि कश्यप के 60 लाख अनुयायी हैं और वह एक राजनेता हैं, न कि पत्रकार। वह चुनाव लड़ चुके हैं। कश्यप ने तमिलनाडु में प्राथमिकी दर्ज करने को सही ठहराते हुए दक्षिणी राज्य में साक्षात्कार किए थे। बिहार सरकार के वकील ने तमिलनाडु के एफआईआर को बिहार में स्थानांतरित करने का विरोध किया और तर्क दिया कि अलग-अलग अपराध हैं और कश्यप एक आदतन अपराधी हैं।

## अलविदा की नमाज



***जयपुर में अलविदा की नमाज पढ़ते रोजेदार:*** यह दृश्य जयपुर के बड़ी चौपर का है, जहां हजारों की संख्या में मुसलमानों ने नमाज पढ़ी। फोटो : आईएएनएस

## दोस्त को कॉकपिट में जाने देने के लिए एयर इंडिया का पायलट जांच के घेरे में

**नई दिल्ली।** 27 फरवरी को दुबई से दिल्ली की उड़ान के दौरान एक दोस्त को कॉकपिट में जाने की अनुमति देकर सुरक्षा मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए एयर इंडिया के एक पायलट की जांच चल रही है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने विकास की पुष्टि की और कहा कि जांच दल प्रासंगिक तथ्यों की जांच करेगा। पायलट ने कथित तौर पर कॉकपिट में एक महिला मित्र का मनोरंजन किया, जो डीजीसीए सुरक्षा मानदंडों का उल्लंघन करता है। डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह अधिनियम अस्वीकार्य है और इससे यात्रियों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है।

### अतीक अहमद के हत्यारे आतंकवादी

# यूएपीए क्यों नहीं लगा : ओवैसी

**एजेंसी। प्रयागराज**

यूपी पुलिस की कस्टडी में माफिया डॉन अतीक अहमद और उसके भाई की हत्या पर एआईएमआईएम के मुखिया और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने यूपी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने दावा किया कि उसके हत्यारे आतंकवादी हैं। उन्होंने आरोपियों पर यूएपीए नहीं लगाए जाने को लेकर यूपी सरकार पर कई सवाल दागे हैं। सांसद ने हत्या की साजिश पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस्तेमाल किए गए प्रत्येक हथियार की कीमत 8 लाख रुपये है। हमने मीडिया रिपोर्ट्स में देखा है कि हत्या के एक आरोपी का परिवार झोपड़ी में जबकि दूसरे का परिवार एक कमरे में रहता था। उनके पास यह अवैध धन कैसे आया। इन हत्यारों को ट्रेनिंग दी गई थी। इससे पता चलता है कि ये हत्यारे गोडसे की नाजायज औलाद हैं, क्योंकि गोडसे ने गांधी को गोली मारी थी, और ये हत्यारे गोडसे के उत्तराधिकारी हैं।

## पटना में अतीक अहमद अमर रहें के नारे लगे

**एजेंसी। पटना**

शुक्रवार को पटना जंक्शन के निकट जामा मस्जिद के पास रमजान के आखिरी जुमे की नमाज के दिन यहां नमाज पढ़ने आए कुछ लोगों ने अतीक अहमद अमर रहें के नारे लगाए। नारेबाजी करने वालों में एक की पहचान रईस गजनबी के रूप में हुई है। रईस गजनबी ने इस दौरान योगी-मोदी मुदार्बाद के नारे भी लगाए। नारा लगा रहे रईस गजनबी ने अतीक अहमद को शहीद बताया। उसने कहा कि अतीक अहमद की पूरी प्लानिंग के साथ हत्या की गई है। आज हमने दुआ किया कि अल्लाहताला अतीक अहमद की शहादत को कबूल फरमाएं। अतीक अहमद की योगी सरकार ने हत्या करायी। अतीक अहमद को मरवाने में कोर्ट, मीडिया सरकार और पुलिस सबका हाथ है। इसके साथ ही नारे लगाने वाले ने कहा कि अगर उसने गलत काम किया है, तो इसके लिए कोर्ट है। अगर उन्हें कोर्ट से सजा मिलती और उन्हें फांसी पर भी चढ़ा दिया जाता, तो हमलोग कुछ नहीं बोलते लेकिन जिस तरीके से उन्हें मारा गया, वह प्लान के साथ की गई हत्या है।

## अलकायदा लेगा अतीक की हत्या का बदला

**दुनिया** से सबसे खूंखार आतंकी संगठनों में से एक अल कायदा ने माफिया डॉन अतीक अहमद और उसके छोटे भाई अशरफ अहमद की हत्या का बदला लेने का ऐलान किया है। अपनी एक मैग्जीन में अल कायदा की तरफ से कहा गया है कि जिन लोगों ने भी अतीक और अशरफ की हत्या की है, उन्हें हम छोड़ेंगे नहीं। हालांकि, इस संबंध में दिल्ली पुलिस ने कोई टिप्पणी नहीं की है।

## दिल्ली के साकेत कोर्ट में फायरिंग, की गई हमलावर की पहचान

**नई दिल्ली।** दिल्ली के साकेत कोर्ट परिसर में शुक्रवार को जिस महिला को गोली मारी गई, उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है और पुलिस के सूत्रों ने बताया कि हमलावर की पहचान कर ली गई है। सूत्रों के मुताबिक, जब फायरिंग हुई, तब महिला कोर्ट परिसर में वकीलों के ब्लॉक में थी। तीन से चार राउंड फायर किए गए। पेट में गोली लगने से महिला घायल हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, महिला को एम्स अस्पताल ले जाया गया और फिलहाल उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। हालांकि आरोपी महिला पर फायरिंग करने के बाद मौके से फरार हो गया। सूत्रों के अनुसार आरोपी की पहचान कर ली गई है और वह हिस्ट्रीशीटर बताया जा रहा है। सूत्रों ने कहा, ऐसा संदेह है कि पीड़िता और आरोपी के बीच पैसे को लेकर कोई विवाद था।

### तोहफा — अब उत्तर प्रदेश का हर घर होगा रोशन

# सरकार सबको देगी बिजली कनेक्शन

**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश सरकार हर घर, हर परिवार को बिजली कनेक्शन का तोहफा देने जा रही है। प्रदेश में अब एक भी घर अंधेरे में नहीं रहेगा। इसके साथ ही बिजली चोरी पर भी लगाम लगाई जा सकेगी। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि. के अन्तर्गत पांचों वितरण निगमों में कुल 3.27 करोड़ विद्युत उपभोक्ता हैं। इनमें से घरेलू प्रयोग हेतु कुल संयोजनों की संख्या 2.88 करोड़ है।



उत्तर प्रदेश की जनसंख्या को देखते हुए यह स्पष्ट है कि कुल घरेलू विद्युत संयोजनों की संख्या कुल परिवारों की संख्या के सापेक्ष कम है। इसीलिए सरकार ने यह निर्णय लिया है। ऐसे समस्त परिवार जो कि वर्तमान में विद्युत का प्रयोग कर रहे हैं, परन्तु उनके द्वारा संयोजन नहीं लिया गया है, उनको नियमानुसार संयोजन निर्गत किया जाएगा। इससे बिजली चोरी पर भी रोक लग सकेगी तथा ऐसे परिसर जो कि अविद्युतीकृत हैं का विद्युतीकरण कराकर संयोजन निर्गत कर दिया जाए। इस अभियान को सफल बनाने के लिए यूपीपीसीएल के अध्यक्ष एम देवराज ने विभागीय स्तर पर आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि विद्युतीकरण से छूटे समस्त परिवारों का चिह्नंकन आवश्यक है। इसके लिए अभियान चलाकर ऐसे परिवारों व घरों को चिन्हित किया जाएगा, जिनके निवास स्थान पर वर्तमान में कोई भी वैध विद्युत संयोजन नहीं है। इसके लिए विद्युत विभाग के कर्मचारी ग्राम पंचायत में उपलब्ध परिवार रजिस्टर, नगरीय क्षेत्र में हाउस टैक्स / वॉटर टैक्स जमा करने वाले परिसरों का विवरण और राशनकार्ड का विवरण देखकर विद्युत संयोजन है या नहीं का निर्णय कर सकते हैं। इससे प्राप्त मूल सूचना को आधार बनाते हुए विस्तृत सर्वे कराने के लिए सरकार ने नए प्रयोग करने के भी निर्देश दिए हैं। इसके अंतर्गत, जनपद में स्थित इंटर कॉलेज, आईटीआई, पॉलीटेक्निक एवं उच्च शिक्षा संस्थानों के छात्रों को सर्वे के लिए सम्मिलित करने को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रधानाचार्यों की एक बैठक जनपद स्तर पर कर इच्छुक छात्रों का चिन्हीकरण करते हुए छात्रों की टोलियों को क्षेत्र आवंटित कर क्षेत्र का सर्वे कराया जाएगा। निर्धारित प्रारूप पर उनके माध्यम से सूचना प्राप्त की जाएगी। सर्वे के लिए छात्रों को एक प्रोजेक्ट के माध्यम से कार्य आवंटन किया जाएगा। इसके अलावा राज्य आजीविका मिशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूह एवं विद्युत सखियां कार्य कर रहे हैं।



## किडनैपिंग और मारपीट के आरोपों को हनी सिंह ने बताया निराधार



**एक इवेंट** कंपनी के मालिक की ओर से मुंबई पुलिस में किडनैप और मारपीट की शिकायत दर्ज कराने के बाद हनी सिंह ने प्रतिक्रिया दी है। हनी सिंह ने अपने खिलाफ लगे आरोपों को 'झूठा और निराधार' बताया है। उन्होंने यह भी कहा है कि उनकी कानूनी टीम अपहरण और मारपीट का आरोप लगाने वाले इवेंट कंपनी के मालिक के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज करने की योजना बना रही है। पुलिस में 19 अप्रैल को दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार विवेक रमन ने 15 अप्रैल को मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में गायक के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया था। पैसों के लेन-देन में गड़बड़ी के कारण कार्यक्रम रद्द करना पड़ा। मुंबई पुलिस के मुताबिक विवेक रमन की लिखित शिकायत पर मामले की जांच की जा रही है।

## अंजलि तत्रारी 'वंशज' में मुख्य भूमिका निभाएंगी



**टीवी** अभिनेत्री अंजलि तत्रारी को आगामी शो 'वंशज' में फीमेल मुख्य भूमिका निभाने के लिए लिया गया है। उन्होंने युवा लड़की युविका की भूमिका निभाने के बारे में बात की, जिससे वह कई तरह से संबंधित हो सकती है। अंजलि ने 2018 में एक्शन फिल्म 'सिम्बा' से अभिनय की शुरूआत की, जिसमें उन्होंने एक छोटी भूमिका निभाई। बाद में, उन्होंने 'मेरे डैड की दुल्हन', 'तेरे बिना जिया जाए ना' जैसे टीवी शो में अभिनय किया। नए शो में मुख्य भूमिका निभाने के बारे में बात करते हुए, उन्होंने कहा: युविका एक युवा लड़की है, जो अपने आप को चुनौतीपूर्ण स्थिति के बीच पाती है और मैं उसकी यात्रा को चित्रित करने के लिए उत्सुक हूं क्योंकि वह इस कठिन दौर से गुजरती है।

## हैदराबाद में ऑस्कर विजेता नाटू-नाटू की टीम से मिलेंगे शाह



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह रविवार को हैदराबाद में नाटू नाटू सॉन्ग की ऑस्कर पुरस्कार विजेता टीम से मुलाकात करेंगे। तेलंगाना के दौरे के दौरान, वह राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास नोवोटेल होटल में ऑस्कर पुरस्कार विजेता आरआरआर के सॉन्ग से जुड़े कलाकारों से मिलेंगे। बैठक के दौरान राजामौली, संगीत निर्देशक एम.एम. कीरावनी, गीतकार चंद्रबोस, गायक राहुल सिप्लिगुंज और काला भैरव, कोरियोग्राफर प्रेम रक्षित, एक्टर जूनियर एनटीआर और राम चरण के उपस्थित रहने की संभावना है। पिछले महीने, नाटू-नाटू बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग की कैटेगिरी में ऑस्कर जीता। भारत लौटने के बाद राम चरण अपने पिता चिरंजीवी के साथ दिल्ली में अमित शाह से मिले थे। पिछले साल अगस्त में अमित शाह ने हैदराबाद एयरपोर्ट के पास नोवोटेल होटल में जूनियर एनटीआर से मुलाकात की थी। आरआरआर में अभिनेता के प्रदर्शन को पसंद करने के बाद केंद्रीय मंत्री ने कथित तौर पर बैठक का अनुरोध किया है। राजीव गांधी हवाईअड्डे पर शाम करीब चार बजे उतरने के तुरंत बाद भाजपा नेता का आरआरआर टीम से मिलने का कार्यक्रम है।

# पोटापोवा ने कोको गॉफ को हराया

## क्वार्टरफाइनल में गार्सिया से मुकाबला

**एजेंसी। स्टटगार्ट**

एनस्तासिया पोटापोवा ने कोको गॉफ के खिलाफ अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की और पांचवीं सीड गॉफ को अपसेट करते हुए पोर्श टेनिस ग्रां प्री में 6-2, 6-3 से जीत हासिल की। क्वार्टरफाइनल में पोटापोवा का चौथी सीड कैरोलिना गार्सिया से मुकाबला होगा जिन्होंने जर्मनी की तात्जाना मारिया को 7-6(5), 6-4 से पराजित किया।



पोटापोवा ने एक महीने पहले अमेरिकी खिलाड़ी को मियामी में तीसरे दौर में 6-7(8), 7-5, 6-2 से हराया था। उन्होंने इस बार क्ले कोर्ट पर एक घंटे 17 मिनट में जीत हासिल की और 2023 में अपने चौथे क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। अन्य मैचों में चेक गणराज्य की कैरोलिना प्लिसकोवा ने क्रोएशिया की डोना वेकिच को 6-2, 6-7(5), 7-6(5) से और स्पेन की पाउला बादौसा ने हमवतन क्रिस्टीना बुस्का को 6-1, 6-2 से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनायी।

### स्वीयाटेक ने झेंग को स्टटगार्ट ग्रां प्री में हराया

**स्टटगार्ट (जर्मनी)।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी पोलैंड की इगा स्वीयाटेक ने चीन की झेंग किनवेन को टेनिस डब्लूटीए 500 स्टटगार्ट ग्रां प्री के दूसरे दौर में हरा दिया। गत चैंपियन ने चीन की उभरती स्टार को 6-1, 6-4 से हराने में एक घंटे 26 मिनट का समय लिया और स्टटगार्ट में अपना अपराजेय क्रम पांच मैच पहुंचा दिया। 45 दिनों में अपना पहला मैच खेल रही स्वीयाटेक ने इस जीत के साथ झेंग के खिलाफ अपना करियर रिकॉर्ड 3-0 पहुंचा दिया है।





# यूरोपा लीग : मैनचेस्टर यूनाइटेड को हराकर सेविला सेमीफाइनल में

**एजेंसी। मैड्रिड**

**छह** बार के यूएफा यूरोपा लीग विजेता सेविला ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को 3-0 से हराकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। मोरोक्को के इंटरनेशनल स्ट्राइकर यूसुफ एन-नसीरी ने गुरुवार रात सेविला की जीत में दो गोल दागे और सेविला ने कुल 5-2 से जीत हासिल की। उसकी यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि पिछले सप्ताह ओल्ड ट्रैफर्ड में वह पहले हाफ में 0-2 से पिछड़ गए थे। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार सेविला ने पहला गोल जल्दी ही हासिल कर लिया। आठवें मिनट में एरिक लामेला ने बॉक्स में गेंद संभाली और एन-नसीरी को पास दिया जिन्होंने 10 मीटर की दूरी से गोल दाग दिया। दूसरे हाफ में लोइक बड़े ने लूपिंग हैडर लगाते हुए सेविला की बढ़त दोगुनी कर दी। एन-नसीरी ने 81वें मिनट में गोलकीपर डी जिया की गलत क्लियरिंग का फायदा उठाते हुए गेंद संभाली और अपना दूसरा तथा टीम का तीसरा गोल दागते हुए टीम को अंतिम चार में पहुंचा दिया।

### आईपीएल 2023 में तेज गेंदबाजों के खिलाफ

# रन स्कोर करने के तरीके ढूंढने होंगे : डेविड वार्नर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली कैपिटल्स के भारतीय बल्लेबाजों पृथ्वी शॉ, सरफराज खान और यश धुल को आईपीएल 2023 में तेज गेंदबाजों के खिलाफ संघर्ष करना पड़ रहा है और उनके कप्तान डेविड वार्नर का कहना है कि युवा भारतीय बल्लेबाजों को उच्च स्तरीय गेंदबाजों के खिलाफ रन स्कोर करने के तरीके ढूंढने होंगे। गुरूवार को सरफराज और यश धुल अरुण जेटली स्टेडियम में कोलकाता नाईट राइडर्स के खिलाफ मैच में नहीं खेले। वे पिछले मैचों में बल्ले से संघर्ष करते नजर आये थे और तेज गेंदबाजी के खिलाफ उनकी कमजोरी सामने आयी थी। शॉ को दूसरी तरफ इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में लाया गया लेकिन वह 13 रन बनाने के बाद लेग स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की गेंद को स्टंप्स पर खेल गए। वार्नर ने मैच के बाद कहा, हमने इस पर ज्यादा चर्चा नहीं की है। आपको अपने कौशल पर भरोसा करना होगा। और मैं खिलाड़ियों को नहीं बता सकता कि उन्हें कैसे बल्लेबाजी करनी है। आपको यह खुद देखना होगा। यदि आपको 150 किमी प्रति घंटे की रफ़्तार की गेंदबाजी का सामना करना हो तो आपके पास स्कोर करने की तकनीक और तरीका होना चाहिए। सत्र की पहली जीत हासिल करने के लिए कोलकाता के खिलाफ 128 के लक्ष्य का पीछा करते हुए वार्नर ने अपना पुराना रौद्र रूप दिखाया और पॉवरप्ले में 25 गेंदों में 45 रन ठोक डाले। वह 41 गेंदों में 57 रन बनाकर आउट हुए। जिसके बाद अक्षर पटेल ने दिल्ली को चार गेंद शेष रहते जीत की मंजिल पर पहुंचाया।



## आईपीएल 2023 के लिए जियो सिनेमा के ब्रांड एंबेसडर बने रोहित शर्मा

**नई दिल्ली।** जियो सिनेमा ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के मौजूदा सीजन के लिए मुंबई इंडियंस के कैप्टन रोहित शर्मा को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। जियो सिनेमा के एक अधिकारी ने कहा, स्टार क्रिकेटर और भारतीय पुरुषों की टीम के कैप्टन रोहित शर्मा जियो सिनेमा के ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल हुए हैं। हम अपनी पेशकशों को बढ़ाते रहेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि डिजिटल स्ट्रीमिंग हमारे लाखों दर्शकों को एक अभिनव और अनूठा अनुभव प्रदान करे। जियो सिनेमा जल्द ही रोहित शर्मा के साथ प्रोमो और ऐड कैपेंन लेकर आएगा। जियो सिनेमा और मुंबई इंडियंस दोनों का स्वामित्व रिलायंस ग्रुप के पास है। जियो सिनेमा के पास डिजिटल राइट्स हैं, और स्टार स्पोर्ट्स के पास टीवी राइट्स हैं। दोनों ही आईपीएल को लेकर हाई-ऑक्टेन मार्केटिंग कैपेंन चला रहे हैं। वे दर्शकों और विज्ञापनदाताओं दोनों का अधिकतम ध्यान आकर्षित करने के लिए जमकर मेहनत कर रहे हैं।



# हैदराबाद ने चेन्नई को 135 रनों का दिया टारगेट



**एजेंसी। चेन्नई**

सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग-2023 का 29वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के लिए 135 रन का टारगेट दिया है। जवाब में चेन्नई ने 10 ओवर में बगैर नुकसान के 86 रन बना लिए हैं। डेवेन कॉन्वे और ऋतुराज गायकवाड क्रीज पर हैं। दोनों के बीच अर्धशतकीय साझेदारी हो चुकी है। डेवेन कॉन्वे छठे अर्धशतक के करीब हैं। 135 रन का टारगेट चेज करने उतरे डेवेन कॉन्वे और ऋतुराज गायकवाड ने चेन्नई को धमाकेदार शुरूआत दिलाई। दोनों ने शुरूआती छह ओवर में 60 रन जोड़े। कॉन्वे ने यानसेन के ओवर में 23 रन बटोरे। इस ओवर में चार चौके और एक सिक्स आया। चेपॉक स्टेडियम में चेन्नई ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 134 रन बना लिए हैं। ओपनिंग करने उतरे अभिषेक शर्मा 34 रन बनाकर आउट हुए। राहुल त्रिपाठी ने 21 रन का योगदान दिया। चेन्नई की ओर से रवींद्र जडेजा ने तीन विकेट लिए। आकाश सिंह, महीश तीक्षणा और मथीशा पथिराना ने एक-एक विकेट लिए।

# मो. सिराज इस समय दुनिया में सर्वश्रेष्ठ में से एक : कोच ग्रिफिथ



**एजेंसी। मोहाली**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के गेंदबाजी कोच एडम ग्रिफिथ ने तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की जमकर सराहना की है जिन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ बेंगलुरु की 24 रन की जीत में 21 रन पर चार विकेट लिए थे। ग्रिफिथ ने मैच विजयी गेंदबाजों के सन्दर्भ में सिराज को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ में से एक बताया। गुरूवार को मोहाली के आईएस बिंद्रा स्टेडियम में सिराज ने पॉवरप्ले और डैथ ओवरों में शानदार गेंदबाजी करते हुए आईपीएल का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और पंजाब की टीम 18.2 ओवर में 150 रन पर सिमट गयी। इस प्रदर्शन के साथ सिराज छह मैचों में 12 विकेट लेकर टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उनका औसत 13.41 और इकोनॉमी रेट 6.71 है।

ग्रिफिथ ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, वह इस समय दुनिया में सर्वश्रेष्ठ में से एक हैं यहां तक कि पिछले मैच, जिसमें 444 रन बने थे, में उन्होंने 30 रन ही दिए थे। वह न केवल पूरे टूर्नामेंट में शानदार गेंदबाजी कर रहे हैं बल्कि इससे पहले भी उन्होंने बेहतरीन गेंदबाजी की है।

उन्होंने कहा, आपने देखा होगा कि उन्होंने भारत के लिए अच्छी गेंदबाजी की है। वह ऐसे खिलाड़ी हैं जो नई गेंद के साथ लय तय करते हैं और यही कारण है कि इस टूर्नामेंट में बॉल के साथ हमारे पॉवरप्ले शानदार रहे हैं।

## तीरंदाजी विश्वकप में भारत 13 साल बाद फाइनल में

**अंताल्या।** भारतीय पुरुष रिकर्व टीम तीरंदाजी विश्वकप चरण एक के फाइनल में पहुंच गई है। भारत ने लगातार तीन जीत दर्ज कर यह मुकाम हासिल किया। भारत ने पहले जापान को 5-4, इसके बाद चीनी ताइपे और नौवीं वरीयता प्राप्त नीदरलैंड को समान 6-2 के अंतर से हराकर प्रवेश किया। इसके साथ ही भारतीय टीम नौ साल में पहली बार पुरुषों की रिकर्व टीम स्पर्धा के फाइनल में पहुंची है। अतनु दास, बी धीरज और तरुणदीप राय की भारतीय तिकड़ी रविवार को स्वर्ण पदक के मुकाबले में चीन से भिड़ेगी।

# एप्पल स्टोर लॉन्च होने के बाद मैच में दिखे टिम कुक



**एजेंसी। नई दिल्ली**

एप्पल के सीईओ टिम कुक गुरुवार को यहां अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) आईपीएल 2023 के मैच के दौरान कुछ क्रिकेट एक्शन का लुत्फ उठाते नजर आए। राष्ट्रीय राजधानी में एप्पल स्टोर का उद्घाटन करने के बाद कुक स्टेडियम में अचानक नजर आए। उन्हें बॉलीवुड अभिनेत्री सोनम कपूर, बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ के गणमान्य व्यक्तियों और अधिकारियों के साथ देखा गया। एप्पल के सीईओ देश में स्टोर खोलने के लिए भारत में हैं। दिल्ली से पहले कुक ने कुछ दिन पहले मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में भारत का पहला एप्पल स्टोर लॉन्च किया था।

### आईपीएल 2023 | दिल्ली कैपिटल्स के पहला अंक पाने पर गांगुली ने कहा-

# यह मेरा पहला टेस्ट जीतने जैसा है

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली ने कहा कि उनकी टीम द्वारा गुरुवार को आईपीएल के छह में से पहला मैच जीतना उनके पहला टेस्ट जीतने के समान है। उन्होंने कहा कि उनकी टीम के लड़के यह प्रयास कर रहे हैं कि वे बेहतर बल्लेबाजी कैसे कर सकते हैं। उनके गेंदबाजों के प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद कप्तान डेविड वार्नर के महत्वपूर्ण अर्धशतक (41 रन पर 57 रन) ने दिल्ली कैपिटल्स को सत्र की अपनी पहली जीत दिलाई। टीम ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को चार विकेट से पराजित किया। अक्षर पटेल (2/13), कुलदीप यादव (2/15), ईशांत शर्मा (2/19) और एनरिच नार्जे (2/20) की अच्छी गेंदबाजी के दम पर डीसी ने केकेआर को 20 ओवर में 127 रन पर समेट दिया। जवाब में, वार्नर ने डीसी को शानदार शुरूआत दी। हालांकि केकेआर के स्पिनरों ने बीच के ओवरों में बाजी पलट दी, लेकिन अंत में मेजबान टीम ने तीन गेंद



शेष रहते जीत हासिल कर ली। चार विकेट से जीत के बाद गांगुली ने कहा, मैं सोच रहा था कि यह मेरे पहले टेस्ट की तरह है, अपनी छाप छोड़ कर खुश हूं! हमने इस सीजन में अच्छी गेंदबाजी की है। हालांकि, वह अपनी टीम के बल्लेबाजी प्रदर्शन से पूरी तरह से खुश नहीं थे। उन्होंने कहा, ये अच्छी पिचें और तेज आउटफील्ड हैं, लेकिन समस्या बल्लेबाजी है। हमें खुद को देखने की जरूरत है कि हम कैसे बेहतर कर सकते हैं। नॉर्टजे ने शानदार प्रदर्शन किया है। इशांत शर्मा और मुकेश कुमार को देखकर अच्छा लगा। मैं यह नहीं कहूंगा कि यह एक अनुभवहीन लाइन-अप है, उनमें से कई लंबे समय से खेल रहे हैं।

## नितीश राणा ने दिल्ली से मिली हार की जिम्मेदारी ली



**कोलकाता** नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान नीतीश राणा ने आईपीएल 2023 में दिल्ली कैपिटल्स से मिली चार विकेट की हार की जिम्मेदारी ली है। उन्होंने कहा कि उन्हें क्रीज पर अधिक समय तक रुकना चाहिए था। बारिश की वजह से देरी से शुरू हुए मैच में, ईशांत शर्मा, एनरिक नार्जे, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव ने दो-दो विकेट लिए। दिल्ली ने कोलकाता को सिर्फ 127 रन पर आउट कर दिया। कोलकाता की ओर से राणा, वेंकटेश अय्यर, रिंकू सिंह और मनदीप सिंह ने कोई खास योगदान नहीं दिया। सिर्फ जैसन रॉय (43) और आंद्रे रसेल (38 नॉट आउट) ने थोड़ा बहुत योगदान दिया। मैच खत्म होने के बाद राणा ने कहा, हम 15-20 रन कम थे। हम जानते थे कि विकेट आसान नहीं है। मुझे और अधिक बल्लेबाजी करनी चाहिए थी, और उस समय मेरा विकेट महत्वपूर्ण था। मैं इसकी जिम्मेदारी लेता हूं; मुझे वहां खड़ा रहना चाहिए था। जवाब में, कोलकाता के गेंदबाज, मुख्य रूप से स्पिनर वरुण चक्रवर्ती, अनुकुल रॉय और राणा ने खेल को अंतिम ओवर तक पहुंचाया।

